www.epaper.azadsipahi.in

* ओड़िशा संस्करण


17 जुलाई, 2025
श्रावण, कृष्ण पक्ष, सप्तमी
संवत 2082
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा


# आजाद सिपाही

रांची
गुरुवार, वर्ष 10, अंक 267


एनसीईआरटी की किताब में मुगल काल की नयी समीक्षा









# प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना को सरकार से मंजूरी

## 1.7 करोड़ किसानों को होगा फायदा

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** मोदी सरकार की कैबिनेट बैठक में बुधवार को तीन अहम फैसले लिये गये हैं। इनमें से एक किसानों के हित में लिया गया फैसला है। कैबिनेट मीटिंग में 'प्रधानमंत्री धन धान्य कृषि योजना' को मंजूरी दी गयी। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 24,000 करोड़ रुपये के सालाना के खर्च के साथ पीएम धन-धान्य कृषि योजना को मंजूरी दी, इसमें 36 योजनाओं को शामिल किया जायेगा।

बता दें कि बजट 2025 के दौरान इस योजना की घोषणा की गयी थी। सरकार की इस योजना के तहत 1.7 करोड़ किसानों की फसल प्रोडक्टिविटी को मदद मिलेगी। यह योजना खेती को आधुनिक बनायेगी और किसानों की आमदनी बढ़ाने में मदद करेगी। इस योजना के तहत उन किसानों को फायदा होगा, जिनके राज्यों में फसल की पैदावार कम होती है।

**100 जिलों में शुरू की जायेगी योजना:** प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना कम फसल प्रोडक्टिविटी वाले 100 जिलों में शुरू की जायेगी। इस योजना का उद्देश्य खेती में नयी टेक्नोलॉजी को बढ़ावा देना है और फसल डायवर्सिफिकेशन लाना है। इसके अलावा, पंचायत और प्रखंड स्तर पर उपज भंडारण बढ़ाना, सिंचाई की सुविधाओं में सुधार करना और लंबी अवधि और छोटी अवधि लोन की उपलब्धतता सुगम बनाना है। इस कार्यक्रम से 1.7 करोड़ किसानों को मदद मिलने की संभावना है।





### 24,000 करोड़ रुपये का आवंटन किया जायेगा

सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने निर्णय की जानकारी देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना फसल कटाई के बाद भंडारण क्षमता बढ़ायेगी, सिंचाई सुविधाओं में सुधार करेगी और कृषि उत्पादकता को बढ़ायेगी। इस योजना के लिए सालाना 24,000 करोड़ रुपये का आवंटन किया जायेगा। छह साल तक चलने वाली इस योजना के दायरे में देश के 100 जिले शामिल किये जायेंगे।

### रिन्यूएबल एनर्जी सेक्टर में निवेश पर भी फैसला

प्रधानमंत्री धन धान्य कृषि योजना की मंजूरी के अलावा कैबिनेट ने सोलर, विंड और ग्रीन हाइड्रोजन परियोजनाओं में निवेश बढ़ाने के लिए एनटीपीसी की सहायक कंपनी एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड में 20,000 करोड़ रुपये की इक्विटी निवेश को मंजूरी दे दी है। अब तक, एनटीपीसी ने एनजीइएल में 7,500 करोड़ रुपये का निवेश किया है। ग्रीन एनर्जी पोर्टफोलियो में वर्तमान में 6 गीगावाट की परिचालन क्षमता और 26 गीगावाट निर्माणाधीन क्षमता शामिल है। 2032 तक इसे 60 गीगावाट तक पहुंचाने का लक्ष्य है। यह निवेश नेवेली लिग्नाइट कॉर्पोरेशन (एनएलसी) की पूर्ण स्वामित्व वाली शाखा, एनएलसी इंडिया रिन्यूएबल्स लिमिटेड (एनआईआरएल) को सहायता प्रदान करेगा।

# जोहार योजना से कांके की महिलाओं ने किया 170 करोड़ रुपये का कारोबार

## हेमंत सोरेन और विश्व बैंक ने सराहा





आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने झारखंड की महिलाओं की आर्थिक सशक्तिकरण यात्रा को लेकर सोशल मीडिया पर एक प्रेरक संदेश साझा किया है। उन्होंने लिखा कि झारखण्ड की मेरी माताएं-बहनें आज सशक्त हो आगे बढ़ रही हैं। आप सभी आगे बढ़ते रहें, आपका यह बेटा और भाई हमेशा आपके साथ हैं।

**विश्व बैंक ने योजना को महत्वपूर्ण बताया:** विश्व बैंक ने सोशल मीडिया पर लिखा कि आज, हम अपने व्यवसाय के हर पहलू को समझते हैं, मुनाफे के मार्जिन से लेकर बाजार के रुझानों तक। हमने साथ मिलकर बातचीत करना सीख लिया है और जानते हैं कि हमें कम पर समझौता नहीं करना है। जोहार के तहत कांके के उत्पादक समूह की अध्यक्ष आशा देवी से मिलिये, जो झारखंड की ग्रामीण अर्थव्यवस्था को बदलने वाली हजारों महिलाओं में से एक हैं। जोहार योजना झारखंड की ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर और संगठित बनाकर आर्थिक गतिविधियों में निर्णायक भूमिका देने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

### 21 महिला उत्पादक समूहों ने कारोबार किया : हेमंत

मुख्यमंत्री ने अपने सोशल मीडिया पर 'जोहार' योजना की सफलता का भी उल्लेख किया, जो वर्ल्ड बैंक के सहयोग से राज्य सरकार द्वारा चलायी जा रही है। उन्होंने बताया कि सिर्फ चार वर्षों में इस योजना के तहत गठित 21 महिला उत्पादक समूहों ने लगभग 170 करोड़ रुपये का कारोबार कर दिखाया है। उन्होंने कांके की आशा देवी का उदाहरण देते हुए कहा कि आज महिलाएं न सिर्फ खेती-बाड़ी और उत्पादक कार्यों में दक्ष हो रही हैं, बल्कि मुनाफा, बाजार और सौदेबाजी की बारीकियों को भी समझने लगी हैं।






# भारत पर 100 फीसदी टैरिफ लगाने की नाटो ने दी धमकी

कहा, भारत के प्रधानमंत्री हों या चीनी राष्ट्रपति, रूस को जंग रोकने को कहें, वरना नतीजा भुगतना होगा

एजेंसी

**ब्रसेल्स।** नाटो ने भारत, चीन और ब्राजील पर 100 फीसदी टैरिफ लगाने की धमकी दी है। नाटो महासचिव मार्क रूट ने बुधवार को कहा कि अगर आप चीन के राष्ट्रपति, भारत के प्रधानमंत्री या ब्राजील के राष्ट्रपति हैं, तो आपको यह समझना होगा कि रूस के साथ व्यापार जारी रखने का भारी नुकसान हो सकता है। रूट ने बुधवार को अमेरिकी सीनेटरों से मुलाकात के बाद पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि इन तीनों देशों को रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन पर दबाव डालना चाहिये, ताकि वह शांति वार्ता को गंभीरता से लें। रूट ने तीनों देशों पर सेकेंडरी प्रतिबंध लगाने की भी धमकी दी है। उन्होंने कहा कि अगर ये देश रूस से तेल और गैस खरीदना जारी रखते हैं तो इन देशों पर 100 फीसदी सेकेंडरी प्रतिबंध लगाये जायेंगे।



### अपनी नीतियां नहीं बदलेंगे: रूस

रूसी उप विदेश मंत्री सर्गेई रियाबकोव ने अमेरिका और नाटो की धमकियों को खारिज किया। उन्होंने कहा कि रूस ट्रम्प के साथ बातचीत के लिए तैयार है, लेकिन इस तरह के अल्टीमेटम मंजूर नहीं हैं। रियाबकोव ने कहा कि रूस आर्थिक दबाव के बावजूद अपनी नीतियां नहीं बदलेगा और ऑप्शनल बिजनेस रूट तलाशेगा।











# बोकारो मुठभेड़ : पांच लाख के इनामी कुंवर मांझी सहित दो नक्सली ढेर

कोबरा बटालियन का जवान शहीद

आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो/ललपनिया।** बोकारो जिले के गोमिया के जागेश्वर विहार थाना अंतर्गत बिरहोरडेरा के जंगल में आज बुधवार की सुबह पुलिस और भाकपा माओवादी संगठन के बीच मुठभेड़ हुई। मुठभेड़ में सुरक्षाबलों ने पांच लाख के इनामी नक्सली कुंवर मांझी सहित दो नक्सलियों को मार गिराया। मुठभेड़ में कोबरा 209 बटालियन का एक जवान भी गंभीर रूप से घायल हो गया। इलाज के लिए अस्पताल ले जाने के क्रम में जवान शहीद हो गये। दोनों नक्सलियों के शव को सुरक्षा बल ने बरामद कर लिया है। मुठभेड़ में मारे गये एक नक्सली की पहचान झारखंड के हार्डकोर नक्सली कुंवर मांझी के रूप में हुई है।

**सुबह पांच बजे हुआ आमना-सामना:** बोकारो एसपी हरविंदर सिंह को इंटेलिजेंस इनपुट के माध्यम से सूचना मिली थी कि क्षेत्र में नक्सलियों की मूवमेंट हो रही है। खुफिया सूचना पर पुलिस ने बुधवार के अहले सुबह बिरहोरडेरा के जंगली क्षेत्र में सर्च अभियान शुरू किया। सुबह लगभग पांच बजे सुरक्षा बल और नक्सलियों का आमना-सामना हुआ। इसके बाद दोनों ओर से गोलीबारी शुरू हो गयी।




### एके-47 राइफल बरामद, सर्च अभियान जारी

सर्च अभियान के दौरान सुरक्षाबलों ने दोनों मृतक नक्सलियों के शव को बरामद कर लिया है। इनमें से एक नक्सली वर्दी में था, जबकि दूसरा सामान्य कपड़ों में था। घटनास्थल से मैगजीन सहित एक एके-47 राइफल और दैनिक उपयोग की वस्तुएं भी बरामद की गयी हैं। पुलिस के मुताबिक कुंवर मांझी के विरुद्ध बोकारो जिला में 21 और हजारीबाग जिला में सात मामले दर्ज है। इलाके में नक्सलियों के खिलाफ सर्च अभियान अभी भी जारी है। पुलिस सर्च अभियान चला कर अन्य नक्सलियों की तलाश कर रही है।

# हाइकोर्ट के नये मुख्य न्यायाधीश तरलोक सिंह 23 जुलाई को लेंगे शपथ



**रांची (आजाद सिपाही)।** झारखंड के नये मुख्य न्यायाधीश तरलोक सिंह 23 जुलाई को सुबह 10 बजे शपथ लेंगे। हाइकोर्ट की ओर से राजभवन को भेजी गयी जानकारी के बाद शपथ ग्रहण समारोह की तैयारियां शुरू हो गयी हैं। बता दें कि सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश की अनुशंसा पर राष्ट्रपति ने हिमाचल प्रदेश हाइकोर्ट के न्यायाधीश तरलोक सिंह को झारखंड हाइकोर्ट का मुख्य न्यायाधीश नियुक्त किया है। इस संबंध में केंद्र सरकार ने 14 जुलाई को गजट अधिसूचना जारी कर दी थी।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
200000 Subscribers
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

आजाद सिपाही
रांची, गुरुवार, 17 जुलाई, 2025
www.azadsipahi.in


# बिहार चुनाव में इस बार खूब गरम हो रहा है 'दारू पॉलिटिक्स'

## ■ प्रशांत किशोर ने सत्ता मिलने पर एक घंटे में शराबबंदी खत्म करने का वादा किया

## ■ तेजस्वी यादव ताड़ी बेचने पर लगे प्रतिबंध को हटाने की बात कह साध रहे वोट बैंक

## ■ पहली बार किसी चुनाव में शराब जैसे मुद्दे को भी भुनाने में लग गये हैं राजनीतिक दल

**आजाद सिपाही विशेष**

बिहार के आसन्न विधानसभा चुनाव के मद्देनजर सियासी गतिविधियां चरम पर हैं, तो चुनावी मुद्दे भी तेजी से तय हो रहे हैं। पूरी दुनिया में जाति आधारित राजनीति के लिए चर्चित बिहार में अन्य मुद्दों के अलावा इस बार शराब भी एक मुद्दा बन गया है। राज्य में 'दारू पॉलिटिक्स' की खूब चर्चा हो रही है। केंद्र सरकार ने जाति जनगणना कराने का फैसला किया, तो उम्मीद की गयी थी कि बिहार चुनाव में इसकी सबसे ज्यादा चर्चा होगी, एनडीए के नेता अपने को पिछड़ों, दलितों, वंचितों का हमदर्द बता कर चुनाव प्रचार में जायेंगे। लेकिन जाति के अलावा इस बार सबसे बड़ा मुद्दा शराब का होगा। बिहार चुनाव की घोषणा से पहले प्रशांत किशोर और तेजस्वी यादव यानी विपक्ष के दोनों बड़े नेताओं ने शराबबंदी को मुद्दा बना दिया है। प्रशांत किशोर ने 2016 में नीतीश कुमार सरकार द्वारा लागू शराबबंदी को बेकार बताते हुए सत्ता मिलने पर एक घंटे में इसे खत्म करने की बात कही है, तो तेजस्वी यादव ने पासी समाज का वोट हासिल करने के लिए ताड़ी की बिक्री पर लगी रोक को हटाने का वादा किया है। उन्होंने घोषणा की कि उनकी सरकार बनी, तो ताड़ी को शराबबंदी से बाहर करेंगे और ताड़ी बेचने को नियमित करेंगे यानी उद्योग का दर्जा देंगे। प्रशांत किशोर ने इसका समर्थन किया और कहा कि तेजस्वी एक कदम आगे बढ़े हैं। यह पहली बार है, जब किसी चुनाव में शराब की इतनी चर्चा हो रही है और इस पर वोट मांगे जा रहे हैं। क्या है बिहार की 'दारू पॉलिटिक्स' और क्या हो सकता है इसका असर, बता रहे हैं **आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**




राकेश सिंह

बिहार विधानसभा चुनाव के मद्देनजर लगातार गरमाते सियासी माहौल में इस बार शराब भी घुलती जा रही है। राज्य में शराबबंदी राजनीतिक बहस का बड़ा मुद्दा बनता जा रहा है। 2016 में नीतीश कुमार ने राज्य में शराबबंदी लागू कर ऐतिहासिक कदम उठाया था और इसकी बदौलत हासिल लोकप्रियता ने उन्हें 'सुशासन बाबू' के रूप में स्थापित किया था। नीतीश कुमार को केवल शराबबंदी के लिए बिहार की महिलाओं का जबरदस्त समर्थन मिला था, लेकिन इस बार वही शराबबंदी नीति पर झकझूमर चल रहा है। बिहार की सत्ता के दोनों प्रमुख दावेदार, राजद नेता तेजस्वी यादव और चुनावी रणनीतिकार का पेशा छोड़ राजनीति के मैदान में उतरे प्रशांत किशोर ने शराबबंदी की कड़ी आलोचना की है। प्रशांत किशोर ने कहा है कि बिहार में उनकी पार्टी जन सुराज की सरकार बनी, तो एक घंटे में शराबबंदी हटा देंगे। उधर तेजस्वी यादव ने कहा है कि वह ताड़ी को शराबबंदी के दायरे से बाहर करेंगे।

### प्रशांत किशोर ने शराबबंदी कानून खत्म करने का वादा किया

चुनावी रणनीतिकार से राजनीतिक मैदान में आनेवाले पीके, यानी प्रशांत किशोर ने साफ कहा है कि उनकी सरकार बनने पर एक घंटे में बिहार से शराबबंदी कानून को खत्म कर दिया जायेगा। यह बात उन्होंने अपनी राज्यव्यापी पदयात्रा के दौरान कई बार कही और अब भी लगातार कह रहे हैं। उनकी अपनी दलील है। उनका कहना कि बिहार में शराब दुकानों पर ताला लगा है, लेकिन शराब की होम डिलीवरी हो रही है। एक सौ रुपये वाली शराब के लिए तीन सौ रुपये देने पड़ रहे हैं। ऐसे में इसे खत्म किया जायेगा, ताकि लोगों को सही कीमत पर शराब उपलब्ध हो सके। पीके का कहना है कि शराबबंदी से बिहार जैसे राज्य को 20 हजार करोड़ रुपये के राजस्व का नुकसान हुआ है। शराबबंदी के बाद यह रकम शराब माफिया, भ्रष्ट अधिकारियों और कारोबारियों की जेब में जा रहा है, जबकि इस कानून के कारण डेढ़ लाख से अधिक लोग जेल में बंद हैं।



### तेजस्वी ने ताड़ी पर से प्रतिबंध हटाने का वादा किया

दूसरी तरफ नेता प्रतिपक्ष और महागठबंधन के नेता तेजस्वी यादव ने भी शराबबंदी कानून का कड़ा विरोध किया था। उन्होंने शराबबंदी कानून के दुरुपयोग किये जाने और इसे निष्प्रभावी करार दिया। उनका कहना है कि इस कानून का उपयोग अब पुलिस और भ्रष्ट ताकतों द्वारा वसूली के लिए किया जा रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया था कि अगर उनकी सरकार बनी, तो ताड़ी को इस कानून के दायरे से बाहर कर दिया जायेगा, लेकिन शराबबंदी बनी रहेगी। तेजस्वी यादव ने ताड़ी को गरीबों की पारंपरिक आजीविका का हिस्सा बताते हुए कहा था कि इसे प्रतिबंधित करने का कोई औचित्य नहीं है।

### महागठबंधन में शराबबंदी पर मतभेद

शराबबंदी के मुद्दे पर महागठबंधन के भीतर भी अलग-अलग सुर नजर आ रहे हैं। तेजस्वी यादव जहां केवल ताड़ी को शराबबंदी कानून से बाहर करने की बात कर रहे हैं, वहीं कांग्रेस पूरी शराबबंदी खत्म करने की वकालत कर रही है। हम पार्टी के अध्यक्ष जीतनराम मांझी पहले भी शराबबंदी कानून को खत्म करने की मांग कर चुके हैं। पूर्व मुख्यमंत्री जीतनराम मांझी भी कई बार शराबबंदी के खिलाफ बयान दे चुके हैं। उनका मानना है कि इस कानून से गरीबों को सबसे ज्यादा परेशानी हुई है, जबकि अमीर चोरी-छिपे शराब खरीद रहे हैं।

### बिहार के लोगों का मिजाज

शराबबंदी पर बिहार के आम लोगों का मिजाज विभाजित नजर आता है। राज्य के मतदाताओं का एक बड़ा तबका शराबबंदी के पक्ष में नजर तो आता है, लेकिन इसके लिए बनाये गये कानून से पूरी तरह सहमत नहीं है। उत्तर और मध्य बिहार में शराबबंदी के कानून को पूरी सख्ती से लागू किया गया है। इससे लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा है। लेकिन दूसरी तरफ महिलाएं और बुजुर्ग शराबबंदी के पक्ष में हैं। उनका कहना है कि नीतीश कुमार ने बिहार को एक बड़े अभिशाप से मुक्त कर दिया है और इस पर दोबारा विचार करने की जरूरत नहीं है। महिलाएं तो कह रही हैं कि शराबबंदी से उनका घर टूटने से बच गया है। ऐसे में यदि शराबबंदी खत्म की जाती है, तो बिहार में सामाजिक अशांति फैल जायेगी।

### आगामी चुनाव में शराबबंदी का असर

बिहार की सत्ता के दावेदारों के बीच शराबबंदी के मुद्दे पर छिड़ी बहस के बीच यह जानना दिलचस्प है कि आखिर चुनाव में यह मुद्दा कितना प्रभावी होगा। राजनीति के जानकारों का कहना है कि शराबबंदी को चुनावी मुद्दा बनाने या इसे खत्म करने का वादा कर तात्कालिक लाभ तो मिल सकता है, लेकिन लंबी अवधि में इसका बड़ा नुकसान पूरे बिहार को उठाना होगा। इसलिए बेहतर यही होगा कि इस मुद्दे को छुआ ही नहीं जाये।

---

### अन्नपूर्णा देवी ने केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान को लिखा पत्र, कहा

# झारखंड में लंबित आवासों को जल्द मिले स्वीकृति

आजाद सिपाही संवाददाता



**कोडरमा।** भारत सरकार की महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने बुधवार को केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान को पत्र लिखा। इस पत्र के जरिये प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अंतर्गत झारखंड राज्य के शेष पात्र लाभार्थियों को शीघ्र आवास उपलब्ध कराने का अनुरोध किया है। उन्होंने अपने पत्र में ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा इस महत्वाकांक्षी योजना को प्रभावशाली ढंग से लागू करने हेतु आभार व्यक्त किया और कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देशभर में लाखों जरूरतमंद परिवारों को पक्के घर मिलने से उनका जीवन सुरक्षित, सम्मानजनक और आश्वस्त हुआ है। अन्नपूर्णा देवी ने जानकारी दी कि आवास प्लस 2018 की सूची के अनुसार झारखंड राज्य में कुल 8,15,210 आवासों का लक्ष्य निर्धारित किया गया था, जिनमें से अब तक लगभग 2,22,069 पात्र परिवारों को आवास की सुविधा नहीं मिल सकी है। उन्होंने आग्रह किया कि इन लंबित आवासों को प्राथमिकता के साथ स्वीकृति प्रदान की जाये। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि भारत सरकार द्वारा वर्ष 2024-25 के बजट में ग्रामीण क्षेत्रों में 2 करोड़ अतिरिक्त आवासों के निर्माण का जो लक्ष्य निर्धारित किया गया है, वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के मंत्र को साकार करने की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल है।

उन्होंने कहा यदि झारखंड के इन शेष लाभार्थियों को शीघ्र आवास स्वीकृत किये जाते हैं, तो इससे न केवल राज्य के लाखों लोगों का जीवन सरल और सुरक्षित होगा, बल्कि प्रधानमंत्री का 'हर परिवार को गरिमामय आवास' देने का विजन 'सबका घर' भी पूर्ण रूप से फलीभूत होगा।

---

### पूर्णिया पहुंचे झारखंड के शिक्षा मंत्री और राजमहल सांसद, कहा

# साजिश के तहत हुई पांच आदिवासियों की हत्या

**पीड़ित परिवारों को सूखा राशन, कपड़ा और आर्थिक सहयोग प्रदान किया**

कार्तिक कुमार



**पाकुड़।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के निर्देश पर झारखंड सरकार में शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन, राजमहल संसदीय सीट से सांसद विजय हांसदा, झामुमो के केंद्रीय सचिव सह प्रवक्ता पंकज मिश्रा सहित पार्टी के कई पदाधिकारी बुधवार को पूर्णिया पहुंचे। पिछले दिनों पूर्णिया में एक आदिवासी परिवार के पांच सदस्यों को जिंदा जलाये जाने की घटना की जांच करने पहुंच, पीड़ित परिवारों से मिले। पूर्णिया के टेट गामा गांव में पहुंचे मंत्री, सांसद पीड़ित परिवारों से मिल पिछले दिनों हुई घटना की विस्तृत जानकारी ली। पीड़ित परिवारों को मंत्री और सांसद, केंद्रीय प्रवक्ता ने उन्हें सुखा राशन, कपड़ा और अधूरे मकान को बनाने के लिए आर्थिक सहयोग भी प्रदान किया। कहा कि भविष्य में भी परिवार को सहयोग झारखंड सरकार की तरफ से मिलता रहेगा। पीड़ित परिवारों से मिलने के बाद मंत्री रामदास सोरेन, सांसद विजय हांसदा, झामुमो केंद्रीय सचिव और प्रवक्ता पंकज मिश्रा ने बिहार सरकार और पूर्णिया पुलिस की भूमिका पर सवाल खड़ा करते हुए कहा है कि बिहार सरकार की कानून व्यवस्था भाजपा ही चला रही है। इतनी नृशंस हत्या कभी नहीं हुई थी, जिसमें एक जगह मारा गया और दूसरे जगह जलाया गया और तीसरे जगह फेंका गया। आखिर पूर्णिया पुलिस क्या कर रही है। उन्होंने कहा कि यह कोई आकस्मिक घटना नहीं थी, बल्कि चार-पांच घंटे तक यह वारदात होती रही और बिहार पुलिस खासकर पूर्णिया पुलिस चुप बैठी रही। यह सुनियोजित साजिश के तहत हमारे आदिवासी लोगों की हत्या हुई है, पूरी घटना की उच्च स्तरीय जांच होनी चाहिए। बिहार में भाजपा गठबंधन की सरकार पूरी तरह फेल नजर आ रही है। पूर्णिया में आदिवासी परिवार के पांच लोगों को जिंदा जलाया गया, लेकिन बिहार के मुख्यमंत्री नितीश कुमार ने सुध तक लेना मुनासिब नहीं समझा। आदिवासी समाज को भाजपा अपना वोट बैंक समझती हैं।

---

# झारखंड के जिला परिवहन कार्यालयों में तबादला नीति का उल्लंघन, कई वर्षों से एक ही कुर्सी पर जमे हैं बाबू

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड के विभिन्न जिलों के परिवहन कार्यालयों में तबादला नीति का खुल्लम-खुल्ला उल्लंघन हो रहा है। इसका नतीजा यह हुआ है कि इन कार्यालयों के बाबू एक ही कुर्सी पर पिछले कई वर्षों से जमे हुए हैं। यह मामला इन दिनों चर्चा में है।

**सूची से हुआ खुलासा :** विभाग द्वारा कुछ दिन पहले एक सूची तैयार की गयी थी। इसमें 15 वैसे बाबुओं के नाम हैं, जो 30 जून, 2024 तक पांच साल से अधिक समय से एक ही कार्यालय में पदस्थापित हैं। सूची के अनुसार ओम प्रकाश 28 जुलाई 2020 से रांची के जिला परिवहन कार्यालय में जमे हैं। वह 31 दिसंबर 2029 को रिटायर करेंगे। इसी तरह धान सिंह पूर्ति 18 जनवरी 2018 से रांची में कार्यरत हैं। जमशेदपुर कार्यालय में अमित कुमार, पवन कुमार गुप्ता और राम विनय प्रसाद जैसे कर्मचारी वर्षों से तैनात हैं।

हजारीबाग कार्यालय में विपिन कुमार 2019 से कार्यरत हैं। गिरिडीह, दुमका, चाइबासा सहित अन्य जिलों में भी स्थिति कुछ अलग नहीं है।

**क्या कहती है नियमावली**

सरकार की तबादला नीति के अनुसार किसी भी कर्मचारी को अधिकतम तीन वर्ष तक ही एक जगह पदस्थ रहना चाहिए। इसके बाद तबादला अनिवार्य है, ताकि पारदर्शिता और निष्पक्षता बनी रहे। लेकिन इस मामले में नियमों की खुलेआम अवहेलना हो रही है।

---

# अब दलमा में कांवरियों से नहीं लिया जायेगा प्रवेश शुल्क

**वन विभाग का फैसला, भाजपा ने बताया आस्था की जीत**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची/जमशेदपुर।** जमशेदपुर के दलमा वाइल्ड लाइफ सेंचुरी की पहाड़ी पर मौजूद शिवलिंग पर जलार्पण के लिए आने वाले कांवरियों से अब प्रवेश शुल्क नहीं वसूला जायेगा। वन विभाग ने इस बाबत फैसला लिया है। जमशेदपुर के डीएफओ सबा आलम ने इसकी घोषणा की है। उन्होंने कहा कि यह आस्था का मामला है। लिहाजा, अफवाहों पर ध्यान नहीं देना चाहिए। दलमा सेंचुरी के सभी वन कर्मी श्रद्धालुओं का ख्याल रखने में कोई कमी नहीं होने दी जायेगी। इधर, भाजपा ने सरकार के फैसले को सनातनियों की आस्था का जीत बताया है। भाजपा प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने कहा कि दलमा पहाड़ पर शिव मंदिर में जल चढ़ाने आने वाले श्रद्धालुओं पर लगाये गये टैक्स को सरकार ने वापस ले लिया है। सरकार के तुगलकी फरमानों के खिलाफ संघर्ष जारी रहेगा।

इससे पहले प्रतुल शाहदेव ने श्रद्धालुओं से प्रवेश शुल्क वसूली की तुलना मुगलों के जजिया टैक्स से की थी। उन्होंने कहा था कि हजारों फीट की ऊंचाई पर स्थित दलमा बाबा का शिव मंदिर बिहार, झारखंड, बंगाल और ओडिशा के लाखों श्रद्धालुओं के लिए सावन में आस्था का केंद्र होता है। पैदल चलने वालों पर भी सावन के महीने में सरकार ने टैक्स लगाकर अपने तुष्टिकरण की नीति दिखा दी है।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
200000 Subscribers
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel


वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
| --- | --- | --- |
| रांची | 28.6 °c | 22.6 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 18.36 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 05.12 बजे |



# सांसद आदित्य साहू ने सीएम हेमंत से शिबू सोरेन का हाल जाना

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** भाजपा प्रदेश महामंत्री एवं सांसद आदित्य साहू ने बुधवार को नयी दिल्ली में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात की। सांसद और झामुमो के संरक्षक शिबू सोरेन के स्वास्थ्य की जानकारी ली, कुशलक्षेम जाना।

गौरतलब है कि स्वास्थ्य कारणों से शिबू सोरेन सर गंगाराम अस्पताल में दो सप्ताह से अधिक समय से भर्ती हैं। इस स्थिति में सीएम, उनके छोटे भाई बसंत सोरेन सहित परिवार के अन्य सदस्य दिल्ली में जमे हुए हैं। पक्ष, विपक्ष के नेता लगातार हेमंत से मिलकर उनके पिता के स्वास्थ्य की जानकारी ले रहे हैं।

आदित्य साहू के साथ हेमंत से भेंट करने वालों में भाजपा के प्रदेश महामंत्री मनोज सिंह, विधायक शशिभूषण मेहता, प्रदीप प्रसाद, पूर्व विधायक अनंत कुमार ओझा, प्रदेश मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक, सह मीडिया प्रभारी योगेंद्र प्रताप सिंह, वरिष्ठ नेता शैलेंद्र सिंह, मनोज दुबे भी शामिल थे।




भाकृअनुप-केन्द्रीय चावल अनुसंधान संस्थान
कटक (ओडिशा)-753006, भारत
ICAR-CENTRAL RICE RESEARCH INSTITUTE
CUTTACK (ODISHA)-753006, INDIA
विज्ञापन संख्या / Advertisement No.: 17/YP-I/2025-26 दिनांक / Date: 16.07.2025
प्रत्यक्ष साक्षात्कार हेतु सूचना / Notice for walk-in-Interview
प्रधान अन्वेषक, ईएपी-411 योजना के तहत सभी योग्य उम्मीदवारों को एक (01) यंग प्रोफेशनल-I के चयन हेतु को भाकृअनुप-कें.चा.अनु.सं., कटक, ओड़िशा में प्रत्यक्ष साक्षात्कार हेतु आमंत्रित करते है। अधिक जानकारी के लिए कृपया भाकृअनुप-कें.चा.अनु.सं., की वेबसाइट: https://icar-crri.in/walk-in-interview-3/ पर जाएं।
PI of the project EAP-411, invites all the eligible candidates for walk-in-Interview for the post of one (01) Young Professional-I (YP-I) at ICAR-CRRI, Cuttack, Odisha. For further details please visit to ICAR-CRRI website: https://icar-crri.in/walk-in-interview-3/.
प्रधान अन्वेषक / PRINCIPAL INVESTIGATOR


# भाजपा शासित राज्यों में महिलाओं के खिलाफ बढ़ा अत्याचार : सुप्रियो

**भाजपा अब भारतीय जनता पार्टी नहीं, बल्कि बेटी जलाओ पार्टी बन चुकी है**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** ओड़िशा के फकीर मोहन स्वशासी महाविद्यालय में छात्रा सौम्यश्री बीसी की आत्महत्या के बाद देशभर में आक्रोश फैल गया है। झामुमो ने इस मामले को लेकर केंद्र और ओड़िशा की भाजपा सरकार पर निशाना साधा है। बुधवार को रांची स्थित झामुमो कैंप कार्यालय में प्रेस कांफ्रेंस कर केंद्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि देश एक बार फिर शर्मसार हुआ है। उन्होंने आरोप लगाया कि जिस बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ के नारे के साथ भाजपा सत्ता में आयी थी, वह अब पूरी तरह खोखला साबित हो चुका है। इसके साथ ही, भाजपा अब भारतीय जनता पार्टी नहीं, बल्कि बेटी जलाओ पार्टी बन चुकी है। उन्होंने सौम्यश्री के मामले का हवाला देते हुए कहा कि कॉलेज के एक शिक्षक के खिलाफ न केवल सौम्यश्री ने, बल्कि कुल 10 छात्रों ने यौन उत्पीड़न की शिकायत की थीं। इसके बावजूद कॉलेज प्रशासन और प्रिंसिपल ने कोई कार्रवाई नहीं की। उल्टा छात्रा को ही दोषी ठहराया गया, जिससे आहत होकर उसने आत्महत्या जैसा कदम उठा लिया। सुप्रियो ने कहा कि घटना के बाद देश के शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ओड़िशा तो पहुंचे, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गयी। उन्होंने हाथरस, राजस्थान, उत्तर प्रदेश और पहलवानों के मामले का उदाहरण देते हुए कहा कि भाजपा जहां-जहां सत्ता में है, वहां महिलाओं की सुरक्षा खतरे में पड़ जाती है। उन्होंने पूर्व गृह राज्य मंत्री चिन्मयानंद के यौन उत्पीड़न मामले की याद दिलाते हुए कहा कि ऐसे मामलों में भाजपा नेताओं को संरक्षण देना आम बात हो गयी है। सुप्रियो ने कहा प्रधानमंत्री खामोश हैं, और समाज आज यह सोचने पर मजबूर है कि जिस भी राज्य में भाजपा की सरकार है। वहां बहन-बेटियों की सुरक्षा आखिर कौन करेगा। भाजपा के दोहरे चरित्र को देश अब पहचान चुका है।



# झारखंड में शोषण पर मौन, ओड़िशा पर शोर : अजय साह

**झामुमो शर्मनाक ढंग से सियासी रोटियां सेंकने में जुट गया है**

**कोलकाता के आरजे कर मेडिकल कॉलेज की घटना पर झामुमो चुप रहा**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झामुमो की प्रेस वार्ता पर भाजपा ने तीखी प्रतिक्रिया देते हुए उसे गिद्ध राजनीति का उदाहरण करार दिया है। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता अजय साह ने कहा कि झामुमो अब अपनी नैतिकता और संवेदनशीलता दोनों खो चुका है और चुनिंदा घटनाओं पर शर्मनाक ढंग से सियासी रोटियां सेंकने में जुट गया है। अजय साह ने कहा कि झामुमो अब घिनौनी सेलेक्टिव पॉलिटिक्स पर उतर चुका है, जहां पार्टी की आंखें और जुबान तब बंद रहती हैं जब अपराधी उनके गठबंधन से होते हैं, लेकिन जैसे ही भाजपा शासित राज्य में कोई दुर्भाग्यपूर्ण घटना घटती है, वे गिद्ध की तरह मौके पर राजनीति करने आ धमकते हैं। उन्होंने याद दिलाया कि कोलकाता के आरजे कर मेडिकल कॉलेज में जब छात्र बलात्कार की घटना के बाद आंदोलित थे, तब झामुमो की पूरी लीडरशिप चुप थी और जब कोलकाता लॉ कॉलेज में इंडी गठबंधन के छात्र नेता पर गैंगरेप का गंभीर आरोप लगा, तब भी झामुमो ने एक शब्द नहीं बोला। अजय साह ने तंज कसते हुए कहा कि क्या झामुमो के लिए अपराध की गंभीरता अपराधी की पार्टी पहचान देखकर तय होती है? साह ने कहा कि जो पार्टी झारखंड को बर्बाद कर चुकी है, वह अब उन राज्यों की घटनाओं पर सियासत करने में लगी है जहां उसकी कोई जवाबदेही नहीं है। उन्होंने कहा कि पलामू के शेल्टर होम में नाबालिग लड़की ने खुलेआम आरोप लगाया कि एक अधिकारी उसे खुश करने का दबाव बना रहा था, लेकिन पूरा सरकारी सिस्टम उस अधिकारी को बचाने में जुट गया। लातेहार स्कूल में हुई यौन शोषण की घटना को लेकर भी भाजपा ने सरकार पर हमला बोला। साह ने कहा कि तीन दिन बीतने के बाद भी अब तक कोई ठोस कार्यवाही नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार में महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा देने वाली पूरी व्यवस्था ध्वस्त हो चुकी है। राज्य महिला आयोग का गठन तक नहीं हुआ है, सीडब्ल्यूसी जैसी संस्थाएं कागजों पर हैं और महिला थाने सिर्फ नेमप्लेट की शोभा बन चुके हैं। अजय साह ने कहा कि भाजपा ओड़िशा की घटना को लेकर किसी भी आरोपी को बख्शने के मूड में नहीं है, और सबसे सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जायेगी। परंतु उन्होंने झामुमो को आईना दिखाते हुए कहा कि पहले उस राज्य की जिम्मेदारी निभाएं जहां की जनता ने उन्हें वोट देकर सत्ता सौंपी है, फिर दूसरों को नसीहत दें।



## मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने पेयजल विभाग का किया निरीक्षण

# गायब मिले सात कर्मियों से मांगा गया स्पष्टीकरण

**मंत्री ने विभागीय सचिव को जांच के निर्देश दिये**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री योगेंद्र प्रसाद बुधवार को पूरी तरह एक्शन में दिखे। उन्होंने नेपाल हाउस में पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विभागीय कर्मचारियों की उपस्थिति, कार्यप्रणाली और फाइलों के निपटारे की स्थिति की जानकारी प्राप्त की।

निरीक्षण के दौरान मंत्री ने पाया कि कुछ कर्मचारी बिना किसी सूचना के अनुपस्थित थे और कुछ कर्मचारी समय पर कार्यालय में मौजूद नहीं थे। उन्होंने इस पर कड़ा रुख अपनाते हुए ऐसे कुल 7 कर्मचारियों से स्पष्टीकरण मांगा और साथ ही उन्होंने विभागीय सचिव को जांच के निर्देश दिये हैं।

मंत्री ने कहा कि जनता को पेयजल एवं स्वच्छता से जुड़ी सेवाएं समय पर उपलब्ध कराना विभाग की सर्वोच्च प्राथमिकता है। ऐसे में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। उन्होंने यह भी कहा कि ऑफिस में समयबद्ध उपस्थिति और जनता की समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए कठोर अनुशासन लागू किया जायेगा। मंत्री ने निर्देशित किया कि काम में अनावश्यक देरी, फाइलों को रोकने और जिम्मेदारियों से बचने जैसी प्रवृत्तियों पर पूर्ण रोक लगायी जाये। विभाग को शून्य सहनशीलता की नीति के साथ कार्य करना होगा।



# कई जिलों में आजसू के जिला प्रभारी, कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो के निर्देशानुसार पार्टी संगठन का विस्तार करते हुए पलामू प्रमंडल के अंतर्गत विभिन्न जिलों में नये पदाधिकारियों की नियुक्ति की गयी है। इस संबंध में पार्टी के केंद्रीय प्रधान महासचिव रामचंद्र साहिस ने अधिसूचना जारी की है।

## निम्नलिखित नियुक्तियां की गयी हैं

पलामू जिला
सतीश प्रसाद - प्रभारी
जीतेंद्र - प्रभारी
गढ़वा जिला
बबलू गुप्ता - प्रभारी
विकेश शुक्ला - प्रभारी
लातेहार जिला
विजय मेहता - प्रभारी
इम्तियाज अहमद नजमी - प्रभारी
पलामू जिला (कार्यकारी अध्यक्ष)
तुलसी शुक्ला - जिला कार्यकारी अध्यक्ष
संतन मेहता - जिला कार्यकारी अध्यक्ष

रामचंद्र साहिस ने विश्वास जताया कि नये पदाधिकारियों के प्रगतिशील नेतृत्व में पार्टी को नयी दिशा मिलेगी।

उन्होंने सभी नव-नियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दी हैं।



# इस माह के अंत तक छात्रों को साइकिल दें : चमरा लिंडा

**जिला कल्याण पदाधिकारियों को सख्त निर्देश, विद्यालयों तक जल्द साइकिल पहुंचाएं**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** कल्याण मंत्री चमरा लिंडा इन दिनों एक्शन मोड में नजर आ रहे हैं। विद्यार्थियों को लेकर वह किसी भी तरह की कोताही बर्दाश्त करने के मूड में नहीं है। उन्होंने सरकारी स्कूलों के कक्षा आठ में पढ़नेवाले तीन लाख विद्यार्थियों को इस माह के अंत तक साइकिल उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है। कंपनी द्वारा साइकिल कलस्टर सेंटर तक पहुंचाने की प्रक्रिया शुरू हो गयी है। ऐसे में आवश्यक प्रक्रिया पूरी कर साइकिल जल्द विद्यालयों तक पहुंचाने का निर्देश दिया गया है। मंत्री ने इस माह के अंत तक सभी बच्चों को साइकिल मिल जाये इसे सुनिश्चित करने को कहा है। दरअसल हर साल राज्य सरकार की ओर से आठवीं के विद्यार्थियों को साइकिल दी जाती है। बता दें कि तीन दिन पहले ही मंत्री चमरा लिंडा ने कल्याण कॉम्प्लेक्स में एक बैठक आयोजित की थी।

बैठक में मंत्री लिंडा ने विभागीय योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर बल देते हुए कहा कि सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है कि विद्यार्थियों को योजनाओं का लाभ समयबद्ध और निर्बाध रूप से मिले। उन्होंने विशेष रूप छात्रवृत्ति योजना और साइकिल वितरण योजना की प्रगति की समीक्षा की थी। मंत्री ने निर्देश दिया कि जिन जिलों में छात्रवृत्ति की राशि उपलब्ध है, वहां लंबित भुगतान को शीघ्र निष्पादित किया जाये। मंत्री लिंडा ने जिला कल्याण पदाधिकारियों को सख्त लहजे में कहा कि योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी भी स्तर पर लापरवाही स्वीकार्य नहीं होगी। सभी योजनाओं को तय समय-सीमा के भीतर जमीन पर उतारने के लिए उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिये।



## राशिफल

**डॉ एनके बेरा** | 9431114351

**मेष** काम की गति बढ़ेगी, सुख-संसाधनों की वृद्धि, व्यापारिक विस्तार की योजना।

**वृष** कामकाज का विस्तार, आप उन्नति के मार्ग की ओर प्रशस्त होंगे, संकल्पित कार्य पूरा होगा।

**मिथुन** आत्मविश्वास की वृद्धि, नये कार्ययोजनाओं के प्रति रूचि बढ़ेगी।

**कर्क** आमदनी के नये स्रोत बनेंगे, मान-सम्मान, पद-प्रतिष्ठा, धन-ऐश्वर्य की वृद्धि।

**सिंह** समसामयिक प्रयास सफल, विद्या-बुद्धि-प्रतिभा का विकास होगा, महत्वपूर्ण कार्य पूरे होंगे।

**कन्या** बहुत दिनों से चली आ रही इच्छाओं की पूर्ति होगी, व्यवसाय में सफलता।

**तुला** कुछ संघर्षों के बाद नौकरी-सरकारी कार्यों में आशातीत सफलता मिलेगी।

**वृश्चिक** चतुर्दिक हर्ष तथा उल्लास का वातावरण रहेगा, संयम, धैर्य से काम आसान होंगे।

**धनु** आय के नये स्रोत बनेंगे, प्रभावशाली व्यक्तित्व का विकास, षड्यंत्र विफल रहेगा।

**मकर** नये व्यवसाय का आरंभ हो सकता है, परिवार में मांगलिक कार्य संपन्न होगा।

**कुंभ** रुके हुए कार्य में तेजी, उत्साह-उमंग भरा रहेगा, भ्रमण के साधन बनेंगे,नये लोगों से संपर्क।

**मीन** किसी नये कार्य आरंभ करने से पूर्व परिवार में विचार-विमर्श करें, कठिनाइयों पर विजय।

# झारखंड की स्वास्थ्य व्यवस्था खाट पर : बाबूलाल

**राज्य की स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर सवाल उठाया**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** बाबूलाल मरांडी ने राज्य की स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर सवाल उठाया है। कहा है कि झारखंड को एक अलग राज्य बनाने का उद्देश्य था कि ऐसा राज्य बने जहां आदिवासी समाज के अधिकार ही सरकार की प्राथमिकता हों और उनका सर्वांगीण विकास ही शासन का ध्येय हो। यह सपना था कि अबुआ समाज के प्रतिनिधि शिक्षा, स्वास्थ्य और कृषि जैसे मूल क्षेत्रों में समाज की जरूरतों को समझते हुए ऐसी नीतियां बनायें जो हर आदिवासी को, झारखंड के मूल निवासी को, एक बेहतर भविष्य दें, ताकि हम देश की प्रगति में भी बराबरी से योगदान दे सकें। केंद्र की भाजपा सरकार के नेतृत्व में आज देश ने इतनी प्रगति कर ली है कि एक संथाल आदिवासी महिला भारत के सर्वोच्च संवैधानिक पद पर आसीन हैं। लेकिन झारखंड की वर्तमान सरकार द्वारा अबुआ समाज के प्रति जो उपेक्षा और संवेदनहीनता दिखायी जा रही है, वह हर दिन राज्य की स्थापना के मूल उद्देश्य पर ही प्रश्नचिह्न खड़ा कर देती है। आज झारखंड की स्वस्थ्य व्यवस्था खाट पर है। भ्रष्टाचार, घोटाले और प्रशासनिक अनदेखी, ये सब तो हमने बिहार का हिस्सा रहते हुए भी झेला था, लेकिन आज राज्य सरकार में भी वही सब दोहराया जा रहा है।

हर रोज ऐसी तस्वीरें सामने आती हैं, जिनमें मरीजों को खाट पर लादकर अस्पताल तक पहुंचाया जा रहा है। ये दृश्य किसी भी संवेदनशील व्यक्ति को भीतर तक झकझोर देते हैं।

अमड़ापाड़ा प्रखंड की डूमरचीर पंचायत के बड़ा बास्को पहाड़ की एक तस्वीर बाबूलाल ने सोशल मीडिया पर साझा की है जिसमें एक मरीज को खाट पर लादकर लाया गया क्योंकि सड़क और एंबुलेंस की कोई सुविधा नहीं थी। बाबूलाल ने इस पर निराशा जाहिर करते कहा कि वे प्रशासन और सरकार से बस इतना कहना चाहेंगे कि राजनीति और सत्ता से इतर भी कुछ ज़िम्मेदारियां होती हैं। कुछ समय के लिए उन ज़िम्मेदारियों और मानवीय संवेदनाओं को भी प्राथमिकता देकर देखिए, शायद इन विकट परिस्थितियों में जीवन जी रहे लोगों की पीड़ा और आपकी वास्तविक ज़िम्मेदारियां आपको समझ में आने लगे।




स्टील अथॉरिटी ऑफ इण्डिया लिमिटेड
बोकारो इस्पात संयंत्र
बोकारो स्टील सिटी - 827001 झारखण्ड, इण्डिया

सूचना

सदस्यों को यह सूचित किया जाता है कि वर्तमान मेडिक्लेम योजना की अवधि M/s New India Assurance Co. Ltd. कंपनी के साथ 11 जुलाई 2025 से 10 जुलाई, 2026 तक नवीकृत की गई है तथा इस अवधि में M/s MD India Health Insurance TPA Ltd. के द्वारा ही सेवा प्रदान की जाएगी।
मेडिक्लेम नवीकरण के लिए प्रीमियम की राशि निम्नलिखित है :

| दिनांक 11/07/2025 को | प्रति सदस्य (रूपये में) |
| --- | --- |
| (a) अगर आयु 70 वर्ष से कम है | 10,011=00 |
| (b) अगर आयु 70 से 80 वर्ष के बीच है | 6861=00 |
| (c) अगर आयु 80 वर्ष से अधिक हो | 100=00 |

महत्त्वपूर्ण टिप्पणियाँ
1. मेडिक्लेम नवीकरण (Mediclaim Renewal): उपर्युक्त अवधि के लिए नवीकरण हेतु प्रीमियम का भुगतान https://sailenrollment.mdindia.com पर जाकर किया जाना है। इसमें login के लिये User Id में आपका MIN और पासवर्ड में आपका जन्मतिथि (Service record के अनुसार) होगा।
2. Gap Case-गैप केस में मेडिक्लेम सदस्यता प्राप्त करने के लिये https://www.sahyog.bokarosteel.in पर जाकर Mediclaim मे जाकर फिर Gap Case Mediclaim Form में ऑनलाइन आवेदन कर प्राप्त किया जा सकता है। वैसे सदस्य जो कभी भी सेल मेडिक्लेम की सदस्यता नहीं लिए थे या सदस्यता नवीकरण नहीं करा पाये थे यदि इच्छुक हैं, तो अपनी आयु के अनुसार उपयुक्त तालिका में उल्लेखित प्रिमीयम के दुगना राशि का ऑनलाइन भुगतान करके सदस्यता ग्रहण कर सकते हैं।
3. अंतिम तिथि:- मेडिक्लेम सदस्यता नवीकरण हेतु - 10/08/2025
मेडिक्लेम गैप केस हेतु - 10/08/2025 है।
4. विस्तृत जानकारी SAIL के वेबसाईट www.sail.co.in & sahyog.bokarosteel.in पर उपलब्ध है।
5. विशेष जानकारी हेतु आप मैत्री भवन एवं निम्नलिखित दूरभाष संख्या पर संपर्क कर सकते है।
- 8986876252
- 8986875050
- 06542-240273
- 06542-280232

(नोट :- यदि सदस्य 11 जुलाई, 2025 से 10 जुलाई, 2026 तक की सदस्यता नवीकरण के प्रक्रिया के समय अपूर्ण/गलत डाटा भरते हैं तो सेल किसी भी प्रकार से जिम्मेदार नहीं होगा)

पंजीकृत कार्यालय: इस्पात भवन लोदी रोड, नई दिल्ली 110003
हर किसी की जिंदगी से जुड़ा हुआ है सेल

## पुल के नीचे से रिटायर्ड फौजी का शव बरामद



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र अंतर्गत डंडई कला गांव बुधवार की सुबह उस वक्त सन्नाटे में डूब गया, जब गांव के ही रिटायर्ड फौजी अर्जुन सिंह का शव गांव के पास एक पुल के नीचे नदी में मोटरसाइकिल समेत बरामद किया गया। मृतक की पहचान डंडई कला निवासी अर्जुन सिंह (उम्र लगभग 65 वर्ष) के रूप में हुई है, जो भारतीय सेना से सेवानिवृत्त थे और कारगिल युद्ध में सेवा दे चुके थे। परिजनों के अनुसार, अर्जुन सिंह मंगलवार की शाम से लापता थे। देर रात तक जब वे घर नहीं लौटे तो खोजबीन शुरू हुई। बुधवार सुबह पुल के नीचे उनका शव पड़ा मिला, जिससे गांव में हड़कंप मच गया। मौके पर मुफस्सिल थाना प्रभारी कुणाल किशोर दल-बल के साथ पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज भेजा गया। मृतक के शरीर पर गंभीर चोटों के निशान पाए गए हैं, जिससे परिजन इसे सामान्य दुर्घटना नहीं, बल्कि सोची-समझी हत्या बता रहे हैं। मृतक के भतीजे आलोक सिंह ने विशेष मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम कराने और हत्या की उच्चस्तरीय जांच की मांग की है। इस मामले में परिजनों का गुस्सा और दुख इसलिए भी गहरा है क्योंकि इसी परिवार में छह वर्ष पूर्व भी एक ऐसी ही दर्दनाक घटना घट चुकी है। वर्ष 2018 में अर्जुन सिंह के बेटे का शव भी गांव के पास ही एक कुएं से संदिग्ध परिस्थिति में बरामद हुआ था। वह मामला भी आज तक अनसुलझा है और किसी नतीजे पर नहीं पहुंचा।

## बिजली की चपेट में आने से दो मासूमों की मौत की खबर पर डुमरडीहा गांव पहुंचे पूर्व मंत्री



**विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)।** विष्णुगढ़ प्रखंड के नवादा पंचायत स्थित भौंडा मुर्गी इलाके में कल एक बेहद दर्दनाक हादसा हो गया था। जहां जंगल में फैले 220 वोल्ट के करंट प्रवाहित तार की चपेट में आने से दो बच्चों की मौके पर ही मौत हो गयी। बिजली तार इट भठे के निर्माण के लिए जमीन में बिछाया गया था। मृतकों की पहचान गुलाब हांसदा (उम्र 8 वर्ष), पिता रति राम और सुकुरमनी कुमारी (उम्र 10 वर्ष), पिता महेश सोरेन के रूप में हुई है। दोनों बच्चे कुसुम्भा पंचायत के डुमरडीहा गांव के निवासी थे और किसी कार्यवश जंगल की ओर गये थे, तभी यह हादसा हुआ। इस दर्दनाक घटना की सूचना मिलने पर आज पीड़ित परिवार से मिलने पहुंचे पूर्व मंत्री जय प्रकाश भाई पटेल, पूर्व मंत्री ने विष्णुगढ़ अंचल अधिकारी नित्यानंद दास से दूरभाष पर बात करके हर सम्भव सहायता प्रदान करने की बात कहीं। इस संबंध में अंचल अधिकारी द्वारा इट भठे के मालिक के विरुद्ध विष्णुगढ़ थाना में मामला दर्ज कराया गया है। पूर्व मंत्री के साथ गुरु प्रसाद साव, हिरामन महतो, पूर्व मुखिया दामोदर महतो, दिनेश कुमार मंडल आदि शामिल थे।

## सड़क दुर्घटना में तीन युवक घायल

**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** बड़कागांव - हजारीबाग रोड स्थित पूर्व विधायक लोकनाथ महतो के पेट्रोल पंप के पास नशे के में धुत में मारुति स्विफ्ट कार (नंबर जे एच 02 बी ई 1344 ) चालक ने रात में बिजली के खंभे को जोरदार टक्कर मारा इस कारण बिजली के खंभे टूट गये और कार चालक घायल हो गया। कार भी क्षतिग्रस्त हो गयी यह घटना गत रात लगभग 11:00 बजे की है। ग्रामीणों ने बताया कि कर हजारीबाग से ग्राम तेलिया तरीके और जा रहे थे इसी दौरान कर अवध मिश्रा के बाउंड्री को तोड़ते हुए बिजली खंभे में जोरदार टक्कर मारी जिससे बिजली के खंबे टूट कर लटक गया। दुर्घटना के समय आवाज इतना जोरदार था, कि घटना के आसपास सो रहे लोगों की नींद खुल गयी। ग्रामीणों ने देखा कि आदेश मिश्रा की बाउंड्री और खंबे टूट चुके थे। गाड़ी में सवार ड्राइवर सहित और कुछ लड़के गाड़ी से निकलने की कोशिश कर रहे थे। उन्होंने तुरंत बिजली विभाग को सूचना देकर बिजली कट करवा दी। ग्रामीणों ने यह भी बताया कि कार काफी तेजी गति से आ रही थी और यदि बाउंड्री और बिजली खंभे में नहीं टकराती तो कई लोगों को कुचल देता है। जुर्म छुपाने के लिए रात में ही जेसीबी लाकर गाड़ी को घटनास्थल से हटा दिया गया। सुबह बिजली विभाग के द्वारा नया बिजली के खंभे लगा दिया गया, और बिजली चालू कर दी गयी है। कार ट्रांसपोर्टिंग चालक तेलियातरी गांव का बताया जा रहा है।

## अंतरराष्ट्रीय और 23वें राष्ट्रीय स्नातकोत्तर छात्र सम्मेलन में डॉ श्री कृष्णा हुए शामिल




**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** हजारीबाग कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेज एंड हॉस्पिटल के प्राचार्य सह ओरल मेडिसिन एंड रेडियोलॉजी विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो डॉ श्री कृष्णा ने बैंकॉक थाईलैंड में आयोजित इंडियन एकेडमी ऑफ द ओरल मेडिसिन एंड रेडियोलॉजी के पहले अंतरराष्ट्रीय और 23वें राष्ट्रीय स्नातकोत्तर छात्र सम्मेलन में बतौर अतिथि शामिल हुए। विधिवत रूप से सम्मेलन का उद्घाटन किया। इस अवसर पर सम्मेलन के दौरान उनका स्वागत और अभिनंदन कर अतिथि वंदन किया गया। कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ श्री कृष्णा ने संबोधित कर प्राचीन परंपराओं में दोनों देशों, भारत और थाईलैंड की समान जड़ें की ओर इशारा किया, जो उपचार, सहानुभूति और ज्ञान को महत्व देती हैं। उन्होंने कहा कि जब स्वास्थ्य और ज्ञान की सेवा में एक साथ आते हैं, तो सीमाएं मिट जाती हैं और समुदाय मजबूत होते हैं। मौके पर मुख्य अतिथि बैंकॉक थाईलैंड के चुलालोंगकोर्न विश्वविद्यालय के दंत चिकित्सा संकाय डीन प्रो डॉ पोरचाई जानसिस्यानोंत सहित कई प्रमुख लोगों की विशेष उपस्थिति रही। मौके पर हजारीबाग डेंटल कॉलेज के सचिव डॉ प्रवीण श्रीनिवास ने प्राचार्य सह ओरल मेडिसिन एंड रेडियोलॉजी विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो डॉ श्री कृष्णा को बहुत- बहुत बधाई और शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि इंडियन एकेडमी ऑफ द ओरल मेडिसिन एंड रेडियोलॉजी के पहले अंतरराष्ट्रीय और 23वें राष्ट्रीय स्नातकोत्तर छात्र सम्मेलन में बतौर अतिथि शामिल होना हमारे कॉलेज के लिए बहुत बड़ी उपलब्धि है। बतौर मुख्य अतिथि शामिल होकर कार्यक्रम का शुभारंभ कर पूरे कॉलेज परिवार को गौरान्वित किया है। उन्होंने बधाई शुभकामनाओं सहित उनकी उज्जवल भविष्य की मंगल कामना की।

## युवक से 50 हजार रुपये की ठगी

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** वीजा और पासपोर्ट बनवाने के नाम पर स्थानीय युवक से 50 हजार की ऑनलाइन ठगी का मामला सामने आया है। गझंडी निवासी विनय कुमार ने इस संबंध में तिलैया थाना में लिखित आवेदन देकर न्याय की गुहार लगायी है। आवेदन के अनुसार, एक व्यक्ति ने वीजा और पासपोर्ट बनवाने में मदद का भरोसा दिलाया और इसके बदले 14 बार में कुल 50 हजार रुपये की राशि ऑनलाइन ट्रांसफर करवा लिया। शुरुआत में आरोपी ने वीजा प्रक्रिया से जुड़े दस्तावेज तैयार कराने और फॉर्म भरवाने का झांसा दिया। इस क्रम में एक फर्जी आइडी भी बनवाई, ताकि पीड़ित को पूरा भरोसा हो सके। बाद में ठग ने विभिन्न बहानों से पैसे ऐंठने का सिलसिला जारी रखा। जब लंबे समय तक कोई ठोस परिणाम नहीं आया और वीजा अथवा पासपोर्ट की प्रक्रिया आगे नहीं बढ़ी, तो विनय कुमार को ठगी का अंदेशा हुआ। जब उसने आरोपी पर दबाव बनाना शुरू किया, तो वह टालमटोल करने लगा और अंत में मोबाइल बंद कर फरार हो गया। आखिरकार थक-हार कर उसने तिलैया थाना में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और जांच शुरू कर दिया है।

### सांसद खेल महोत्सव 'नमो फुटबॉल टूर्नामेंट' का शुभारंभ

# ग्रामीण प्रतिभाओं को अवसर देना ही लक्ष्य : मनीष

**सांसद मनीष जायसवाल का प्रयास, युवाओं के हित में साबित होगा बेहद कारगर : मनोज कुमार यादव**





**आजाद सिपाही संवाददाता**

**पदमा।** सांसद खेल महोत्सव के तहत बरही विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत पदमा प्रखंड स्थित विवेकानंद फुटबॉल मैदान, गरवा में 'नमो फुटबॉल टूर्नामेंट-2025 के तीसरे टूर्नामेंट का भव्य शुभारंभ बुधवार को हुआ। हजारीबाग के सांसद मनीष जायसवाल और बरही के विधायक मनोज कुमार यादव ने संयुक्त रूप से मशाल जलाकर और खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट का उद्घाटन किया। सांसद मनीष जायसवाल लगातार दूसरे वर्ष सांसद खेल महोत्सव के अंतर्गत 'नमो फुटबॉल टूर्नामेंट' का आयोजन पूरे लोकसभा क्षेत्र में करा रहे हैं, जिसे सिलसिलेवार ढंग से जिले के सभी 22 प्रखंडों में आयोजित किया जायेगा। इसी कड़ी में बरही विधानसभा के पदमा प्रखंड स्थित गरवा फुटबॉल मैदान में यह तीसरा टूर्नामेंट शुरू किया गया है। इस टूर्नामेंट का उद्घाटन मैच का मुकाबला रेड जोन, सरैया टीम बनाम नव युवक संघ, रोमी टीम के बीच खेला गया। जिसमें खबर लिखे जाने तक रोमी की टीम ने 1-0 की बढ़त बना ली।

सांसद मनीष जायसवाल ने इस पहल के बारे में बात करते हुए कहा कि उन्होंने बतौर विधायक वर्ष 2016 में हजारीबाग से इसकी शुरुआत की थी, तब यह हजारीबाग विधानसभा तक सीमित था। लेकिन, कालांतर में इसकी ख्याति दूर-दूर तक पहुंची और पिछले दो वर्षों से संपूर्ण हजारीबाग लोकसभा में नमो फुटबॉल टूर्नामेंट की गूंज है। उन्होंने बताया कि बरही विधानसभा के पदमा प्रखंड से इस टूर्नामेंट का आगाज हुआ है। सांसद ने इस टूर्नामेंट का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण खेल प्रतिभाओं को एक बेहतर मंच प्रदान करना बताया। इस अवसर पर विशेषरूप से हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद प्रतिनिधि सत्येंद्र नारायण सिंह, स्थानीय जिला परिषद सदस्य बसंत नारायण मेहता, विधायक प्रतिनिधि नारायण यादव, भाजपा मंडल अध्यक्ष बाबूलाल मेहता, महामंत्री अजय मेहता, स्थानीय मुखिया सबिता देवी, भाजपा नेता अयोध्या मेहता, किशोरी राणा, नमो खेल श्रृंखला संयोजक बंटी तिवारी, हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

### विधायक ने युवाओं को खेल से जुड़ने की अपील की

विधायक मनोज यादव ने युवाओं को खेल से जुड़ने की अपील की। इस अवसर पर विधायक मनोज यादव ने अपने संबोधन में कहा, फिट रहकर ही समाज की मुख्यधारा से जुड़ा जा सकता है और समाज और राष्ट्र का विकास संभव हो सकेगा। उन्होंने सांसद मनीष जायसवाल को खेल के क्षेत्र में इस तरह के टूर्नामेंट लगातार दूसरे साल बरही विधानसभा क्षेत्र में आयोजित करने के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि ऐसे आयोजनों से निश्चित रूप से युवाओं की प्रतिभा निखरेगी। विधायक ने वर्तमान समय में बढ़ती नशाखोरी पर चिंता व्यक्त करते हुए युवाओं से खेल मैदान से जुड़ने का आग्रह किया। इस आयोजन को सफल बनाने में समिति के अध्यक्ष प्रशांत सिंह, संयोजक निशांत सिंह, सचिव मनोज गुप्ता, उपाध्यक्ष राजेश मेहता, कुलदीप रविदास, रामगोविंद सिंह, प्रमोद राणा सहित कई सदस्यों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभायी।

# डीइओ ने विद्यालयों का निरीक्षण कर दिया निर्देश

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**मरकच्चो।** जिला शिक्षा पदाधिकारी अविनाश राम ने बुधवार को प्रखंड के सर्वोदय जमा दो उच्च विद्यालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने शिक्षक और छात्र छात्राओं की उपस्थिति, विद्यालय की साफ सफाई, विद्यालय में संचालित साइंस लैब, स्टेम लैब, इंगरेटेड लैब आदि के संचालन व रख रखाव समेत कई बिंदुओं पर जांच की। उन्होंने जिला प्रशासन के निर्देशानुसार विद्यालय में संचालित किये गये फिलो क्लास कार्यक्रम का संचालन, स्मार्ट क्लास के संचालन का भी निरिक्षण किया। निरीक्षण के दौरान विद्यालय मे बच्चों की कम उपस्थिति और विद्यालय परिसर मे फैली गंदगी पर नाराजगी व्यक्त करते हुए उपस्थित प्रधानाध्यापक सन्तोष प्रसाद को साफ सफाई पर विशेष ध्यान देने और छात्र छात्राओं की उपस्थिति बढ़ाने की बात कही। वहीं एनसीसी क्लास के सुबह नौ बजे से ग्यारह बजे तक चलाने का निर्देश दिया। विद्यालय का छत से हो रहे सीपेज को लेकर छत पर जमे कचड़े को साफ करने और विकास फंड से उसकी मरम्मती कराने का निर्देश दिया। जिला शिक्षा पदाधिकारी ने प्रखण्ड के परियोजना उच्च विद्यालय देवीपुर का भी निरीक्षण किया तथा कई आवश्यक निर्देश दिये।

### जानकी यादव का झामुमो कार्यालय में हुआ स्वागत

# नगर निकाय चुनाव के लिए 'ट्रिपल टेस्ट' की प्रक्रिया जोरों पर है: जानकी यादव

**झामुमो माटी और जनभावनाओं की पार्टी है : संजीव बेदिया**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**हजारीबाग।** झारखंड राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष जानकी यादव, सदस्य लक्ष्मण यादव और नंदकिशोर मेहता का झामुमो जिला कार्यालय में एक कार्यक्रम आयोजित कर भव्य स्वागत किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता झामुमो जिला अध्यक्ष संजीव कुमार बेदिया ने किया। संचालन जिला सचिव नीलकंठ महतो ने किया। इस मौके पर जानकी यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा ओबीसी समाज के मान-सम्मान को बढ़ाने हेतु उन्हें आयोग का अध्यक्ष बनाया गया है। उन्होंने बताया कि नगर निकाय चुनाव के लिए 'ट्रिपल टेस्ट' की प्रक्रिया जोरों पर है और इसके लिए वह 15 दिनों के तूफानी दौरे पर निकले हैं। इसी के तहत हजारीबाग पहुंचे हैं जहां उन्होंने जमीनी स्तर पर नगर निगम क्षेत्र के पांच वार्डो का भौतिक सत्यापन भी किया। जिला अध्यक्ष संजीव बेदिया ने कहा कि झामुमो बहुत कम समय में हजारीबाग जिले में एक मजबूत संगठन के रूप में उभरा है। उन्होंने कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए कहा कि झामुमो माटी और जनभावनाओं की पार्टी है, जो दिशोम गुरु शिबू सोरेन के विचारों पर चलती है। कहा कि हजारीबाग जिले में संगठन की मजबूती और संगठन को जन जन तक पहुंचाने का काम करेंगे। इस अवसर पर केंद्रीय सदस्य सुनील शर्मा और संजय सिंह के नेतृत्व में सैकड़ों लोगों ने पार्टी की सदस्यता ली। कार्यक्रम में झामुमो के संगठन विस्तार और मजबूती पर भी चर्चा हुई। कार्यक्रम में केंद्रीय सदस्य सुनील शर्मा, सोनाराम मांझी, विकास राणा, मोहम्मद इजहार, यासीन खान, सोनाराम मांझी, मुखिया संघ अध्यक्ष रंजीत मेहता, इचाक बीस सूत्री अध्यक्ष मनोहर राम, उप प्रमुख सतेंद्र कुमार, बड़कागांव प्रखंड अध्यक्ष संजय सिंह, चौपारण उज्वल सिंह, इचाक प्रखंड अध्यक्ष राजेश मेहता, नगर अध्यक्ष नवीन प्रकाश, नगर सचिव निसार अहमद, कुणाल यादव, चंदन सिंह, इंद्रदेव मेहता, गंगेश्वर मेहता, अभिषेक कुमार, उमेश गुप्ता, दीपक राय, अनिल कुमार मेहता, राजेंद्र मेहता समेत कई नेता और कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## गैलेक्सी हाइ स्कूल में मना वन महोत्सव



**हजारीबाग(आजाद सिपाही)।** हजारीबाग के पबरा रोड स्थित गैलेक्सी हाई स्कूल में आज वन महोत्सव बड़े ही उत्साह और पर्यावरणीय चेतना के साथ मनाया गया। विद्यालय में आयोजित इस विशेष कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के निदेशक चांद सर और प्राचार्य दीपक शर्मा के कुशल मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत प्रकृति की पूजा और पर्यावरण की रक्षा के संकल्प से की गयी। प्री-प्राइमरी वर्ग के छोटे-छोटे बच्चों ने वृक्षों और पौधों की वेशभूषा में रंगारंग प्रस्तुति दी, जिसने दर्शकों का मन मोह लिया और वनों के महत्व को सरल और प्रभावशाली तरीके से प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण पौधरोपण अभियान रहा, जिसमें छात्रों, शिक्षकों और स्टाफ ने मिलकर विद्यालय परिसर में सैकड़ों पौधे लगाये। सभी ने यह संकल्प लिया कि वे न केवल पौधों को रोपेंगे, बल्कि उनकी नियमित देखभाल भी सुनिश्चित करें।

# 48 घंटे से हो रही बारिश से जनजीवन प्रभावित



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**कोडरमा।** लगातार दो दिनों से जिले में लगातार हो रही मूसलाधार बारिश से जनजीवन पर असर पड़ा है। भारी बारिश की वजह से लोगों की दिनचर्या पूरी तरह प्रभावित हो गयी है। मंगलवार और बुधवार को झमाझम बारिश होती रही। ऐसे में अधिकांश लोग घरों में ही दुबके रहे। जरूरी काम से निकलनेवाले लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। लोगों को रेनकोट या छाता का सहारा लेना पड़ा, वहीं सबसे ज्यादा परेशानी दिहाड़ी मजदूरों को हुई। इधर बारिश से कुछ इलाकों में किसान भी परेशान हैं। किसानों के अनुसार यह बारिश धान के बिचड़ों के लिए तो वरदान है, लेकिन इससे उन किसानों की परेशानी बढ़ गयी है, जिन्होंने देर से मकई की फसल लगायी है। बारिश में मकई का बीज बह जाने की आशंका है या खेतों में दबने की संभावना है। किसानो के अनुसार ज्यादा बारिश से पौधों को पनपने का मौका नहीं मिलेग। मडुआ और मूंगफली की फसल को कोई नुकसान नहीं है, लेकिन जिन खेतों में पानी भर गया है, वहां जल निकासी भी जरूरी है। जल-जमाव होने से फसल को नुकसान हो सकता है। इधर, लगातार बारिश ने सब्जियों की फसलों को नुकसान पहुंचाया है। इसका असर बाजार में देखने को मिल रहा है और सब्जी की कीमत बढ़ गयी है।

### झुमरीतिलैया के घरों में घुसा पानी

दो दिनों से हो रही बारिश से झुमरीतिलैया शहर का जनजीवन पूरी तरह प्रभावित हो गया है। बारिश के चलते कई इलाकों में जलजमाव की स्थिति बन गयी है, जिससे राहगीरों और वाहन चालकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। शहर की मुख्य सड़कें, जैसे स्टेशन रोड, बस स्टैंड क्षेत्र की हालत बेहद खराब हो चुकी है। जगह-जगह गड्ढे बन गये हैं, जिनमें पानी भर जाने से दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ गया है। कई कॉलोनियों और मोहल्लों में नालियों का पानी सड़कों पर बह रहा है, जिससे घरों में पानी घुस गया है।

## प्रखंड स्तरीय हितधारकों की बैठक आयोजित




**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** जिले के चुरचू प्रखंड के सभागार में प्रशासन और सपोर्ट संस्था के सौजन्य से कॉमन ग्राउंड के अंतर्गत प्रखंड स्तरीय हितधारकों की बैठक प्रखंड प्रमुख निरंजन प्रसाद नायक की अध्यक्षता में आयोजित हुई। जिसमें बीडीओ ललित राम, जिला परिषद सदस्य बासुदेव करमाली, कॉमन ग्राउंड के स्टेट को-ऑर्डिनेटर विवेक रॉय, सांसद प्रतिनिधि फुलेश्वर महतो, विधायक प्रतिनिधि प्रदीप यादव, पूर्व विधायक प्रतिनिधि आरिफ अंसारी, पूर्व उप प्रमुख चोलेश्वर महतो, जेएसएलपीएस बीपीएम रणजीत मिश्रा, मनरेगा बीपीओ असीम टोप्पो, मुखिया बृज बिहारी महतो, पंचायत समिति सदस्य आशा राय, शीतल हेंब्रम, सपोर्ट के कार्यक्रम प्रबंधक रविंद्र सिंह, जिला प्रबंधक विनोद कुमार सिंह, प्रोजेक्ट मैनेजर दीपक सिन्हा, प्रखंड संयोजक मनोज टुडू, गोदावरी देवी, सुनीता देवी आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे। अतिथियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। प्रखंड विकास पदाधिकारी ललित राम ने सपोर्ट और कॉमंस के प्रयासों की काफी सराहना किया तथा उन्होंने इसकी आवश्यकता को बताते हुए सभी जनप्रतिनिधियों, पंचायती राज प्रतिनिधि, सभी विभागों तथा समाज सेवायों को इस अभियान में बढ़-चढ़कर के सहयोग करने की अपील की। इसके बाद जिला प्रबंधक ने कॉमन ग्राउंड कार्यक्रम पर विषय प्रवेश कराया। इसके बाद स्टेट को-ऑर्डिनेटर विवेक राय ने कॉमन ग्राउंड के विषय पर विस्तार से बताया तथा वीडियो के माध्यम से प्रस्तुतीकरण किया। इसके बाद प्रखंड प्रमुख निरंजन प्रसाद नायक ने कार्यक्रम के उद्देश्यों को सराहा तथा प्रखंड के लिए इसे बहुत ही उपयोगी बताया। अपने संबोधन में जिला परिषद सदस्य वासुदेव करमाली ने इस कार्यक्रम की जरूरत पर बल दिया तथा वे सभी विभागों और जनप्रतिनिधियों से बढ़कर सहयोग करने का अपील किया। कार्यक्रम का संचालन जिला प्रबंधक सपोर्ट विनोद कुमार सिंह के द्वारा किया गया।

## केरेडारी में हाथियों ने जमकर मचाया उत्पात



**केरेडारी (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के कराली पंचायत के घुटु गांव में मंगलवार की रात्रि लगभग 20 से 25 हाथियों के झुंड ने जमकर उत्पात मचाया है। कई घरों को तोड़ घर मे रखे अनाज को चट कर दिया है। घुटु गांव निवासी लखन रजक, बंशी रजक, भरत रजक, केशिया देवी, मसो गीता, किशुनदे महतो, भावनी महतो, वंशी रजक, मिथुन महतो, डोमन रजक के घर को हाथियों ने तहस नहस कर दिया। घरों में सोये हुए लोग किसी तरह से जान बचा कर भागे। वहीं लखन रजक का लगभग 9 क्यूंटल चावल 2 क्यूंटल गेंहू, 4 क्विंटल सरसों सहित घर में रखे खाने की चीजों को खाकर अन्य सामानों को तहस नहस कर दिया। बीते रात्रि हाथियों के तांडव से स्थानीय ग्रामीणो मे दहशत है। वहीं क्षेत्र में हाथियों के झुंड के दस्तक देने से ग्रामीणों में डर का माहौल बना हुआ है। फिलहाल हाथियों का झुंड की जमावड़ा केरेडारी व घुटु के जंगल मे है।वहीं बुधवार रात्रि भी हाथियों का झुंड आतंक मचाने का संभावना जताया जा रहा है। केरेडारी के आसपास गांव के लोग काफी दहशत में हैं। हाथियों को भगाने के लिए वन विभाग के द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गयी है। घटना के बाद प्रमुख सुनीता देवी, उपप्रमुख अमेरिका महतो, मुखिया अशोक राम व बबलू सिंह पीड़ित परिवार से मिले व हरसंभव सहायता का भरोषा दिलाया। वहीं पीड़ित परिवार ने भी सीओ व बीडीओ से लिखित आवेदन देकर मुआवजा देने की मांग की है।

## स्कूल की छत से टपक रहा पानी, शिक्षक और छात्र परेशान



**बरही (आजाद सिपाही)।** बरही प्रखंड अंतर्गत कोल्हुआकला पंचायत के तिलैया बस्ती में संचालित उत्क्रमित मध्य विद्यालय की भवन की स्थिति काफी जर्जर हो गयी है। विद्यालय के दो कमरा में दीवारों में दरारें पड़ गयी है। छत का प्लास्टर उखाड़ हुआ है, जरा सी बारिश में ही छत से पानी टपकने लगता है। छत से पानी रिसकर कमरों में भर जाता है, जिससे बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। कक्षाएं ठीक से संचालित नहीं हो पा रही है, स्थिति इतनी ज्यादा खराब हो गयी है कि दो कमरों में बच्चे बैठ नहीं पा रहे है। उन्हें वैकल्पिक तौर पर दूसरे कमरे में बैठाया जा रहा है। जिसको लेकर विद्यालय के प्रधानाध्यापिका कुमारी निर्मला पंडित ने बरही प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी को लिखित आवेदन देकर कमरा मरम्मत करवाने की बात कही है।

## एसडीओ ने बच्चों के साथ किया भोजन



**बरही (आजाद सिपाही)।** एमडीएम समेत विद्यालयों की शैक्षणिक व्यवस्था और क्षेत्र में संचालित विभिन्न सरकारी योजनाओं का सही ढंग से क्रियान्वयन को लेकर एसडीओ जोहन टुडु ने विभिन्न विद्यालयों, आंगनबाड़ी केंद्रों और पीडीएस दुकानों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मध्य विद्यालय करसो में साफ सफाई की कमी पायी गयी। शिक्षकों से नाराजगी व्यक्त करते हुए विद्यालय में अनिवार्य रूप से साफ-सफाई करने, एमडीएम बनाने में बिना कोताही किये मेन्यू का पालन करने और बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने का निर्देश दिया। कोनरा स्थित जन वितरण प्रणाली दुकान और करसो आंगनबाड़ी केंद्र का भी निरीक्षण किया। बरही धनबाद रोड स्थित कन्या मध्य विद्यालय के निरीक्षण के दौरान साफ - सफाई अच्छी थी वहीं बर्षा होने के बावजूद छात्राओं की उपस्थिति पर प्रसन्नता व्यक्त की। बच्चों के संग ही पंक्ति में बैठकर मध्यान किया और एमडीएम की गुणवत्ता की जांच की। मेन्यू के अनुसार ही विद्यालय में पुलाव, दाल और मड़ुआ की लड्डू बनी थी। उन्होंने एमडीएम बनाने वाली रसोईया की सराहना की। छात्राओं से बातचीत करते हुए उन्हें रोचक जानकारी दी। स्कूल में पढ़ाई को लेकर पुछताछ भी की। प्रधानाध्यापिका जे.सिसोदिया ने बताया कि विद्यालय में स्मार्ट क्लास की कमी है। अतिक्रमण की समस्या है। विद्यालय के गेट के पास ही ठेला लगाया जाता है। इससे छात्राओं और शिक्षिकाओं को परेशानी होती है। एसडीओ ने विद्यालय को अतिक्रमण मुक्त कराने का आश्वासन दिया। निरीक्षण के दौरान एसडीओ के साथ प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी संजय यादव और बीपीएम अरुण शर्मा समेत संबंधित विद्यालय के शिक्षक मौजूद थे।

## वज्रपात से पिता और पुत्री की मौत

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** जिले के डोमचांच थाना क्षेत्र अंतर्गत घरबरियाबर गांव में खेत में काम कर रहे एक पिता और उसकी पुत्री की मौत बुधवार को वज्रपात से हो गयी। मृतक की पहचान घरबारियाबर निवासी 40 वर्षीय बासुदेव साव (पिता नारायण साव) व उनकी 15 वर्षीया पुत्री खुशी कुमारी के रूप में की गयी है। घटना की जानकारी देते हुए मृतक के परिजनो ने बताया कि उक्त घटना बुधवार के अपराह्न करीब 4 बजे की है। बासुदेव साव अपनी पत्नी और पुत्री के साथ खेत में धान के रोपाई में जुटे हुए थे। इसी बीच बारिश आ जाने के कारण बासुदेव साव व उनकी पुत्री खुशी खेत से बाहर पानी से बचने हेतु छाता खोलकर उसके नीचे बैठ गये। इसी बीच अचानक से जोरदार गर्जन के साथ बिजली कड़की और वज्रपात हुई। जिसकी चपेट में दोनों पिता व पुत्री आ गये और बुरी तरह से झुलस गये। वहां मौजूद लोगों की मदद से आनन फानन में कोडरमा सदर अस्पताल ले गये जहां इलाज के दौरान दोनों की मौत हो गयी।

## यूरोप से एमबीबीएस कर लौटा गोला का बेटा, लोगों ने किया स्वागत



गोला (आजाद सिपाही)। कारगिल विजय दिवस के बाद जन्मे 'अनमोल प्रकाश विजय' ने यूरोप से एमबीबीएस कर बुधवार को गोला लौटा। लौटने ही उसका लोगों ने जोरदार स्वागत किया। भूतपूर्व सैनिक चतुर्भुज कश्यप और शिक्षिका ममता कुमारी सिंह के पुत्र डॉ. अनमोल प्रकाश विजय ने 2019-2025 सत्र में यूरोप के प्रतिष्ठित बेलारुसियन मेडिकल यूनिवर्सिटी से एमबीबीएस की पढ़ाई पूरी कर भारत लौटकर समाज और देश सेवा के पथ पर कदम रख दिया। स्वागत में डॉक्टर इंद्र कुमार देव, डॉक्टर भास्कर सहित समाज के अनेक गणमान्य शामिल हुए। कुशवाहा भवन के अध्यक्ष लखींद्र कुमार कुशवाहा के नेतृत्व में पुष्पगुच्छ भेंट कर शुभकामनाएं दी गयी। बधाई देने वालों में सुबोध कुमार दांगी, उत्तम कुमार कुशवाहा, ललन कुशवाहा, कृष्ण कुमार दांगी, देवेंद्र दांगी, निरंजन महतो, राजेश पोद्दार, उमेश ठाकुर, प्रदीप ठाकुर, पूनम देवी, देवंती देवी, शिक्षिका ममता कुमारी सिंह, सुनील कुमार, राहुल कुमार दीपक, कुमार शुभम, कुमार अभिषेक, हारेन कश्यप, भूपेंद्र कुशवाहा, हरेंद्र कश्यप, धनंजय कुमार महतो आदि शामिल रहे। डॉ. अनमोल का जन्म वर्ष 1999 में कारगिल युद्ध के बाद हुआ था। उस समय उनके पिता चतुर्भुज कश्यप देश की सेवा में बॉर्डर पर तैनात थे और मां ममता कुमारी सिंह को विषम परिस्थितियों में जम्मू से अकेले अपने नवजात शिशु को लेकर झारखंड लौटना पड़ा था। पूरे देश में जब कारगिल विजय दिवस मनाया जा रहा था, उसी समय इस नन्हे दीपक ने जन्म लेकर परिवार में आशा की एक नई किरण जगाई इसी विजय और उजाले की स्मृति में उनका नाम रखा गया था अनमोल प्रकाश विजय। आज जब उन्होंने अपने नाम के अनुरूप सफलता का प्रकाश फैलाया है, तो पूरा समाज गर्व से निहाल है। डॉ. अनमोल न केवल एक होनहार चिकित्सक हैं, बल्कि वे समाजसेवा की भावना से भी प्रेरित हैं। उनका लक्ष्य है देशवासियों की सेवा कर, अपने माता-पिता और समाज का नाम रोशन करना।

## दिव्यांगों के बीच बांटी गयी ट्राइसाइकिल



पतरातू (आजाद सिपाही)। पतरातू प्रखंड परिसर में बुधवार को दिव्यांग सशक्तिकरण विभाग के तत्वावधान में भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम (एलिम्को) की ओर से शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों से आये अलग-अलग श्रेणी के दिव्यांगों के बीच उनके दैनिक जीवन को आसान बनाने के उद्देश्य से कई उपकरण का वितरण किया गया इसके तहत बैटरी बेस मोटर ट्राईसाइकिल, ट्राईसाइकिल, हियरिंग एड और व्हीलचेयर सहित अन्य उपस्कर शामिल थे। सीओ मनोज चौरसिया सीडीपीओ अनुपमा मिंज, सांसद प्रतिनिधि सह जिप सदस्य राजाराम प्रजापति, प्रभारी एमओ सुमित कुमार, दिव्यांग एलिम्को कंपनी के आनंद अविनाश कुमार, दिव्यांग सशक्तिकरण विभाग के अधिकारी सिल्वेस्टर टोपनो, सनी कुमार आकाशी सहित प्रखंड व अंचल कर्मी उपस्थित थे।

## ओबीसी सलाहकार परिषद की बैठक में शामिल हुईं पूर्व विधायक अंबा प्रसाद



पतरातू (आजाद सिपाही)। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया के आमंत्रण पर बेंगलुरु में अयोजित ओबीसी सलाहकार परिषद की बैठक में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की राष्ट्रीय सचिव पश्चिम बंगाल की सह प्रभारी पूर्व विधायक अंबा प्रसाद भी शामिल हुई। उनके अलावा झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश और विधायक दल के नेता प्रदीप यादव भी शामिल हुए। पूर्व विधायक अंबा प्रसाद बेंगलुरु पहुंचे, जहां हवाई अड्डे पर कर्नाटक प्रदेश कांग्रेस के पदाधिकारियों के द्वारा परंपरागत तरीके से भव्य स्वागत किया गया। विदित हो कि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ने अपने शीर्ष नेताओं को लेकर एक ओबीसी समिति गठित की है। ओबीसी वर्ग से जुड़े डेटा इकट्ठा करने और उनके अहम मुद्दों को प्रभावी ढंग से उठाने की जिम्मेदारी इन्हीं नेताओं को दी गयी है। ओबीसी संगठनों और विशेषज्ञों के दावों के अनुसार, देश की आबादी में करीब 55 से 60 फीसदी मतदाता ओबीसी वर्ग से आते हैं। देशभर में लगभग 96 जातियां ओबीसी वर्ग में आती हैं। ऐसे में सरकार बनाने में ओबीसी वोटर्स की भूमिका किसी भी दल के लिए निर्णायक मानी जाती है। यह जानकारी प्रेस विज्ञप्ति जारी कर पूर्व विधायक अंबा प्रसाद ने दिया है कि ओबीसी समुदाय से आने वाले नेताओं को जमीनी स्तर से लेकर प्रदेश नेतृत्व में बड़ी जिम्मेदारी देना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि वो लगातार जातिगत जनगणना की पुरजोर वकालत कर रही है।

## श्री अग्रसेन स्कूल में चार दिवसीय कंप्यूटर कोडिंग कांटेस्ट का आयोजन



भुरकुंडा (आजाद सिपाही)। श्री अग्रसेन स्कूल भुरकुंडा में 12 जुलाई से चल रहे कंप्यूटर कोडिंग कांटेस्ट का फाइनल बुधवार को हुआ। इसमें क्लास 6, 7 और 8 से क्वालीफाई हुए प्रतिभागियों ने भाग लिया। 30 मिनट के फाइनल मुकाबले में अपने-अपने बैच से कुल 27 प्रतिभागी विजेता बने। इनके लिए आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह का उद्घाटन मुख्य अतिथि श्री गुरुनानक पब्लिक स्कूल रामगढ़ के प्राचार्य हरजाप सिंह, स्कूल के निदेशक प्रवीण राजगढ़िया, प्राचार्य विवेक प्रधान, मुख्तार सिंह ने दीप प्रज्वलित कर किया। निदेशक ने मुख्य अतिथि को पौधा भेंट किया। बच्चों को पुरस्कृत करते हुए मुख्य अतिथि श्री सिंह ने कहा कि आज के दौर में कंप्यूटर साक्षरता का पैमाना है। इसका ज्ञान किसी भी क्षेत्र में आगे बढ़ने में सहायक होता है। कंप्यूटर कोडिंग से थिंकिंग पावर और प्रॉब्लम सॉल्विंग कैपेसिटी बढ़ती है। कोडिंग सीखकर सॉफ्टवेयर, वेबसाइट, गेम्स डेवलपर, एथिकल हैकर बन सकते हैं। स्कूल के निदेशक प्रवीण राजगढ़िया ने कहा कि आज के बच्चे डिजिटल युग में बड़े हो रहे हैं। कोडिंग एक ऐसा कौशल है, जिसका उपयोग हर दिन किसी न किसी रूप में हो रहा है। यह बच्चों को प्रयोग करना सिखाती है। कोडिंग कांटेस्ट में विजेता बनने पर मुख्य अतिथि ने पुरस्कार प्रदान किया। पुरस्कृत होने वालों में अभी वर्मा, अनुराग बेदिया, रानवी मौर्य, अलीना अंबरीन, फरहीन अफसरा, हिया कुमारी, सौरव सिंह, वैभव कुमार वर्मा, प्रियांशु कुमारी, अभिजीत राज कुशवाहा, आंचल कुमारी, अंकित कुमार, निकेत कुमार उपाध्याय, संजना कुमारी, सरस्वती कुमारी, सोमिया केसरी, कोमल कुमारी, नौशीन अहमद, वाणी कुमारी, मिस्टी कुमारी, सुजल सोरेन, तेजस झा, अंशुमन कुमार, हिमांशु कुमार, गौरव सिंह, निधि कश्यप, सना राज शामिल हैं।

### छात्रों के बीच पहुंचे एनकाउंटर स्पेशलिस्ट पीके सिंह

# बच्चों के मन में बने पुलिस की बेहतर छवि : पीके सिंह

आजाद सिपाही संवाददाता

रामगढ़। जिले में एनकाउंटर स्पेशलिस्ट पीके सिंह की छवि बड़ी अनोखी है। एक ओर कुख्यात अपराधियों के बीच उनके नाम का दहशत कायम है, वहीं मासूम बच्चों के बीच वे बच्चे ही बन जाते हैं। पेट्रोलिंग के दौरान अचानक वह अपनी पूरी टीम के साथ छत्तरमांडू के श्रद्धा शिशु मंदिर स्कूल में पहुंचे। यहां बच्चों ने पुलिस को देखकर उत्सुकता जताई। एनकाउंटर स्पेशलिस्ट पीके सिंह बच्चों के साथ ऐसे घुल मिल गये, जैसे वह कोई दबंग पुलिस अधिकारी नहीं, बल्कि उनके परिवार के ही एक सदस्य हों। पीके सिंह से मिलने के बाद बच्चों के मन में भी कई सवाल उठे। एक-एक कर सभी बच्चों के सवालों का जवाब उन्होंने दिया। उन्होंने पुलिस का बच्चों के प्रति मित्रता और अपनापन व्यवहार झलका कर बच्चों का दिल जीत लिया। स्कूली छात्रों ने बातों ही बातों में एनकाउंटर स्पेशलिस्ट पीके सिंह को अंकल कहकर बुलाना शुरू कर दिया। इस दौरान कुछ बच्चों ने यह भी कहा कि आप तो काफी अच्छे हैं, लेकिन मम्मी पापा पुलिस के नाम से डराते हैं। कई बच्चों ने कहा कि जब भी सड़कों पर वे निकलते हैं, तो उनके पैरेंट्स पुलिस को पकड़वाने की धमकी देते हैं। कुछ बच्चों ने पुलिस कैसे काम करती है, इसकी भी जानकारी हासिल करनी चाही। बच्चों के मन में उठे दर्जनों सवालों का जवाब पीके सिंह ने दिया। उन्होंने बताया कि पुलिसिंग का मतलब समाज के बेहतर निर्माण में सहयोग करना है। आम नागरिकों के साथ पुलिस का पारिवारिक संबंध ही कायम रहता है। जो लोग आपराधिक प्रवृत्ति को अपना लेते हैं, उनके खिलाफ पुलिस सख्त एक्शन लेती है। पुलिस भी अपना काम आम नागरिकों के सहयोग से ही करती है। इसलिए किसी भी पुलिस को देखकर मन में सुरक्षा का भाव ही जागना चाहिए, ना की वर्दी देखकर डर जाये।



### बच्चों के प्रति दबंग इंस्पेक्टर में दिखी ममता

रामगढ़ थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर के रूप में काम कर रहे एनकाउंटर स्पेशलिस्ट इंस्पेक्टर पीके सिंह के नाम से अपराधी कांपते हैं। लेकिन जब वह स्कूली बच्चों के बीच थे तो एक दबंग अधिकारी के सीने में धड़कता मासूम दिल भी लोगों को महसूस हुआ। बच्चों के प्रति उनकी ममता ने यह बता दिया कि वह समाज को एक बेहतर दिशा देने का प्रयास कर रहे हैं। समाज के भविष्य के रूप में तैयार होने वाली पीढ़ी किस तरह पुलिस के साथ तालमेल बिठायेगी इस पर भी उन्होंने अपने विचार रखें।

### मामला : आदर्श विद्यालय, कुजू के जर्जर शौचालय से फैले दुर्गंध का

# सरकारी स्कूल के शौचालय से फैल रहे दुर्गंध पर पड़ोसी ने जताया विरोध

आजाद सिपाही संवाददाता

कुजू। कुजू चौक स्थित आदर्श राजकीय मध्य विद्यालय का जर्जर शौचालय से फैल रही दुर्गंध के मामले में पड़ोसी ने कड़ा विरोध जताते हुए बवाल काटा। वहीं, विद्यालय प्रधानाध्यापक ने एक युवक पर अभद्र भाषा का प्रयोग करने का आरोप लगाते हुए कुजू पुलिस से न्याय की गुहार लगायी। इधर, आरोपी युवक से कुजू पुलिस ने पूछताछ की है।

**क्या कहते है पड़ोसी इमरान:** पड़ोसी मो इमरान ने बताया कि स्कूल से सटा हमारा दो मंजिला आवास है। ठीक बगल में विद्यालय का जर्जर शौचालय है। जिससे काफी दुर्गंध फैलता है। वहीं, पास में ही जबरन कूड़ादान बनाया है। इसी मामले को लेकर हम सभी विद्यालय प्रबंधन से कूड़ा को अन्यत्र जमा कर रखने की मांग कर रहे है।





### क्या है मामला

जानकारी के अनुसार, बुधवार की सुबह करीब 11 बजे कुजू चौक स्थित आदर्श राजकीय मध्य विद्यालय के सटे गृहस्वामी मो इमरान ने विद्यालय पहुंचकर प्रबंधन से जर्जर शौचालय से फैल रही दुर्गंध को लेकर अविलंब उचित कार्रवाई करने की मांग की। साथ ही, घर के पास विद्यालय प्रांगण में जबरन कूड़ा जमा करने का विरोध जताया। इस पर विद्यालय प्रबंधन और पड़ोसी के बीच कहा सुनी हो गई। इस दौरान विद्यालय प्रधानाध्यापिका आशा रानी गुप्ता द्वारा पड़ोसी को काफी समझाने बुझाने का प्रयास किया गया। इसी बीच विरोध जताने के दौरान पास खड़े एक अन्य युवक ने प्रधानाध्यापिका को खरी खोटी सुना दी। जहां प्रधानाध्यापक ने युवक पर अभद्र भाषा का प्रयोग करने का आरोप लगाते हुए कुजू ओपी जाकर लिखित सूचना दी। जिसके बाद कुजू पुलिस ने मिली सूचना पर विद्यालय जाकर उत्पन्न विवाद मामले की जानकारी ली। वहीं, आरोपी युवक को जावेद से कुजू पुलिस पूछताछ की। इधर, कुजू पश्चिमी पंचायत मुखिया जयकुमार ओझा ने मामले की गंभीरता को देखते हुए विद्यालय में चार कूड़ेदान की व्यवस्था कराने का आश्वासन दिया।

## पूर्व मंत्री ने बारिश से प्रभावित परिवारों से की मुलाकात

हंटरगंज/ चतरा(आजाद सिपाही)। पूर्व मंत्री सत्यानंद भोगता हंटरगंज प्रखंड क्षेत्र के केंदली पंचायत का दौरा किया और लगातार हो रहे भीषण बारिश से प्रभावित लोगों से मुलाकात की। भारी बारिश के कारण लगभग दो दर्जन से अधिक घरों में पानी घुस गया है और दर्जनों मिट्टी के घर गिर चुके हैं। श्री भोगता ने सभी पीड़ित परिवारों से मुलाकात कर तत्काल खाने पीने की सामग्री का व्यवस्था अपने निजी मद से करवाया। साथ ही उन्हें आर्थिक मदद की। उन्होंने प्रखंड विकास पदाधिकारी से सभी परिवारों को तत्काल पंचायत भवन या सरकारी भवन आदि में शिफ्ट कराने, जिनके घर गिर चुके हैं उन परिवारों को आवास योजना के तहत आवास दिलाने आदि का निर्देश दिया। उक्त कार्यक्रम के दौरान बीस सूत्री कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति के जिला उपाध्यक्ष प्रभुदयाल यादव, स्थानीय मुखिया अशोक यादव, प्रमुख प्रतिनिधि कमलेश यादव, असरफी सिंह, अनिल सिंह समेत कई गणमान्य मौजूद थे।

# डीसी ने किया डिवाइन ओंकार मिशन आवासीय विद्यालय का निरीक्षण

बच्चों संग किया समय व्यतीत, दी शुभकामनाएं

आजाद सिपाही संवाददाता

रामगढ़। डीसी फैज अक अहमद मुमताज ने बुधवार को टायर मोड़ स्थित डिवाइन ओंकार मिशन संस्था द्वारा संचालित आवासीय विद्यालय का निरीक्षण किया। इस दौरान डीसी ने डिवाइन ओंकार मिशन के सचिव राजेश कुमार नागी से संस्था द्वारा किये जा रहे कार्यों की जानकारी ली। मौके पर उन्होंने विद्यालय के माध्यम से बच्चों को मिल रहे लाभ और विभिन्न सुविधाओं की भी जानकारी ली। निरीक्षण के क्रम में डीसी ने डिवाइन ओंकार मिशन आवासीय विद्यालय के बच्चों के साथ समय व्यतीत किया और उन्हें विद्यालय के माध्यम से मिल रहे लाभ आदि की जानकारी ली। मौके पर डीसी ने सभी बच्चों को उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। साथ ही उन्होंने सचिव डिवाइन ओंकार मिशन को संस्था द्वारा किये जा रहे कार्यों में किसी भी प्रकार की सहायता व समस्या से उन्हें अवगत कराने की बात कही।



### सहायक उत्पाद आयुक्त ने डीसी को सौंपी सूची

# बरलंगा से पतरातू और भुरकुंडा से घाटो तक खुलेगी 42 शराब दुकान

आजाद सिपाही संवाददाता

रामगढ़। सरकार की नई उत्पाद नीति को लेकर तैयारी पूरी हो गयी है। जिले में वित्तीय वर्ष 2025-26 में माह सितंबर से मार्च 2026 तक के लिए 42 दुकानों के लिए स्थान चिन्हित कर लिए गये हैं। इस बार उत्पाद विभाग ने बरलंगा को भी इस सूची में शामिल कर लिया है। इससे पहले कभी भी बरलंगा में शराब की दुकान नहीं थी। इस इलाके के लोग शराब खरीदने के लिए गोला प्रखंड मुख्यालय या रांची जिला के सिल्ली इलाके में जाया करते थे। बरलंगा थाना क्षेत्र में दो दुकानें खोलने का निर्णय उत्पाद विभाग ने लिया है।

**सहायक उत्पाद आयुक्त ने डीसी को सौंपी सूची :** सहायक उत्पाद आयुक्त विमला लकड़ा ने बुधवार को डीसी फैज अक अहमद मुमताज को पूरी सूची उपलब्ध करा दी है। उन्होंने डीसी को बताया कि रामगढ़ जिला अंतर्गत बंदोबस्त की जाने वाली कंपोजिट और देसी शराब की दुकानों के लिए स्थान चिन्हित कर लिए गये हैं। जिले में 31 कंपोजिट शराब की दुकानें होगी और 11 दुकानें देसी शराब की होगी। रामगढ़ छावनी परिषद क्षेत्र में पांच दुकानें स्थापित होगी, जहां से लोगों को शराब मिलेगी। इसके अलावा रामगढ़ नगर परिषद क्षेत्र में 3 दुकानें होगी।

**रामगढ़ के लोगों को यहां से मिलेगी देसी शराब :** रामगढ़ जिला वासियों के लिए देसी शराब 11 दुकानों से उपलब्ध होगी। रामगढ़ छावनी परिषद क्षेत्र में चार दुकानें देसी शराब की बिक्री के लिए, खोली जायेगी। नगर परिषद के मरार और बरकाकाना, चितरपुर प्रखंड मुख्यालय, पतरातू प्रखंड मुख्यालय, भुरकुंडा, कुजू ओपी क्षेत्र के करमा और वेस्ट बोकारो ओपी क्षेत्र के बसंतपुर में देसी शराब की दुकान खुलेगी।



### इन क्षेत्रों में खुलेगी कंपोजिट शराब की दुकान

सहायक उत्पाद आयुक्त ने बताया कि चितरपुर प्रखंड मुख्यालय, रजरप्पा से हुटुंगदाग, दुलमी प्रखंड मुख्यालय में शराब की दुकान खुलेगी। यह सभी रजरप्पा थाना क्षेत्र अंतर्गत आयेंगे। गोला प्रखंड मुख्यालय में दो दुकानें, बरलंगा थाना क्षेत्र में सिल्ली मोड़ से हारूबेड़ा के बीच और बरलंगा में दुकान खुलेगी। रामगढ़ नगर परिषद क्षेत्र अंतर्गत कुजू ओपी क्षेत्र के सेवटा और बरकाकाना में शराब की दुकान खुलेगी। पतरातू प्रखंड मुख्यालय में दो दुकानें, भदानी नगर में एक, भुरकुंडा में दो, सीसीएल सौंदा, सायल, कुजू बाजार में दो, वेस्ट बोकारो ओपी क्षेत्र में बसंतपुर, केदला, सोनडीहा, कुजू ओपी क्षेत्र में आराकांटा, तोपा, मांडू प्रखंड मुख्यालय में शराब की दुकान खुलेगी।

## ठेकेदारों से लेवी मांगने वाला उग्रवादी देशी कट्टा और कारतूस के साथ गिरफ्तार



चतरा (आजाद सिपाही)। पुलिस ने ठेकेदारों और व्यवसायियों से लेवी मांगने वाला एक उग्रवादी को एक देशी कट्टा और कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार उग्रवादी अजय गंझू लावालौंग थाना क्षेत्र के कनवातरी गांव का रहने वाला है। यह जानकारी एसपी सुमित कुमार अग्रवाल ने बुधवार को अपने कार्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में दी। एसपी ने बताया कि चतरा जिले में पिछले कुछ दिनों से ठेकेदारों व व्यवसायियों से टीएसपीसी के नक्सली मोहन जी के नाम पर लेवी की मांग किया जा रहा था। इस मामले में हजारीबाग जिले के चुरचु थाना क्षेत्र के बोदर गांव निवासी सह मुखिया सहदेव किस्कू के बयान पर लावालौंग थाना में एक मामला दर्ज किया गया था। मामले के उद्भेदन के लिए सिमरिया एसडीपीओ शुभम खंडेलवाल के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। टीम में लावालौंग थाना प्रभारी रुपेश कुमार, पुलिस अवर निरीक्षक सूर्य प्रताप सिंह, हवलदार वीरेंद्र प्रसाद, आरक्षी अशोक साव, प्रमोद कुमार सिंह व करमचंद उरांव शामिल थे। टीम ने टेक्निकल सेल के मदद से जिस मोबाइल नंबर से लेवी की मांग की जा रही थी, उसको ट्रेस किया। जांच में पता चला कि लावालौंग थाना क्षेत्र के कनवातरी गांव के रहने वाले अजय गंझू ही मोहन उर्फ मनमोहन के नाम पर ठेकेदारों और व्यवसायियों से लेवी मांग रहा है। टीम ने छापेमारी अभियान चलाकर अजय गंझू को उसके घर से गिरफ्तार किया। गिरफ्तारी के दौरान इसके पास से एक देसी कट्टा, एक कारतूस और दो मोबाइल बरामद किया गया।

## श्री गुरुनानक पब्लिक स्कूल में पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का भव्य आयोजन



रामगढ़ (आजाद सिपाही)। श्री गुरुनानक पब्लिक स्कूल, रामगढ़ के विद्यार्थियों ने बुधवार को विद्यालय सभागार में अपनी कला के माध्यम से रंगों की दुनिया को साकार किया। सभागार में ललित कला विभाग की ओर से आयोजित पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन तथा स्वागत गान के साथ हुआ। इस प्रतियोगिता में कक्षा सातवीं, आठवीं और नवीं के छात्र-छात्राओं ने उत्साह पूर्वक भाग लेकर अपनी रचनात्मक सोच को कागज के पन्नों पर उतारा। प्राचार्य हरजाप सिंह ने विद्यार्थियों में सभी विषयों को समग्र रूप से आपस में जोड़कर शिक्षा देने में ललित कला की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए और विद्यार्थियों को उनकी रुचि के अनुसार कला के माध्यम से शिक्षा ग्रहण करने पर जोर दिया। विद्यार्थियों के बने पोस्टर को देखकर उनकी भूरी भूरी प्रशंसा करते हुए प्राचार्य महोदय ने उन्हें भविष्य में भी अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। छात्रों की समस्या परख और दूर दृष्टि की सराहना की क्योंकि बच्चे ही कल के भविष्य है। कार्यक्रम में गुरुद्वारा प्रबंधक समिति के सदस्य परमदीप सिंह कालरा और विद्यालय प्रबंधक समिति के सदस्य सरदार मनमोहन सिंह लांबा,सरदार हरपाल सिंह अरोड़ा, सरदार सुरेंद्र पाल सिंह चंडोक, सरदार कुलजीत सिंह कालरा, सरदार वरिंदर सिंह चंडोक, सरदार गुरप्रीत सिंह जॉली, सरदार नरिंदर पाल सिंह गुजराल, सरदार पुष्पिंदर पाल सिंह, सरदार कुलजीत सिंह छाबड़ा, सरदार गुरदीप सिंह सैनी, सरदार सतिंदर सिंह होरा, सरदार विक्रमजीत सिंह कोहली, सरदार गुरप्रीत सिंह चावा, सरदार रमन बेदी और सरदार करमजीत सिंह जग्गी की उपस्थिति रही।

## वित्तीय जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन



चतरा (आजाद सिपाही)। रिजर्व बैंक एकीकृत लोकपाल कार्यालय, रांची की ओर से चतरा कॉलेज, चतरा में विद्यार्थियों के लिए एक वित्तीय जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता रिजर्व बैंक एकीकृत लोकपाल मनोज रंजन ने की। इस अवसर पर कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने बड़ी संख्या में सक्रिय भागीदारी निभायी। कार्यक्रम में रिजर्व बैंक एकीकृत लोकपाल योजना 2021 के अंतर्गत की जाने वाली शिकायतों, शिकायत दर्ज कराने की प्रक्रिया एवं माध्यमों की जानकारी दी गयी। साथ ही डिजिटल और इंटरनेट बैंकिंग से जुड़े लेन-देन में बरती जाने वाली सावधानियों पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। प्रतिभागियों के लिए वीडियो और पावर पॉइंट प्रस्तुतियों के माध्यम से विषयों को सरल और रोचक तरीके से प्रस्तुत किया गया। इसके बाद आयोजित प्रश्नोत्तर सत्र में छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सही उत्तर देने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत भी किया गया। कार्यक्रम में बैंक ऑफ इंडिया के उप आंचलिक प्रबंधक श्री एल. एन. डागा और अग्रणी जिला प्रबंधक श्री अहसन अहमद भी उपस्थित थे। कार्यक्रम का समापन कॉलेज के प्राचार्य मुकेश कुमार झा द्वारा प्रस्तुत धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

**दक्षिण पूर्व रेलवे-निविदा**

ई-निविदा सूचना सं. 01-टेंडर-ईएल-सीओएन-सीकेपी-25-26, दिनांक 15.07.2025; भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से उप मुख्य विद्युत अभियंता (निर्माण), दक्षिण पूर्व रेलवे, राउरकेला-769013 द्वारा निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: कार्य का संक्षिप्त विवरण: रांची मंडल के हटिया-बंडामुंडा अनुभाग के बीच दोहरीकरण कार्य के संबंध में कानारोवां (सहित)-परबाटोनिया (सहित) के बीच 25केवी ओएचई की आपूर्ति, स्थापना, जांच एवं चालू करने के लिए शेष बचे हुए कार्य का निष्पादन। लागत: रु. 5,28,78,883; बोली सुरक्षा: रु. 4,14,400; समापन अवधि: 12 (बारह) महीने। नियत तारीख: 18.08.2025; निविदाओं के परिपूर्ण विवरण/ब्यौरा/विनिर्देशन के लिए इच्छुक निविदादातागण वेबसाइट www.ireps.gov.in देख सकते हैं तथा अपनी बोलियां ऑनलाइन जमा करें। इन मदों के लिए किसी भी परिस्थिति में मैनुअल निविदा स्वीकार नहीं की जाएगी। वि.द्र.: अन्य सभी निविदाओं में भाग लेने के लिए प्रत्याशित बोलीदातागण नियमित रूप से www.ireps.gov.in देख सकते हैं। (PR-402)

**शपथ पत्र**

शपथ पत्र संख्या 1645 दिनांक 06.05.2025 के अनुसार में, रोहित कुमार पिता स्व० मानदेव राम उम्र लगभग 55 वर्ष धर्म- हिन्दू, राष्ट्रीयता - भारतीय, निवासी ग्राम के.के. कोलियरी पोड़ा, पो०- सयाल, थाना - पतरातू, जिला- रामगढ़ (झारखण्ड), निम्नलिखित ब्यान करता हूँ कि :- 1. यह कि, रौनक राज (ROUNAK RAJ) मेरा पुत्र है जिसका वास्तविक एवं सही जन्म तिथि 24/09/2011 है जो मेरा पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र व आधार कार्ड में दर्ज है।
2. यह कि मेरा पुत्र केन्द्रीय विद्यालय पतरातू में वर्ग आँठवा का छात्र है। जिसका नाम विद्यालय नामांकन पंजी में रौनक पासवान (ROUNAK PASWAN) दर्ज है। 3. यह कि रौनक राज (ROUNAK RAJ) एवं रौनक पासवान (ROUNAK PASWAN) दोनो नाम एक ही बच्चा का है जो मेरा पुत्र है।
4 यह कि यह शपथ पत्र में अपने पुत्र के विद्यालय नामांकन पंजी में रौनक पासवान (ROUNAK PASWAN) के स्थान पर रौनक राज (ROUNAK RAJ) सुधार करने हेतु बना रहा हूँ। 5. यह कि उपरोक्त कथन सत्य व सही है।

# ओड़िशा की घटना से व्यवस्था पर सवाल

ओड़िशा के बालासोर में कॉलेज फैकल्टी पर यौन उत्पीड़न का आरोप लगाने वाली छात्रा की मौत पूरे सिस्टम की हार है। सरकारी स्तर पर अभी जिस तरह की सक्रियता दिख रही है, अगर वह पहले दिखती, तो शायद इस तरह की नौबत नहीं आती। इस मसले पर राजनीति भी शुरू हो चुकी है, लेकिन जरूरत है ऐसी संवेदनशील प्रणाली की, जहां किसी छात्रा को लाचार होकर ऐसा आत्मघाती कदम न उठाना पड़े।

**सुनवाई नहीं:** बीएड स्टूडेंट ने अपने एचओडी की शिकायत प्रिंसिपल से की थी। अब यह तथ्य सामने है कि खुद को आग लगाने से कुछ दिनों पहले भी उसने एक्स पर सार्वजनिक रूप से अपनी शिकायत रखते हुए चेताया था कि अगर कार्रवाई नहीं हुई, तो वह जान दे देगी। कॉलेज की इंटरनल कंप्लेंट कमिटी से लेकर प्रिंसिपल तक, वह जहां तक पहुंच सकती थी, गयी, लेकिन कहीं सुनवाई नहीं हुई।

**यह कैसी इमेज:** आरोप है कि प्रिंसिपल ने पीड़िता पर शिकायत वापस लेने का दबाव बनाया, क्योंकि उन्हें कॉलेज की इमेज खराब होने की चिंता थी। इस मामले में एक बड़ी भूमिका इस कथित इमेज की है, जिसे बचाने के चक्कर में अक्सर अपराध को छिपाया जाता है। लेकिन क्या किसी शैक्षणिक संस्थान की छवि एक छात्रा के जीवन से बढ़कर हो सकती है और क्या अपराध की शिकायत पर कार्रवाई करने से इमेज दागदार होती है?

> इस मामले में एक बड़ी भूमिका इस कथित इमेज की है, जिसे बचाने के चक्कर में अक्सर अपराध को छिपाया जाता है। लेकिन क्या किसी शैक्षणिक संस्थान की छवि एक छात्रा के जीवन से बढ़कर हो सकती है और क्या अपराध की शिकायत पर कार्रवाई करने से इमेज दागदार होती है?

**बार-बार हो रही लापरवाही:** ओड़िशा का नाम पिछले कुछ महीनों में इस तरह की घटनाओं में लगातार आया है। इस साल फरवरी में भुवनेश्वर के कलिंगा इंस्टिट्यूट ऑफ इंडस्ट्रियल टेक्नॉलजी (कीट) में बीटेक थर्ड इयर की एक नेपाली स्टूडेंट ने खुदकुशी कर ली थी। वहां भी पीड़िता ने एक छात्र पर प्रताड़ित करने का आरोप लगाया था और उस केस में भी विश्वविद्यालय प्रशासन ने लापरवाही बरती, जिससे मामला भारत-नेपाल के बीच कूटनीतिक स्तर तक पहुंच गया था।

**बढ़ते मामले:** ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने मार्च में विधानसभा में बताया था कि 2020 से फरवरी 2025 के दौरान पूरे राज्य के विभिन्न स्कूल-कॉलेजों में 72 स्टूडेंट खुदकुशी कर चुके हैं। इनमें से ज्यादातर के पीछे वजह थी - मेंटल प्रेशर, उत्पीड़न, पढ़ाई का दबाव, घरेलू परेशानियां, डिप्रेशन वगैरह।

**औपचारिकता न हो:** यूजीसी की गाइडलाइंस के मुताबिक, हर शैक्षणिक संस्थान में सेक्सुअल हैरेसमेंट की जांच के लिए कमिटी होनी चाहिए। हालांकि यह सबसे शुरुआती जरूरत है। कमिटी तो हो, लेकिन साथ में संवेदनशीलता भी चाहिए - जो स्टूडेंट के साथ संवाद और तय समय सीमा के भीतर जांच करे। जांच में दोषी पाये जाने पर उस शख्स को सजा भी मिलनी चाहिए। तभी ऐसे मामलों में इंसाफ हो पायेगा।

अभिमत
आजाद सिपाही

**भारत में समानता लाने में मोदी सरकार की योजनाओं का बहुत योगदान है। इसमें नयी योजनाएं हैं और पुरानी का बेहतर कार्यान्वयन भी है। इन योजनाओं के जरिये लोगों तक आर्थिक पहुंच में सुधार करना, राज्य की ओर से दिये जा रहे कल्याणकारी फायदों को जमीनी स्तर तक पहुंचाना और इस पूरी प्रक्रिया में समाज के कमजोर और कमजोर प्रतिनिधित्व वाले समूहों का सहयोग करना है। इसमें प्रधानमंत्री जन-धन योजना को पहले स्थान पर रखा जा सकता है।**

# समानता रिपोर्ट में बेहतरी की ओर भारत

**डॉ उमेश नारायण**



**इसे** संयोग कहें या कुछ और, जिस समय भारतीय संविधान की प्रस्तावना में आपातकाल के दिनों जोड़े गये शब्दों 'धर्मनिरपेक्ष' और 'समाजवादी' को लेकर बहस हो रही है, ठीक उसी वक्त आयी विश्व बैंक की रिपोर्ट ने भारतीय समाज को ज्यादा समतामूलक बताया है। विश्व बैंक की इस रिपोर्ट के अनुसार, भारत इस रैंकिंग में चोटी के चार देशों में शामिल हो गया है, जबकि दुनिया की नंबर एक और नंबर दो अर्थव्यवस्थाएं यानी अमेरिका और चीन उससे पीछे हो गयी हैं। भारत से आगे स्लोवाक गणराज्य, स्लोवेनिया और बेलारूस हैं। दिलचस्प यह है कि जिस समय यह रिपोर्ट आयी, ठीक उन्हीं दिनों ऑक्सफैम जैसी दूसरी एजेंसियों की ओर से आयी रिपोर्टों के हवाले से भारत में बढ़ती आर्थिक असमानता को लेकर सवाल उठ रहे थे। ऐसे में विश्व बैंक की इस रिपोर्ट का आना और उसके समानता सूचकांक में भारत का बेहतर प्रदर्शन करना सुखद आश्चर्य का कारण तो बनता ही है।

विश्व बैंक के समानता सूचकांक को गिनी सूचकांक भी कहा जाता है। एक तरह से यह आर्थिक विकास को सामाजिक समानता से जोड़ने का सूचकांक है। इस आंकड़े के अनुसार, भारत का गिनी इंडेक्स 25.5 है। इस सूचकांक के अनुसार, भारत 'सामान्य से कम' असमानता श्रेणी में है। मानकों के अनुसार, इस श्रेणी के लिए स्कोर 25 से 30 के बीच होता है। यह 'कम असमानता' वाले समूह के मानक से कुछ ही ज्यादा है। इस श्रेणी में स्लोवाक गणराज्य शामिल है। स्लोवाक का गिनी इंडेक्स 24.1 है। इसी तरह दूसरे स्थान पर रहे सोवियत संघ के पूर्व हिस्से और मौजूदा स्लोवेनिया देश का सूचकांक 24.3 है। इसके बाद 24.4 अंकों के साथ बेलारूस है। इन तीनों के बाद भारत का नंबर है। गौरतलब है कि विश्व बैंक ने दुनिया के 167 देशों का गिनी इंडेक्स जारी किया है। इनमें भारत की स्थिति बहुत बेहतर है। विश्व बैंक की इस रिपोर्ट के अनुसार, सिर्फ 30 देश 'सामान्य से कम' असमानता वाली श्रेणी में आये हैं, जिनमें अत्यधिक लोक कल्याण वाले अनेक यूरोपीय देश जैसे आइसलैंड, नॉर्वे, फिनलैंड, बेल्जियम और पोलैंड शामिल हैं। इसमें संयुक्त अरब अमीरात जैसा धनी देश भी शामिल है। इस सूचकांक के लिहाज से भारत का प्रदर्शन विगत के डेढ़ दशक की तुलना में बहुत बेहतर है। साल 2011 में भारत का गिनी सूचकांक 28.8 था। साल 2022 में यह 25.5 पर पहुंच गया।

> देश में अरबपतियों की संपति में एक दशक में करीब 10 गुना की बढ़ोतरी हुई है।

भारत में समानता लाने में मोदी सरकार की योजनाओं का बहुत योगदान है। इसमें नयी योजनाएं हैं और पुरानी का बेहतर कार्यान्वयन भी है। इन योजनाओं के जरिये लोगों तक आर्थिक पहुंच में सुधार करना, राज्य की ओर से दिये जा रहे कल्याणकारी फायदों को जमीनी स्तर तक पहुंचाना और इस पूरी प्रक्रिया में समाज के कमजोर और कमजोर प्रतिनिधित्व वाले समूहों का सहयोग करना है। इसमें प्रधानमंत्री जन-धन योजना को पहले स्थान पर रखा जा सकता है। इस योजना के तहत 25 जून, 2025 तक 55.69 करोड़ से ज्यादा लोगों के पास जन-धन खाते थे। इनके जरिये ना सिर्फ लोगों को राज्य की ओर से मिलने वाली कल्याणकारी योजनाओं का फायदा सीधे पहुंच रहा है, बल्कि वित्तीय कामकाज के लिए बैंकों तक इन लोगों का जुड़ाव बढ़ा है। इससे लोगों की आर्थिक स्थिति सुधर रही है।

आधार और डिजिटल पहचान के जरिये कल्याणकारी योजनाओं की पहुंच अंतिम व्यक्ति तक सुनिश्चित हुई है। तीन जुलाई, 2025 तक देश के 142 करोड़ से अधिक लोगों के आधार कार्ड जारी किये जा चुके थे। राज्य की कल्याणकारी योजनाओं का भुगतान और सब्सिडी आदि को अब सीधे लोगों के खातों में पहुंचाया जा रहा है। इसकी वजह से देश की बचत बढ़ी है। एक आंकड़े के अनुसार, मार्च 2023 तक देश की संचयी बचत 3.48 लाख करोड़ तक पहुंच चुकी थी। जाहिर है कि इनमें से ज्यादातर लोगों का पैसा प्रत्यक्ष और सीधे खातों तक वित्तीय मदद पहुंच रहा है। भारत की आर्थिक और सामाजिक असमानता को कम करने में आयुष्मान भारत योजना का भी हाथ मान सकते हैं। इसके जरिये इससे कवर परिवार को सालाना पांच लाख रुपए तक का स्वास्थ्य बीमा मिल रहा है। केंद्र सरकार के आंकड़ों के अनुसार तीन जुलाई, 2025 तक देशभर में 41.34 करोड़ से अधिक आयुष्मान कार्ड जारी किये जा चुके हैं। इसके दायरे में देश भर के 32,000 से अधिक अस्पताल शामिल हैं। इस योजना के तहत 70 वर्ष और उससे अधिक आयु के सभी नागरिकों के लिए आयुष्मान वय वंदना योजना शुरू की जा चुकी है, चाहे उनकी आय जो भी हो। आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन की वजह से यह प्रयास और मजबूत हुआ, जिसमें लोगों को डिजिटल स्वास्थ्य सेवाओं से जोड़ने के लिए 79 करोड़ से अधिक स्वास्थ्य खाते बनाये जा चुके हैं। भारत में आर्थिक और सामाजिक असमानता को दूर करने में स्टैंड-अप इंडिया जैसी योजना के योगदान को नकारा नहीं जा सकता। देश में उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए स्थापित इस योजना के जरिये दलित और आदिवासी एवं महिला उद्यमियों को ग्रीनफील्ड उद्योग स्थापित करने के लिए 10 लाख से एक करोड़ रुपये तक का कर्ज दिया जा रहा है।

भारत में जारी प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना देश की खाद्य और सामाजिक सुरक्षा का मजबूत स्तंभ बन चुकी है। कोरोना महामारी के दौरान शुरू की गयी इस योजना तहत 80.67 करोड़ लोगों को खाद्यान्न दिया जा रहा है। मुफ्त मिल रहे खाद्यान्न का उद्देश्य है कि देश का कोई भी व्यक्ति भूखे पेट ना सोये। भारत में गरीबी कम करने में प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना का भी अपना विशेष योगदान मान सकते हैं। इसके तहत पारंपरिक कारीगरों और शिल्पकारों बिना किसी जमानत के ऋण, टूलकिट, डिजिटल प्रशिक्षण और मार्केटिंग सहायता दिये जा रहे हैं। इस साल जुलाई के पहले सप्ताह तक इस योजना के तहत 29.95 लाख व्यक्तियों को फायदा मिल चुका है। इससे शहरी और ग्रामीण, दोनों तरह की गरीबी दूर करने में मदद मिली है।

इसका यह मतलब नहीं कि ऑक्सफैम की रिपोर्ट को अनदेखा कर दिया जाये। इसके अनुसार देश में आर्थिक असमानता बहुत ज्यादा है। इस रिपोर्ट के अनुसार देश के सबसे अमीर महज एक प्रतिशत लोगों के पास देश की चालीस फीसदी से ज्यादा की संपत्ति है, जबकि सबसे गरीब आधी आबादी के पास सिर्फ तीन प्रतिशत संपत्ति है। यह असमानता आय, संपत्ति और अवसरों में भी साफ तौर पर दिखती है। इस रिपोर्ट के मुताबिक, देश में अरबपतियों की संपत्ति में एक दशक में करीब 10 गुना की बढ़ोतरी हुई है। उनकी कुल संपत्ति वित्त वर्ष 2018-19 में भारत के केंद्रीय बजट से भी ज्यादा रहा। साफ है कि गिनी सूचकांक में भारत की स्थिति सुधरी तो है, लेकिन ऑक्सफैम की रिपोर्ट असमानता की ओर भी ध्यान दिलाती है। इसकी ओर भी ध्यान दिया जाना होगा। तभी हम सही मायने में समतामूलक और समाजवादी समाज बन सकेंगे, क्योंकि समाजवाद का मतलब पूंजी का विकेंद्रण होता है, संकेंद्रण नहीं।

**(ये लेखक के अपने विचार हैं।)**

## कोल्हान की खबरें

# दिशा की बैठक में विकास योजनाओं की समीक्षा, दिये गये निर्देश

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति (दिशा) की एक बैठक डीसी कार्यालय के सभागार में आयोजित की गयी। बुधवार को सांसद बिद्युत बरण महतो की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में बहरागोड़ा विधायक समीर मोहंती, जुगसलाई के विधायक मंगल कालिंदी, जमशेदपुर पूर्वी विधायक पूर्णिमा साहू, जमशेदपुर पश्चिम के प्रतिनिधि मुकुल मिश्रा, जिला परिषद के उपाध्यक्ष पंकज सिंह, मुचीराम बाउरी के अलावा प्रखंडों के प्रमुख उपस्थित रहे।बैठक में जिले के विभिन्न सरकारी योजनाओं की प्रगति पर समीक्षा की गयी। साथ ही अधिकारियों को जरूरी दिशा-निर्देश दिये गये। सांसद श्री महतो ने बागबेड़ा जलापूर्ति योजना के संबंध में जानकारी मांगते हुए कहा अक्सर यह कहा जाता है राशि की कमी के कारण यह योजना अधूरी पड़ी है और यदि राशि की मांग विभाग के द्वारा की गयी है तो इस संबंध में यह बताया जाए कि यह कहां लंबित है। इस पर पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, जमशेदपुर के कार्यपालक अभियंता ने बताया की वर्तमान में लगभग 10 करोड़ की राशि उपलब्ध है और कार्य प्रगति पर है। सांसद श्री महतो ने इसके अतिरिक्त अपनी ओर से जिन महत्वपूर्ण विषयों को उठाया उसमें मुख्य रूप से मानसमुड़िया जलापूर्ति योजना, चंदनपुर जलापूर्ति योजना, बंद पड़े हुए चापाकल की मरम्मतीकरणग्रामीण विकास विभाग के द्वारा विभिन्न सड़कों के मरम्मतीकरण की गुणवत्तापूर्ण हो, बैंकों में केवाइसी की प्रक्रिया का सरलीकरण,सभी आंगनबाड़ी केंद्रों पर चापाकल व्यवस्था, सड़क एवं पथ निर्माण के दौरान अधिग्रहित किए गए भूमि के मुआवजा का त्वरित भुगतान के संबंध में पदाधिकारी को समुचित दिशा निर्देश दिए। मौके पर सांसद श्री महतो ने घोषणा की अपने सांसद निधि से दो शव वाहन प्रदान करेंगे।बैठक में सांसद ने प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना की जानकारी ली और मुद्रा लोन बैंकों के द्वारा पर्याप्त रूप से उपलब्ध कराने के संबंध में चर्चा की।बहरागोड़ा स्थित ट्रॉमा सेंटर को समुचित रूप से चलने के लिए दिशा निर्देश भी दिये गये।



## सरयू राय कोर्ट में पेश, पुलिस पर लगाया राजनीतिक दबाव में आरोप पत्र दाखिल करने का आरोप



जमशेदपुर/रांची (आजाद सिपाही)। जमशेदपुर पश्चिमी के विधायक सरयू राय बुधवार को रांची के एमपी-एमएलए कोर्ट में पेश हुए। यह पेशी तत्कालीन स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता के निर्देश पर दर्ज ऑफिसियल सीक्रेट एक्ट के मामले में हुई। सरयू राय ने कहा कि पुलिस ने कानून के प्रावधानों की अनदेखी कर राजनीतिक दबाव में उनके खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया है। उन्होंने दावा किया जिन दस्तावेजों के कारण उन पर केस हुआ, वे सामान्य और गैर-गोपनीय हैं। श्री राय ने कहा कि पुलिस ने धारा 120 (बी) भी जोड़ दी, जबकि किसी अन्य अभियुक्त का जिक्र तक नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कोविड प्रोत्साहन राशि घोटाला उजागर करने के बाद उनके खिलाफ साजिशन यह मामला दर्ज कराया गया। उन्होंने कहा कि उन्हें कोर्ट पर पूर्ण भरोसा है और सच्चाई एक दिन सामने जरूर आयेगी।

## शहीद दिवस पर श्रद्धांजलि सभा 18 जुलाई को



जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।शहीद स्मारक निर्माण समिति, जेपी युवा छात्र संघर्ष मोर्चा और झारखंड क्रांति सेना के तत्वावधान में शहीद दिवस के अवसर पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया जायेगा। बुधवार को मोर्चा के संयोजक संजीव आचार्य के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मंडल ने विधायक सरयू राय से मुलाकात कर उन्हें आमंत्रण पत्र सौंपा। संजीव आचार्य ने बताया आगामी 18 जुलाई को सुबह 11 बजे साकची बसंत टॉकीज गोलचक्कर के पास शहीद चौक में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया जायेगा। इस अवसर पर भारत के पूर्व वित्त और विदेश मंत्री और जेपी आंदोलनकारी यशवंत सिन्हा के शामिल होने की प्रबल संभावना है।साथ ही सभा में जमशेदपुर पश्चिम के विधायक सरयू राय, वरिष्ठ नेता शिवानंद तिवारी, दिग्विजय सिंह, एके श्रीवास्तव, सुरेश दत्त पांडे, संतोष अग्रवाल, योगेश शर्मा, केएन सिंह, अवधेश पाठक और विष्णु भगवान समेत कई जेपी आंदोलनकारी नेता उपस्थित रहेंगे। शहीद स्मारक निर्माण समिति, जेपी युवा छात्र संघर्ष मोर्चा और झारखंड क्रांति सेना के तत्वावधान में भव्य श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया जायेगा।शहर को होर्डिंग, पोस्टर और बैनरों से सजाया जायेगा। पदयात्रा और मोटरसाइकिल जुलूस के माध्यम से छात्र, युवा और महिलाएं बड़ी संख्या में श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए पहुंचेंगे।उन्होंने कहा विधायक सरयू राय को आमंत्रण पत्र सौंपकर कार्यक्रम में शामिल होने का अनुरोध किया गया।

## सरायकेला में जमीन विवाद में भाई की हत्या

जमशेदपुर। सरायकेला जिले के रंगपुर गांव में पारिवारिक जमीन विवाद ने खूनी रूप ले लिया। बड़बिल चौक के पास खेत में काम कर रहे लक्ष्मण हेंब्रम की उनके सौतेले भाइयों ने पत्थर से हत्या कर दी। लक्ष्मण अपने खेत में काम कर रहे थे। इसी दौरान जमीन विवाद में पहले से उलझे उनके दो सौतेले भाई वहां पहुंचे। शुरू में हुई बहस झगड़े में बदल गयी। दोनों भाइयों ने मिलकर लक्ष्मण पर पत्थरों से हमला कर दिया। स्थानीय लोगों ने लक्ष्मण को सरायकेला सदर अस्पताल पहुंचाया। डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

पिता ने कर रखी है तीन शादियां: मृतक लक्ष्मण उनके पिता की पहली पत्नी के बेटे थे। आरोपी भाई दूसरी और तीसरी पत्नी से हैं। पिता की तीन शादियों से कई सौतेले भाई हुए। खेती की जमीन को लेकर लंबे समय से विवाद चल रहा था। कई बार पंचायत बैठी, लेकिन जमीन का बंटवारा नहीं हो पाया। लक्ष्मण के परिजनों ने बताया कि उन्होंने पहले भी इस तरह की घटना की आशंका व्यक्त की थी। पुलिस ने बताया कि दोनों आरोपी भाई मौके से फरार हो गये हैं। उनकी तलाश के लिए छापेमारी जारी है। पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त पत्थर और अन्य साक्ष्य बरामद कर लिये हैं।

## सिविल सर्जन ने किया खरसावां सीएचसी का निरीक्षण

सरायकेला-खरसावां (आजाद सिपाही) उपायुक्त नीतीश कुमार सिंह के निर्देशानुसार जिले के सिविल सर्जन डॉक्टर सरयू प्रसाद राय खरसावां सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे, जहां अस्पताल का मुआयना करते हुए सिविल सर्जन ने रविवार की रात अस्पताल में तैनात चिकित्सक नदारत रहने की जांच करते हुए कन्हैया लाल उरांव को शो कॉज करते हुए स्पष्टीकरण मांगा है। अस्पताल के चिकित्सा प्रभारी डॉक्टर वीरांगना सिंकु को निर्देश दिया कि अस्पताल में चिकित्सकों की उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए तीन शिफ्ट पर ड्यूटी कराया जाये। श्री राय ने कहा कि विगत रविवार की शाम 7:30 बजे सड़क हादसे के कारण दो युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गए थे, जिसे प्राथमिक उपचार के लिए खरसावां स्वास्थ्य केंद्र लाया गया था। जिसमें चिकित्सक नहीं रहने के कारण दो युवक की दूसरे अस्पताल ले जाने के क्रम में मौत हो गई थी। दोबारा अप्रिय घटना न घट जाए इसके लिए जांच की जा रही है।

## मनोज गुप्ता ने वित्तीय गड़बड़ी की, कोर्ट जायेंगे: राकेश साहू



जमशेदपुर (आजाद सिपाही)। अखिल भारतीय तैलिक साहू महासभा के जिला अध्यक्ष राकेश साहू ने मनोज गुप्ता पर वित्तीय अनियमितता समेत कई गंभीर आरोप लगाये। बुधवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर उन्होंने कहा कि मनोज गुप्ता को 2022 में निष्क्रियता, रुपये का गबन और पारदर्शिता की कमी के कारण संगठन से बाहर किया गया था। उन्होंने आरोप लगाया कि मनोज गुप्ता ने रामगढ़ जिले के पुराने रजिस्ट्रेशन नंबर का इस्तेमाल कर जमशेदपुर में अवैध रूप से नया संगठन खड़ा कर लाखों रुपये का चंदा वसूला और उसे निजी खर्च में लगाया। राकेश साहू ने कहा मनोज गुप्ता को समाज विरोधी गतिविधियों और शराब के नशे में गाली-गलौज के कारण पहले ही बहिष्कृत किया जा चुका है। उसके खिलाफ मामला दर्ज कर कानूनी कार्रवाई करेंगे, ताकि समाज के साथ हो रहा अन्याय रोका जा सके।

# चांडिल में जलजमाव बना जानलेवा अज्ञात युवक का शव बरामद, आक्रोश

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**चांडिल।** चांडिल थाना क्षेत्र में लगातार बारिश के कारण टाटा हाइवे होटल के पीछे जलजमाव की गंभीर स्थिति उत्पन्न हो गयी है। इससे स्थानीय लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जलजमाव के दौरान एक अज्ञात युवक का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गयी। जानकारी के मुताबिक चांडिल थाना क्षेत्र के फदलोगोड़ा में सुबह करीब 10 बजे कुछ स्थानीय लोग जलजमाव वाले रास्ते से गुजर रहे थे। तभी उन्होंने पानी में एक शव को तैरते हुए देखा। इसकी सूचना तुरंत स्थानीय पुलिस को दी। सूचना मिलते ही चांडिल थाना प्रभारी डील्सन बिरुवा दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थाना प्रभारी ने बताया कि युवक की पहचान फिलहाल नहीं हो पायी है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही मौत का कारण स्पष्ट हो पायेगा। उधर सूत्र के अनुसार मृतक बोड़ाम थाना क्षेत्र का रहने वाला था, जो किसी काम से फदलोगोड़ा आया था और उसके जलजमाव की चपेट में आने का अनुमान लगाया जा रहा है। स्थानीय ग्रामीणों ने प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा बीते चार जुलाई को जलजमाव की समस्या को लेकर खबरें सोशल मीडिया और समाचार माध्यमों में प्रकाशित हुई थीं। इसके बाद अनुमंडल पदाधिकारी और अंचल अधिकारी ने घटनास्थल का निरीक्षण कर जल्द जल निकासी के लिए आश्वासन दिया था। लेकिन दो सप्ताह बीत जाने के बाद भी कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। ग्रामीणों का कहना है कई घरों में अभी भी पानी घुसा हुआ है, जिससे लोग परेशान हैं और जान-माल का खतरा बढ़ गया है।

ग्रामीणों का मानना है जिला प्रशासन की लापरवाही से क्षेत्र में खतरा बढ़ता जा रहा है। वहीं युवक का शव मिलने के बाद ग्रामीणों में गहरा आक्रोश है। उन्होंने जिला प्रशासन के खिलाफ उग्र आंदोलन शुरू करने की चेतावनी दी है।



आजाद सिपाही
रांची, गुरुवार, 17 जुलाई, 2025
www.azadsipahi.in


# सदर एसडीएम ने किया बाढ़ संभावित क्षेत्रों का दौरा

**मझिआंव व कांडी में कोयल एवं सोन के जलमग्न इलाकों का किया निरीक्षण**

**लोगों को सुरक्षित इलाकों में जाने की अपीलकी, प्रभावितों के लिए सरकारी भवन उपलब्ध करवाये**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** सदर एसडीएम संजय कुमार ने बुधवार को मझिआंव एवं कांडी प्रखंड के बाढ़ संभावित एवं जलमग्न इलाकों का आकस्मिक दौरा कर संवेदनशील इलाकों कि निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बांकी, कोयल एवं सोन नदियों के किनारे बसे क्षेत्रों का जायजा लिया एवं वहां रह रहे लोगों को सतर्क किया। नदी किनारे झुग्गी-झोपड़ी एवं कच्चे मकानों में रह रहे लोगों को संभावित खतरे को देखते हुए सुरक्षित स्थानों पर जाने का निर्देश दिया। एसडीएम ने संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारियों सह अंचल अधिकारियों को सतत निगरानी रखने एवं आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने कांडी सीओ एवं सुंडीपुर पंचायत के मुखिया, स्थानीय नागरिकों तथा प्रशासनिक पदाधिकारियों से जलमग्नता की आशंका वाले गांवों की जानकारी ली और आवश्यक तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने दोनों प्रखंडों के सीओ तथा संबंधित मुखियाओं को निर्देशित किया कि जलमग्न क्षेत्रों के प्रभावित लोगों के लिए राहत व पुनर्वास की व्यवस्था स्थानीय स्तर पर की जाये, किसी भी परेशानी की स्थिति में वरीय पदाधिकारियों को ससमय सूचित किया जाए ताकि किसी भी आपात स्थिति में तत्क्षण सहायता उपलब्ध कराई जा सके। उन्होंने मझिआंव, बूढ़ीखांड़, खरसोता, मोरबे, भंडरिया, मोखापी, राणाडीह, खरौंदा, सुंडीपुर बनकट, कसनप, सोनपुरा आदि गांवों का एहतियातन दौरा किया। सोनपुरा की शूलवंती देवी का घर बारिश से गिर गया था इस पर उन्हें और उनके अन्य परिजनों को निकट के आंगनबाड़ी केंद्र में शिफ्ट कराया गया। इसी प्रकार खरौंदा में भी एक- दो परिवारों के घर बारिश के कारण गिर गये, जिन्हें निकट के सरकारी स्कूल में अविलंब शिफ्ट कराने का निर्देश दिया गया। इस दौरान कांडी प्रखंड के प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचल अधिकारी राकेश सहाय, सुंडीपुर के मुखिया, बीडीसी, बलियारी के मुखिया प्रतिनिधि सहित बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद थे। कांडी से लौटने के क्रम में उन्होंने लमारी गांव के पास रह रहे मुसहर परिवारों का भी हाल-चाल लिया। उन्होंने खुले में रह रहे इन अति दलित परिवारों से किसी सुरक्षित जगह या किसी सरकारी भवन में शिफ्ट होने का अनुरोध किया।

**सर्पदंश की स्थिति में सीधे अस्पताल जाने की अपील :** संजय कुमार ने इन जलमग्न इलाकों के दौरे के दौरान माइक से स्थानीय लोगों को जागरूक करते हुए कहा कि जल भराव वाले क्षेत्रों में सांप निकलने और सर्पदंश की घटनाएं अक्सर सामने आती हैं, ऐसी स्थिति में लोग झाड़फूक में समय लगाने की बजाय अविलंब अस्पताल पहुंचने के विकल्प को अपनायें।

## सीओ ने पुल का किया निरीक्षण, स्थानीय लोगों से पुल से दूरी बनाये रखने की अपील की



मझिआंव (आजाद सिपाही)। नगर पंचायत क्षेत्र समेत आसपास के ग्रामीण इलाकों में हो रही भारी मूसलाधार बारिश के कारण जल जमाव से राहगीर समेत ग्रामीण परेशान है। बारिश की वजह से साप्ताहिक बाजार दिन बुधवार को बाजार नहीं लगी। इधर प्रबुद्ध नागरिक को कहना है कि जल जमाव से मच्छरों का प्रकोप का भी बढ़ने की आशंका प्रबल हो गई है। इधर जल जमाव एवं बाढ़ की लगातार हो रही वृद्धि को लेकर सीओ प्रमोद कुमार एवं बीडीओ कनक ने कोयल नदी के निकटवर्ती क्षेत्र एवं कोयल नदी पुल व बांकी नदी का निरीक्षण किया। और कहा कि लगातार बढ़ रही बाढ़ को लेकर प्रशासन अलर्ट है। बाढ़ से निपटने के लिए प्रशासन पूरी तरह तैयार है। इधर प्रशासनिक अधिकारियों ने तमाम नागरिकों से अपील करते हुए कहा है कि अपने आप में सतर्क रहें। प्रशासन हर संभव बाढ़ से अनहोनी घटना से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार है। इधर ज्ञात होगी पीडब्ल्यूडी विभाग के अधीनस्थ मुख्य सड़क मार्ग पर पूर्व में पानी निकासी के लिए नाला बनवाया गया था। लेकिन लोगों द्वारा अपने स्वार्थ में नाला को बंद करा दिया गया। जिससे जल जमाव हो गया है।

## लगातार बारिश और बिजली संकट से जनजीवन प्रभावित

कांडी (आजाद सिपाही)। क्षेत्र में लगातार हो रही बारिश से आम जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। बीते दो दिनों से रुक-रुक कर हो रही तेज बारिश के कारण आम लोगों को कई प्रकार की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। एक ओर जहां जलजमाव और फिसलन से लोगों का चलना मुश्किल हो गया है, वहीं दूसरी ओर बिजली आपूर्ति बाधित होने से भी स्थिति और गंभीर हो गई है। जानकारी के अनुसार, सोमवार-मंगलवार की रात्रि लगभग एक बजे से बिजली आपूर्ति बाधित हो गई थी। मौसम विभाग द्वारा लगातार बारिश की चेतावनी दी जा रही है, इसके बावजूद अब तक शिक्षा विभाग द्वारा विद्यालयों को लेकर कोई दिशा-निर्देश जारी नहीं किया गया है।

# अनियमितता उजागर होने पर नयी सड़क की मरमत शुरू

**विधायक प्रतिनिधि ने कहा कि गुणवत्ता पर है सवाल**

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेराल।** थाना क्षेत्र के सिवाना पदुआ मोड़ से भंडार भाया सिकनी पतहरिया पथ निर्माण के कार्य पूर्ण होने के तीन माह बाद ही कोई जगह खराब होने पर अनियमितता उजागर होते ही निर्माण कंपनी द्वारा मरम्मती का कार्य शुरू कर दिया गया है। महंगा प्राक्कलन से बना उक्त रोड निर्माण के तीन माह बाद ही खराब होने से नाराज स्थानीय लोगों ने प्रखंड के विधायक प्रतिनिधि डॉ लालमोहन को बुलाकर नयी सड़क में हुई अनियमितता को लेकर आक्रोश व्यक्त किया था। मौके पर विधायक प्रतिनिधि, मुखिया मनदीप सिंह व अन्य लोगों ने प्रशासन से सड़क का जांच करने तथा दुर्घटना न हो इसके लिए सड़क की मरम्मती कराने का मांग किया था। उक्त खबर को दैनिक अखबार में प्रमुखता से प्रकाशित होने पर कंस्ट्रक्शन कंपनी द्वारा मंगलवार को उत्क्रमित मध्य विद्यालय सोहवरिया के समीप बने पुलिया के पास जहां नयी सड़क में काफी दूर तक दरार पड़कर टूट गयी थी। यहां मुरम डालकर सड़क की मरम्मती करायी गयी। मुरम डालकर सड़क की मरम्मती करने की जानकारी मिलने पर डॉ लालमोहन ने कहा कि सड़क के गुणवत्ता की जांच जरूरी है। अगर ठीक से मरम्मती नहीं कराई गयी, तो इसकी शिकायत विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी से की जायेगी। इस संबंध में पूछने पर ग्रामीण विकास विभाग के अभियंता अंकुर चौरसिया ने बताया कि मरम्मति व निर्माण कार्य शुरू करा दिया गया है। बारिश के कारण व्यवधान उत्पन हो रहा है। अगर दो दिन मौसम साफ रहेगा तो कार्य को पूर्ण करा दिया जायेगा।


## कार्यालय, जिला परिषद, राँची
(अभियंत्रण शाखा)

**अति अल्पकालीन ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

टेन्डर रिफ्रेन्स नम्बर– DOPR/DE/Ranchi/08/2025-26

| S.No | योजना का नाम | स्वीकृत राशि (रुपये में) | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 01 | राँची जिलान्तर्गत गेतलसूद में Community Centre का निर्माण सहित अन्य विकास कार्य। | 7,05,24,000.00 | 14,10,500.00 | 10,000.00 | 18 माह |

नोट :– केवल ई–टेण्डर ही स्वीकार होगें।

1. अधिक जानकारी के लिए बेबसाईट jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।
2. बेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 24.07.2025
3. ई–निविदा की प्राप्ति की तिथि एवं समय–25.07.2025 से 31.07.2025 अपराह्न 5.00 बजे तक।
4. निविदा खोलने की तिथि–01.08.2025 को 5.00 बजे अपराह्न।
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता–जिला अभियंता, जिला परिषद, राँची। ई–निविदा प्रकोष्ट का दुरभाष नं0– 7739519093
6. परिमाण विपत्र की राशि घट बढ़ सकती है तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
7. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।
8. Form of Bid एवं Bill of Quauntity में दर भिन्न रहने पर संबंधित निविदादाता का निविदा अमान्य समझा जाएगा।
9. निविदा डबल बीड प्रद्वति से होगा।
10. इस निविदा में जिला परिषद, राँची / भवन निर्माण विभाग में निबंधित समुचित श्रेणी के संवेदक ही भाग लेगें।

जिला अभियंता,
जिला परिषद, राँची

PR 357497 Panchayati Raj (25-26)_D


## मुहर्रम जुलूस में डीजे बजाने वाले तीन संचालकों पर प्राथमिकी



मेराल (आजाद सिपाही)। मुहर्रम के जुलूस में डीजे बजाने वाले तीन डीजे वालों पर मेराल थाना में झारखंड उच्च न्यायालय के आदेश का उल्लंघन के आरोप में प्राथमिकी दर्ज किया गया है। सीओ यशवंत नायक द्वारा मंगलवार की देर शाम को मेराल थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। इसकी जानकारी देते हुए थाना प्रभारी विष्णु कांत ने बताया कि सीओ के आवेदन पर 6 जुलाई को मुहर्रम के दिन जुलूस में प्रतिबंधित ध्वनि विस्तारक यंत्र बजाए जाने को लेकर तीन डीजे वालों पर प्राथमिकी दर्ज की गयी है। मुहर्रम के जुलूस के दौरान नियम का उल्लंघन कर डीजे बजाए जाने की सूचना मिलने के बाद अनुमंडल पदाधिकारी गढ़वा के आदेश पर महाकाल डीजे साउंड लगमा, जुगनू डीजे साउंड तथा रहमतुन डीजे साउंड के संचालक पर प्राथमिकी दर्ज की गयी है।

## एक दिवसीय नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन



रंका (आजाद सिपाही)। नयीदिशा परियोजना के अंतर्गत एलएंडटी एवं बदलाव फाउंडेशन के संयुक्त प्रयास से विभिन्न पंचायतों में लगातार स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में16 जुलाई 2025 को रंका प्रखंड के खरडीहा पंचायत स्थित विद्यालय में एक दिवसीय नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का सफल आयोजन किया गया। इस शिविर में सामान्य स्वास्थ्य जांच, नेत्र जांच एवं दंत चिकित्सा जैसी विशेष स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की गयी। स्वास्थ्य विभाग से डॉ प्रीति सिंह तिवारी, डॉ भानु प्रताप सिंह, सुधीर कुमार दंत सहायक, सत्य प्रकाश कुमार नेत्र सहायक, नर्स, फार्मासिस्ट, एएनएम समेत पूरी मेडिकल टीम शिविर में उपस्थिति रही। पंचायत की मुखिया नेहा कुमारी एवं मुखिया प्रतिनिधि पप्पू यादव तथा बीडीसी नौशाद अंसारी की गरिमा में उपस्थिति रही। इस शिविर में 85 से अधिक बच्चों सहित स्थानीय समुदाय के 180 से अधिक लोगों ने स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया।

## धुरकी में थाना दिवस का आयोजन



धुरकी (आजाद सिपाही)। थाना परिसर में बुधवार को थाना दिवस का आयोजन किया गया। इस विशेष शिविर में अंचल अधिकारी जुल्फिकार अंसारी और थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार मुख्य रूप से मौजूद थे। कार्यक्रम में कुल 08 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें 03 मामलों को दोनों पक्षों को आपसी सहमति से त्वरित निष्पादन कर संबंधित आवेदकों को राहत दी गयी। प्राप्त आवेदनों में अधिकतर मामले भूमि विवाद, मापी संबंधी शिकायत और जमीन बंटवारे को लेकर परेशानी से जुड़े थे। थाना दिवस के दौरान उपस्थित ग्रामीणों को सड़क सुरक्षा, साइबर अपराध से बचाव तथा नशा के दुष्प्रभावों के बारे में भी जागरूक किया गया। मौके पर अंचल सीआई विकास कुमार, राजस्व कर्मचारी शशिकांत विश्वकर्मा, मोजीब खान, सब इंस्पेक्टर सुनील, सुभाष सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## भारी वर्षा की चेतावनी को देखते हुए आज जिले के सभी स्कूल रहेंगे बंद

गढ़वा (आजाद सिपाही)। जिले में पिछले कुछ दिनों से लगातार हो रही भारी वर्षा एवं आगामी 24 घंटे में और तेज बारिश की संभावना को देखते हुए उपायुक्त-सह-जिला दंडाधिकारी दिनेश कुमार यादव के निर्देशानुसार जिले के सभी सरकारी एवं गैर-सरकारी प्राथमिक, माध्यमिक तथा उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में 17 जुलाई 2025 (गुरुवार) को अवकाश घोषित किया गया है। यह निर्णय आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा जारी चेतावनी के आलोक में छात्रों की सुरक्षा एवं जनहित को ध्यान में रखते हुए लिया गया है। सभी विद्यालयों के प्राचार्य/ प्रधानाध्यापक/ प्रभारी प्रधानाध्यापक को निर्देशित किया जाता है कि वे आदेश का अनुपालन करना सुनिश्चित करेंगे।

## एसपी ने भवनाथपुर थाना का निरीक्षण किया



आजाद सिपाही संवाददाता

**भवनाथपुर।** पुलिस अधीक्षक अमन कुमार भवनाथपुर थाना का मंगलवार का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान भवनाथपुर थाना में लंबित कांडों की समीक्षा कर इसे त्वरित निष्पादन करने, अपराध नियंत्रण हेतु थाना क्षेत्र में लगातार पेट्रोलिंग करने, एंटी क्राइम चेकिंग अभियान नियमित अंतराल पर चलाने, वाहन दुर्घटना में कमी लाने हेतु लोगों को जागरूक करने, थाना क्षेत्र में साइबर सुरक्षा, सड़क सुरक्षा, नशाखोरी के बारे में जागरूकता अभियान चलाने, थाना में आने वाले आम जनता के साथ अच्छा व्यवहार करने तथा उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुनकर उसे यथाशीघ्र निष्पादन करने, क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों के साथ अच्छा समन्वय बनाकर रखने, अपराधी प्रवृति के व्यक्तियों पर विशेष ध्यान देने इत्यादि का निर्देश दिया गया। निरीक्षण उपरांत भवनाथपुर थाना के द्वारा विशेष छापामारी अभियान चलाकर विभिन्न कांडों में संलिप्त 12 वारंटियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया। जिसमें सुखाड़ी पासवान, मोती पासवान, पचू, पासवान, सुरेश पासवान, राम गुलाम यादव, प्रमोद यादव, बिनोद यादव, विजय पासवान, रामावतार यादव, विनय यादव, मुगल यादव, प्रदीप राम का नाम शामिल है।

## जीएन कॉन्वेंट स्कूल गढ़वा में नामांकन का आज अंतिम दिन

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 आरटीई के अंतर्गत जीएन कॉन्वेंट स्कूल गढ़वा सत्र 2025- 26 में प्रवेश कक्षा वन के 25% सीट के विरुद्ध रिक्त 3 सीटों पर नामांकन से संबंधित सूचना। निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार अधिनियम एवं विभागीय सूचना संख्या 237 के अनुपालन में सहायता प्राप्त निजी विद्यालय के प्रवेश कक्षा 1 में 25 प्रतिशत सीटों पर पड़ोस के एक किलोमीटर या 3 किलोमीटर या 6 किलोमीटर दूरी सीमा तक अभिवंचित समूह, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अत्यंत पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक समुदाय या 40% से अधिक निःशक्त बच्चों एवं अनाथ बच्चे अथवा कमजोर वर्ग जिनके परिवार की सभी स्त्रोतों से वार्षिक आय 72 हजार से कम हो के बच्चों का नामांकन पूर्ण किया जाना है। विद्यालय में 10 सीटों की विरुद्ध में तीन सीट खाली है। इच्छुक युवक आवेदन कर सकते हैं। अभिभावकों की सुविधा के लिए सूचित किया जाता है कि जो आस-पड़ोस के निवासी अभिभावक अपने आधार कार्ड, मतदाता परिचय पत्र या मनरेगा जॉब कार्ड, राशन कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, बिजली बिल जिसमें उनका नाम एवं निवास का पता अंकित हो वही मान्य होंगे। अवांछित एवं कमजोर वर्ग की मान्यता के लिए अभिभावक का जाति प्रमाण पत्र, निःशक्त बच्चों के लिए चिकित्सा पदाधिकारी द्वारा प्रमाण पत्र एवं आय के लिए अंचलाधिकारी द्वारा निर्गत 72 हजार वाले आय प्रमाण पत्र मान्य है। प्रवेश कक्षा 1 में नामांकन हेतु 5 वर्ष 6 माह से 7 वर्ष के बीच आयु का होना आवश्यक है। उम्र की गणना 31 मार्च 2025 होगी। ऑनलाइन का फॉर्म 17 जुलाई 2025 तक भरा जायेगा। इच्छुक अभिभावकों से आग्रह है कि नामांकन हेतु इस विद्यालय के लिए ऑनलाइन आवेदन करेंगे।


## कार्यालय : जिला मत्स्य पदाधिकारी, सिमडेगा

**मत्स्य पालकों के लिए पाँच दिवसीय मत्स्य पालन का प्रशिक्षण की सूचना**

मुख्य अनुदेशक, मत्स्य किसान प्रशिक्षण केन्द्र, शालीमार, धुर्वा, राँची का पत्रांक 308, दिनांक– 07.07.2025 के द्वारा मत्स्य पालन की नवीन तकनीकों एवं विधियों से अवगत कराने हेतु मत्स्य कृषकों के लिए राज्य स्तरीय पाँच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम की सूची उपलब्ध कराई गई है। अतः सिमडेगा जिला के सभी मत्स्य कृषकों को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित सारणी में अंकित तिथियों के अनुसार वित्तीय वर्ष 2025–26 में प्रशिक्षण में सम्मिलित हो सकते हैं।

वैसे मत्स्य कृषक प्रशिक्षण प्राप्त कर सकते हैं जिनके पास निजी / लीज पर ली गई सरकारी जलकर / लीज पर लिए गए अन्य जलकर / साझा तालाब है।

**दैनिक भत्ता** – प्रति प्रशिक्षणार्थी प्रतिदिन मो0– 200 /–(दो सौ) रू0 मात्र के दर से पाँच दिनों का कुल– 1000 /– (एक हजार) रू0 मात्र भुगतान किया जाएगा। इसके अतिरिक्त अधिकतम मो0– 600 /–(छः सौ) रू0 मात्र मार्ग व्यय (अथवा वास्तविक भाड़ा जो भी कम हो, जिला मुख्यालय से राँची मुख्यालय तक) भुगतान किया जाएगा। मानदेय का भुगतान प्रशिक्षणार्थी के बैंक खाता के माध्यम से ही किया जाएगा। प्रशिक्षणार्थी को यथा निर्धारित दर से खाने का व्यय का वहन स्वयं करना होगा। अतः कृपया वैसे मत्स्य कृषक ही प्रशिक्षण में सम्मिलित होंगे जिनका अपना बैंक खाता हो और चालू अवस्था में हो। मानेदय भुगतान हेतु अपना बैंक पासबुक तथा आधार कार्ड की मूल और छाया प्रति अवश्य साथ ले लाएँ।

**प्रशिक्षण एवं आवासन स्थल – मत्स्य किसान प्रशिक्षण केन्द्र, शालीमार, धुर्वा, राँची।**

**सिमडेगा जिला का प्रशिक्षण कार्यक्रम निम्नवत् है :–**

| प्रशिक्षण का नाम | तिथि का निर्धारण |
|---|---|
| राज्य स्तरीय पाँच दिवसीय मत्स्य पालन का प्रषिक्षण कार्यक्रम | 19.07.2025 – 23.07.2025<br>18.08.2025 – 22.08.2025<br>15.09.2025 – 19.09.2025<br>14.10.2025 – 18.10.2025<br>18.11.2025 – 22.11.2025<br>15.12.2025 – 19.12.2025<br>13.01.2026 – 17.01.2025<br>09.02.2026 – 13.02.2026<br>10.03.2026 – 14.03.2026 |

प्रशिक्षण हेतु आवश्यक कागजात :– 1. रंगीन पासपोर्ट साईज फोटो एक प्रति। 2. अपना आधार से लिंक किया गया मोबाईल नम्बर के साथ मोबाईल। 3. आधार मूल प्रति। 4. बैंक पासबुक (Original / मूल प्रति)। 5. पैन कार्ड (Original / मूल प्रति)। 6. राशन कार्ड यदि हो तो (Original / मूल प्रति)। 7. वोटर आई0डी0कार्ड (Original / मूल प्रति)। 8. जमीन का रसीद, ऑनलाईन से प्राप्त किया हुआ (Original / मूल प्रति)। 9. तालाब (निजी / साझा / लीज जो भी हो सभी) का खाता सं0, प्लॉट सं0 एवं जलक्षेत्र (तालाब का आकार)। 10. आय प्रमाण पत्र यदि हो तो (Original / मूल प्रति)। 11. जाति प्रमाण पत्र एवं आवासीय प्रमाण पत्र ऑनलाईन से प्राप्त किया हुआ (Original / मूल प्रति)। 12. तालाब किस योजना / किस विभाग / किस वर्ष बना है, निजी / साझा / लीज की जानकारी। 13. वंशावली / खतियान की प्रति। 14. मकान संख्या / मकान जिस खेसरा / प्लॉट सं0 पर बना है की जानकारी। 15. जिनका मोबाईल नम्बर आधार से लिंक नहीं है वे प्रज्ञा / आधार सुधार केन्द्र में जाकर लिंक करा लें। 16. तालाब के साथ लाभुक का GPS/Location वाला फोटोग्राफ।

जिला मत्स्य पदाधिकारी
सिमडेगा

PR 357443 Simdega(25-26).D



## कार्यालयः जिला मत्स्य कार्यालय, सिमडेगा।

**आवेदन आमंत्रण सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि सिमडेगा जिला में वित्तीय वर्ष 2025–26 में राज्यादेश सं0–11 रा0(वि0), दिनांक– 04.07.2025 के आलोक में मत्स्य प्रसार, अनुसंधान एवं प्रशिक्षण योजना अंतर्गत निम्नलिखित योजनाओं का लक्ष्य प्राप्त है एवं जिसके आलोक में निम्नांकित योजनाओं हेतु लाभुकों का चयन किया जाना है। अतः निम्न योजनाओं हेतु आवेदन आमंत्रित की जाती है।

| क्र0 सं0 | योजना का नाम | इकाई | लघु शीर्ष | भौतिक लक्ष्य | इकाई अनुमान्य अनुदान | लाभुक का अंषदान | चयन हेतु अर्हताएँ |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | केज मत्स्य पालकों हेतु लाईफ जैकेट | सं0 में | 796 | 50 | अधिकतम 1815/– रू | 25 प्रतिषत अथवा 605/– रू0 (इकाई लागत का) | 1. केज मत्स्य पालक हो जिनके द्वारा वर्तमान में मछली पालन किया जा रहा हो। 2. लाभुक द्वारा अपना अंषदान लगाने हेतु लिखित सहमति देना होगा। 3. विगत वर्षों का केज में मछली उत्पादन का आँकड़ा लिखित रूप में आवेदन के साथ संलग्न करना होगा। 4. सरकार का अंषदान 75 प्रतिषत् (1815/–रू0 देय होगा एवं शेष अंषदान 25 प्रतिषत लाभुक द्वारा वहन किया जाएगा।) |
| 2 | निजी क्षेत्र में महाझींगा पालन | एकड़ में | 796 | 4 | अधिकतम 128000/– रू0 (प्रति एकड़) | | 1. आवेदक मत्स्य पालन से जुड़ा हो। 2. अपना निजी 1 एकड़ एकड़ जलक्षेत्र का सदाबहार तालाब हो। 3. ST/SC/ एवं महिला वर्ग के लिए राज्य सरकार का अंषदान 128000/– रू0 प्रति एकड़ होगा शेष अंषदान लाभुक द्वारा वहन किया जाएगा। |
| 3 | पुरस्कार/ सम्मान | सं0 में | 796 | 2 | अधिकतम 30000/– रू0 | | उत्कृष्ट मत्स्य पालकों, मत्स्य बीज उत्पादकों तथा हैचरी संचालकों को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए पुरस्कार स्वरूप/ सम्मानित करने हेतु अधिकतम् राषि 30000/– रू0 प्रति चयनित कृषक पुरस्कार के रूप में 12 Paddle Wheel Aerator (विभाग द्वारा अनुमोदित) अथवा मत्स्य बीज पैकेजिंग हेतु ऑक्सीजन सिलिन्डर (Accessories सहित) के क्रय हेतु प्रोत्साहन राषि उनके बैंक खाते में डी0बी0टी0 के माध्यम से दी जायेगी। |
| 4 | जलाशय स्तरीय मछुआरों के लिए I. Card | सं0 में | 796 | 20 | – | – | जलाषयों में मत्स्य षिकारमाही करने वाले मछुआरे वांछित कागजातों के साथ अपना निबंधन कराने हेतु आवेदन समर्पित कर सकते है। |
| 5 | मत्स्य बीज उत्पादकों को 03 दिवसीय प्रषिक्षण | सं0 में | 796<br>789 | 190<br>20 | – | – | सभी इच्छुक मत्स्य कृषक प्रषिक्षण हेतु जिला मत्स्य कार्यालय, सिमडेगा में संपर्क करें। |
| 6 | मत्स्य बीज उत्पादकों/ मत्स्य कृषकों आदि को 01 से 01 दिवसीय कार्यषाला/सेमिनार | सं0 में | 796<br>789 | 50<br>15 | – | – | |
| 7 | 05 दिवसीय प्रषिक्षण/विषय आधारित प्रषिक्षण | सं0 में | 796<br>789 | 190<br>40 | – | – | |
| 8 | नये रंगीन मछली पालन | सं0 में | 796 | 05 | – | – | नये रंगीन मछली पालन हेतु पूरक सामग्री आपूर्ति की जाएगी इस हेतु कार्यालय में आवेदन समर्पित कर सकते हैं। |

नोटः– एतद् द्वारा उक्त तालिका में दिए गए विवरणों के आलोक में सिमडेगा जिला के ऐसे मत्स्य पालकों से जो आवेदन करने की अहर्ता रखते हैं एंव आवेदित कार्यक्रम के क्रियान्वयन में अंशदान लगाने में सक्षम है, उनसे आवेदन आमंत्रित किया जाता है।

आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि :– 05.08.2025
आवेदन जमा करने का स्थान :– जिला मत्स्य कार्यालय, सिमडेगा।

आवेदन प्रपत्र जिला मत्स्य कार्यालय, सिमडेगा में निःशुल्क प्राप्त किया जा सकता है एवं आवेदन **Offline/Online Block Chain** के माध्यम से भी कर सकते हैं।

संबंधित जानकारी एवं आवेदन प्रपत्र जिला के वेबसाईट www.simdega.nic.in पर भी देखा जा सकता है।

जिला मत्स्य पदाधिकारी,
सिमडेगा।

PR 357449 Simdega(25-26)D


# उपायुक्त ने गढ़वा और डंडई स्थित विदेशी शराब दुकानों का किया औचक निरीक्षण

**वैकल्पिक व्यवस्था के तहत संचालित दुकानों में पारदर्शिता एवं अनुशासन सुनिश्चित करने का दिया निर्देश**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** बुधवार को उपायुक्त-सह-जिला दंडाधिकारी दिनेश कुमार यादव ने अपर समाहर्ता राज महेश्वरम एवं उत्पाद अधीक्षक निर्मल कुमार के साथ सहिजना चौक स्थित विदेशी शराब दुकान एवं डंडई स्थित कंपोजिट शराब दुकान का औचक निरीक्षण किया।

यह निरीक्षण हाल ही में शुरू की गयी वैकल्पिक व्यवस्था के अंतर्गत संचालित दुकानों की कार्यप्रणाली, पारदर्शिता एवं नियमन की समीक्षा हेतु किया गया। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने स्पष्ट निर्देश दिया कि दुकानों का संचालन राज्य सरकार द्वारा निर्धारित नियमों एवं दिशा-निर्देशों के अनुरूप किया जाये। उन्होंने दुकानों के चयनित कर्मियों को निर्देशित किया कि शराब बिक्री से प्राप्त संपूर्ण राशि का शत-प्रतिशत हस्तांतरण रक्र एजेंसी के पास किया जाना अनिवार्य है तथा समस्त बिक्री रसीदों को सुरक्षित रखा जाए। उपायुक्त ने यह भी कहा कि ग्राहकों की मांग के अनुसार उपयुक्त मात्रा एवं ब्रांड की शराब की मांग की जाये, ताकि कालाबाजारी या अव्यवस्था की संभावना न रहे। साथ ही, उन्होंने Track & Trace (T&T) प्रणाली के माध्यम से शराब की बिक्री सुनिश्चित करने की बाते कही, जिससे बिक्री प्रक्रिया में पारदर्शिता बनी रहे और अनियमितताओं पर प्रभावी नियंत्रण किया जा सके। निरीक्षण के पश्चात उपायुक्त ने यह भी संकेत दिया कि ऐसे निरीक्षण भविष्य में भी समय-समय पर जारी रहेंगे। ताकि नई वैकल्पिक व्यवस्था को प्रभावशाली, पारदर्शी और सुचारू रूप से लागू किया जा सके।

## उपायुक्त ने डंडई प्रखंड कार्यालय का किया औचक निरीक्षण, अनुपस्थित कर्मचारियों पर कार्रवाई के निर्देश

डंडई (आजाद सिपाही)। बुधवार को गढ़वा जिले के उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी श्री दिनेश कुमार यादव ने डंडई प्रखंड के विभिन्न कार्यालयों और पंचायत भवनों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान कई गंभीर लापरवाहियां सामने आईं, जिस पर उपायुक्त ने नाराजगी जताते हुए संबंधित कर्मियों के विरुद्ध सख्त अनुशासनात्मक कार्रवाई के निर्देश दिये। निरीक्षण की शुरूआत डंडई प्रखंड-सह-अंचल कार्यालय से हुई, जहां कई कर्मचारी बिना पूर्व सूचना के अनुपस्थित पाये गये। इस पर उपायुक्त ने कड़ी आपत्ति जताते हुए इसे आम जनता के कार्यों में बाधा उत्पन्न करने वाली गंभीर लापरवाही बताया और तत्काल अनुशासनात्मक कार्रवाई करने का आदेश दिया। उपायुक्त श्री यादव ने कहा कि बीडीओ एवं अंचल अधिकारी अपने अधीनस्थ कर्मियों पर नियंत्रण नहीं रख पा रहे हैं, जिससे नियमित उपस्थिति सुनिश्चित नहीं हो पा रही है। पंचायत भवन डंडई के निरीक्षण के दौरान भी कई कमियां उजागर हुईं। यहां संचालित प्रज्ञा केंद्र पूरी तरह निष्क्रिय पाया गया, न ही वहां निर्धारित शुल्क सूची प्रदर्शित थी। उपायुक्त ने निर्देश दिया कि सभी पंचायत भवनों में संचालित प्रज्ञा केंद्र नियमित रूप से संचालित हों और किसी भी स्थिति में निर्धारित शुल्क से अधिक राशि की वसूली न की जाए। यदि शिकायत मिली तो संबंधित प्रज्ञा केंद्र का लाइसेंस रद्द कर संचालक पर कड़ी कार्रवाई की जायेगी।

## शिवलिंग पर जलाभिषेक और भंडारे का आयोजन 21 को

**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** सावन माह की पावन अवसर पर जय श्रीराम समिति के द्वारा 21 जुलाई (सोमवार) को लोहरदगा जिले के छत्रर बगीचा स्थित स्वयंभू महादेव मंदिर में शिवलिंग पर भव्य जलाभिषेक कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। इस अवसर पर लोहरदगा और गुमला जिले के सनातन धर्म प्रेमियों से भारी संख्या में उपस्थित होकर भागीदारी सुनिश्चित करने की अपील की गयी है। समिति के जिला संगठन महामंत्री रामकुमार साहू, प्रखंड प्रभारी, भंडरा अवधेश मिश्रा व अन्य पदाधिकारियों ने बताया कि जलाभिषेक के लिए सुबह 7:00 बजे सीठियो कोयल नदी से जल उठाया जायेगा, जिसके बाद श्रद्धालु मोटरसाइकिल जुलूस के माध्यम से मंदिर प्रांगण तक पहुंचेंगे। पूजा-अर्चना और जलाभिषेक के उपरांत मंदिर परिसर में भव्य भंडारे का आयोजन भी किया गया है। कार्यक्रम को लेकर श्रद्धालुओं में खासा उत्साह देखा जा रहा है। आयोजकों ने सभी धर्मप्रेमी नागरिकों से समय पर उपस्थित होने और आयोजन को सफल बनाने की अपील की है।

## बरवाडीह में थाना दिवस का आयोजन



**बरवाडीह (आजाद सिपाही)।** बुधवार को बरवाडीह थाना परिसर में थाना दिवस का आयोजन किया गया। अंचलाधिकारी मनोज कुमार और थाना प्रभारी राधेश्याम कुमार मुख्य रूप से उपस्थित थे। थाना दिवस के अवसर पर जमीन विवाद से जुड़े मामलों पर प्राथमिकता के साथ सुनवाई की गयी। अंचलाधिकारी ने कहा कि भूमि विवाद के कारण अक्सर विधि व्यवस्था की समस्या उत्पन्न होती है। ऐसे मामलों का समाधान अगर स्थानीय स्तर पर हो जाये तो न केवल न्याय मिल सकता है बल्कि विवाद बढ़ने से भी रोका जा सकता है। थाना दिवस के दौरान कुल 6 मे से 2 मामलों का निष्पादन दोनों पक्षों की आपसी सहमति से किया गया।मामलों के निपटारे के बाद सभी पक्षों ने संतोष और खुशी जाहिर की। थाना प्रभारी ने बताया कि वर्तमान समय में छोटे-छोटे भूमि विवादों को लेकर आये दिन आपसी झगड़े और मारपीट की घटनाएं सामने आ रही हैं। थाना दिवस के आयोजन का उद्देश्य ऐसे मामलों का शांतिपूर्ण निपटारा कर लोगों को न्याय दिलाना और सामंजस्य बनाना है। मौके पर अन्य पुलिसकर्मी, राजस्व कर्मचारी, बीस सूत्री अध्यक्ष और स्थानीय लोग भी मौजूद रहे। थाना दिवस के आयोजन को लेकर लोगों में सकारात्मक प्रतिक्रिया देखी गयी।

## बारिश के कारण गरीब का घर गिरा



**मनिका (आजाद सिपाही)।** बरवैया पंचायत के निचली टोला में ग्रामीण संतोष प्रसाद का घर लगातार हो रही भारी बारिश के कारण गिर गया है, जिस वजह से भुक्तभोगी के घर में रखे खाद्य सामग्री समेत अन्य समान बर्बाद हो गये हैं। वहीं संतोष प्रसाद ने बताया कि वह काफी गरीब परिवार से आते हैं और अभी लगातार हो रही भारी बारिश के कारण अचानक से उनका मकान गिर गया, जिस वजह से घर में रखे अनाज समेत लाखों की संपत्ति बर्बाद हो गया है और अभी उनके पास परिवार समेत रहने के लिए कोई ठिकाना नहीं है। उन्होंने मामले से पंचायत के मुखिया को भी अवगत करवाया है लेकिन अभी तक उनके मदद के लिए कोई समाधान नहीं किया गया है। वहीं भुक्तभोगी संतोष प्रसाद ने प्रशासन से रहने के लिए अभिलंब आवास के साथ-साथ उचित मुआवजा देने का गुहार लगाया है।

## सरकारी योजनाओं का किसानों को मिल रहा है लाभ



**लातेहार (आजाद सिपाही)।** लातेहार जिले में 300 किसानों को 90प्रतिशत अनुदान पर पंपसेट का वितरण किया जा रहा है। इसी क्रम में आज उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता के द्वारा लातेहार प्रखंड के पंचायत डेमू, ग्राम डेमू की जैस्मीन मारडी को 90 प्रतिशत अनुदान पर पंपसेट, सक्शन पाइप और डिलीवरी पाइप का वितरण किया गया। यह वितरण राज्य यांत्रिकीकरण प्रोत्साहन योजना के तहत किया गया। उपायुक्त ने बताया कि इसका मुख्य उद्देश्य किसानों को सिंचाई के लिए संसाधन उपलब्ध कराना, किसानों की आय में वृद्धि करना, कृषि उत्पादन में वृद्धि करना, किसानों को आत्मनिर्भर बनाना है। आगे उन्होंने कहा कि कृषि हमारे जिले की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है, और किसानों को सशक्त बनाना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने लाभुक किसान से इन पंपसेट्स का समुचित उपयोग कर खेती की तकनीकों को उन्नत करने और जल संरक्षण का भी विशेष ध्यान रखने की बात कही। लाभुक जैस्मीन मारडी ने पंपसेट प्राप्त कर खुशी व्यक्त की और प्रशासन का आभार प्रकट किया। मौके पर जिला भूमि संरक्षण पदाधिकारी विवेक मिश्रा, जिला शिक्षा पदाधिकारी प्रिंस कुमार उपस्थित थे।

## महुआडांड़ में थाना दिवस का आयोजित



**महुआडांड (आजाद सिपाही)।** बुधवार को महुआडांड़ थाना परिसर में थाना दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व अंचल अधिकारी संतोष बैठा और थाना प्रभारी मनोज कुमार ने संयुक्त रूप से किया। थाना दिवस के दौरान स्थानीय ग्रामीणों द्वारा जमीन विवाद, आपसी पारिवारिक और सामाजिक विवादों से संबंधित शिकायतें प्रस्तुत की गयी। अधिकारियों ने एक-एक कर सभी शिकायतों को सुना और संबंधित पक्षों को समझा-बुझाकर कई मामलों का समाधान मौके पर ही करवा दिया। अधिकांश विवाद भूमि सीमांकन, पारिवारिक झगड़े और पुरानी रंजिशों से संबंधित रहे। अधिकारियों ने संयम और सूझबूझ से काम लेते हुए पक्षकारों के बीच सहमति बनाने का प्रयास किया। थाना दिवस का उद्देश्य लोगों की छोटी-छोटी समस्याओं का त्वरित समाधान करना है, जिससे कोर्ट-कचहरी के झंझट से बचा जा सके। थाना दिवस में भाग लेने वाले ग्रामीणों ने इस पहल की सराहना की। लोगों ने कहा कि प्रशासन की यह कोशिश न केवल न्याय सुलभ बनाती है, बल्कि आपसी रिश्तों को भी बेहतर बनाती है।

## गारू में माल लदा ट्रक पलटा

**गारू (आजाद सिपाही)।** महुआडांड - मेदनीनगर मुख्य पथ पर मिरचईया फॉल के पास टावर बनाने का लोहा लदा ट्रक (CG 10 BY -6347) दुर्घटनाग्रस्त हो गया। जिसमें चालक उपचालक बाल बाल बचे। चालक के अनुसार तीखे मोड़ पर सामने से आ रहे टेंपो से साइड लेने के समय सड़क के किनारे अत्यधिक मिट्टी के कटाव के कारण बाएं तरफ का चक्का धंस गया जिसके कारण ट्रक संतुलन खो बैठा और दुर्घटनाग्रस्त हो गया। ट्रक पटना से छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जा रहा था लेकिन बारेसाढ़ घाटी मे भूस्खलन होने के कारण जाम की स्थिति बन गयी जिसके बाद ट्रक को वापस दूसरे रास्ते से छत्तीसगढ़ के लिए जा रहे थे।

### उपायुक्त की अध्यक्षता में जिला के आंतरिक संसाधन की बैठक आयोजित

# भूमि अधिग्रहण के मामलों में जल्द से जल्द मुआवजा का भुगतान हो : डीसी

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ ताराचंद की अध्यक्षता में जिला के आंतरिक संसाधन की बैठक आयोजित हुई। बैठक में उपायुक्त ने भू-अर्जन पदाधिकारी को अधिग्रहित भूमि के आलोक में नियमानुकूल मुआवजा की राशि जल्द से जल्द भुगतान करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने कहा कि भूमि-अधिग्रहण से लोहरदगा बाईपास और उसके आसपास सरकार की कई महत्वकांक्षी योजनाओं को पूर्ण किया जाना है। लोहरदगा जिला के विकास के लिए सभी योजनाएं महत्वपूर्ण हैं। ऐसे में भूमि-अधिग्रहण के उपरांत रैयतों का ससमय भुगतान अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाता है। सभी पदाधिकारी आमजनों के प्रति संवेदनशील रहें और उनकी समस्यायें सुन कर उनका त्वरित निवारण करें। साथ ही लोगों के बीच प्रशासन के प्रति सकारात्मक विश्वास पैदा करें। लापरवाही से किसी योजना को पूर्ण करने में अगर विलंब होता है तो यह कतई बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। उपायुक्त ने अंचलवार विभिन्न मौजा में भूमि अधिग्रहण और रैयतों के भुगतान की समीक्षा की। साथ ही जिन रैयतों का अभिलेख सत्यापित नहीं है उन अभिलेखों का सत्यापन जल्द से जल्द कर भुगतान कराने का निर्देश दिया। बैठक में विभिन्न विभागों द्वारा परियोजनाओं के लिए भूमि की अधियाचना की समीक्षा की गयी। और अंचल अधिकारियों को उक्त परियोजना के लिए भूमि चिन्हित कर अवगत कराने का निर्देश दिया गया। बैठक में अपर समाहर्ता जितेंद्र मुंडा, भू-अर्जन पदाधिकारी सुजाता कुजूर, अवर निबंधक सुभाष दत्ता, सभी अंचल अधिकारी और अन्य उपस्थित थे।



### अंचल दिवस में अधिक मामलों का निबटारा हो

सभी अंचल अधिकारियों को अंचल दिवस के दिन ज्यादा से ज्यादा भूमि विवादों को निष्पादित करने का निर्देश उपायुक्त डॉ ताराचंद के द्वारा दिया गया। बैठक में दाखिल खारिज, एनजीडीआरएस, आपसी बंटवारा, सक्सेसन म्युटेशन, जाति, आवासीय व आय प्रमाण पत्रों को ससमय निर्गत किये जाने समेत अन्य बिंदुओं पर चर्चा की गई और आवश्यक निर्देश दिये गये। आपदा से हुए क्षति के मामले संज्ञान में आते ही अभिलेख तैयार कर जल्द से जल्द उसका भुगतान के लिए अग्रेत्तर कार्रवाई करने का निर्देश उपायुक्त द्वारा दिया गया।

### जर्जर पड़ी सड़क के चौड़ीकरण और सुदृढ़ीकरण का रास्ता साफ

# केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने दी 82.42 करोड़ की स्वीकृति

आजाद सिपाही संवाददाता

**बरवाडीह।** बरवाडीह से मंडल होते हुए भंडरिया तक की वर्षों से जर्जर पड़ी सड़क के चौड़ीकरण और सुदृढ़ीकरण और पुनर्निर्माण का रास्ता साफ हो गया है। चतरा सांसद कालीचरण सिंह का प्रयास अब रंग ला रहा है। सांसद ने केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी को इसे ले कर एक अनुरोध पत्र सौंपा था। सांसद कालीचरण सिंह ने अपने पत्र में उल्लेख किया था कि बरवाडीह मंडल भंडरिया सड़क की हालत अत्यंत जर्जर है और इससे आमजन के आवागमन में भारी कठिनाई हो रही है। उन्होंने सड़क के चौड़ीकरण और पुनर्निर्माण की मांग करते हुए इसे ग्रामीणों की जीवनरेखा बताया था। सांसद ने यह भी आग्रह किया कि लगभग 20 किलोमीटर लंबी इस सड़क को मजबूत आधार के साथ पुनर्निर्मित किया जाये, जिससे क्षेत्र में सुगम आवागमन सुनिश्चित हो सके। सांसद के अनुरोध को गंभीरता से लेते हुए केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने 27 जून, 2025 को भेजे अपने जवाबी पत्र में जानकारी दी कि इस योजना को रु. 82.42 करोड़ की लागत से सेंट्रल रोड एंड इंफ्रास्ट्रक्चर फंड (CRIF) के तहत वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए मंजूरी दे दी गयी है। स्वीकृत योजना के तहत बरवाडीह-मंडल-भंडरिया सड़क के चेनज 25.00 किमी से 45.00 किमी तक के हिस्से में चौड़ीकरण, सुदृढ़ीकरण और पुनर्निर्माण का कार्य कराया जायेगा। यह स्वीकृति लातेहार जिले के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि मानी जा रही है। लोगों ने सांसद कालीचरण सिंह को धन्यवाद देते हुए कहा कि उनके प्रयासों से वर्षों की उपेक्षा झेल रही यह सड़क अब न केवल बन सकेगी, बल्कि सुरक्षित और टिकाऊ भी होगी।



## फातिमा बीबी का घर जर्जर हालत में

**भंडरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के अंतर्गत भैसमुंदो गांव में एक गरीब विधवा महिला फातिमा बीबी का आशियाना जर्जर हालत में है। लगातार हुई तेज बारिश से कच्चा मकान का एक दीवार धराशाई हो चुका है। इसके साथ अन्य दीवार भी कभी भी धराशाही हो सकता है। इसकी सूचना मिलते मुखिया परमेश्वर महली व सांसद प्रतिनिधि ने पीड़ित परिवार के घर का मुआयना किया। साथ ही इसकी जानकारी मुखिया परमेश्वर महली ने बीडीओ प्रतिमा कुमारी को दी है। मुखिया परमेश्वर महली ने कहा कि असहाय विधवा फातिमा बीबी के सर पर अब छत भी नहीं बची है। प्रशासन समय रहते कोई ठोस कदम नहीं उठाता है, तो किसी बड़ी अनहोनी से इनकार नहीं किया जा सकता। फातिमा बीबी पिछले कई वर्षों से इसी मकान में रह रही है। उनके पति जुल्फान अंसारी का निधन कुछ साल पहले हो चुका है। वह किसी तरह मनरेगा और विधवा पेंशन और स्थानीय लोगों की मदद से अपना गुजारा कर रही है। इधर मामले की जानकारी मिलते ही बीडीओ प्रतिमा कुमारी ने प्रखंड समन्वयक नित्यलेंद्र कुमार सिंह को पीड़ित परिवार का ध्वस्त आवास का निरीक्षण कर रिपोर्ट तैयार करने का निर्देश दिया है। साथ ही हर संभव पीड़ित परिवार को मदद करने का भरोसा दिलाया।

## जिप उपाध्यक्ष ने किया बीज का वितरण

**बालूमाथ(आजाद सिपाही)।** बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय कृषि पशुपालन और सहकारिता विभाग के द्वारा बिरसा फसल विस्तार योजना के अंतर्गत बीज वितरण का कार्यक्रम झाबर के बिरहोर टोला मे किया गया। जिसमें जिप उपाध्यक्ष अनीता देवी ने बिरहोर टोला के लोगों के बीच उरद के बीज का वितरण किया। बिरहोर टोला के लोगों का कहना की ऐसा पहली बार हुआ है कि हम लोगों के बीच खुद विभाग के लोगों के द्वारा बीज का वितरण किया गया हो। इस पहल के लिए बिरहोर टोला के ग्रामीणो ने जिप उपाध्यक्ष अनीता देवी का आभार व्यक्त किया है।

### बारेसाढ़ के द्वारसेनी घाटी में बारिश का कहर

# भूस्खलन से यातायात चार घंटे रहा बाधित

आजाद सिपाही संवाददाता

**गारू।** मेदिनीनगर - महुआडांड मुख्य पथ पर बारेसाढ़ के द्वारसेनी घाटी में भारी बारिश के दौरान भूस्खलन हुआ, जिससे चार घंटे यातायात बाधित रहा। इस दौरान दर्जनों वाहन जाम में फंसे रहे। मामले की खबर पर बारेसाढ़ थाना प्रभारी प्रभात कुमार दास अपने दल बल के साथ मौके पर पहुंचकर जेसीबी के मदद से मलबा और भारी पेड़ों को हटवाया। भूस्खलन में किसी भी प्रकार के जान माल का नुकसान नहीं हुआ है। भूस्खलन की खबर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी अभय कुमार, अंचलाधिकारी मौके पर पहुंच कर घटनास्थल का जायजा लिया। बारिश के मौसम में यात्रियों को सतर्कता के साथ यात्रा करने की सलाह दी गयी है।



### लोहरदगा में 28 जुलाई को निकलेगी विशाल कांवर यात्रा

# भव्य झांकी और जागरण का होगा आयोजन




आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** श्रावण मास के पावन अवसर पर इस वर्ष भी लोहरदगा के बरवा टोली स्थित मनोकामना सिद्ध दुर्गा मंदिर से विशाल कांवर यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। कांवर यात्रा का आयोजन सोमवार, 28 जुलाई 2025 को किया जायेगा, जिसकी शुरुआत प्रातः 8:00 बजे होगी। यह कांवर यात्रा गुमला जिले के घाघरा स्थित देवाकी बाबा धाम मंदिर तक जायेगी। जिसमें शिव भक्तों की टोली 24 जुलाई को सुल्तानगंज से गंगाजल लाने के लिए रवाना होगी। आयोजन के दौरान भव्य शिव-पार्वती झांकी और भक्ति जागरण का भी आयोजन किया जायेगा। यात्रा की व्यवस्था कांवरिया संघ, बरवा टोली, लोहरदगा द्वारा की जा रही है। कार्यक्रम के उद्घाटनकर्ता उपायुक्त डॉ ताराचंद, पुलिस अधीक्षक लोहरदगा सादिक अनवर रिजवी और पुलिस अधीक्षक गुमला हारीस बिन जमां होंगे। वही कार्यक्रम में मुख्य अतिथि गौरव आर.पी. अग्रवाल तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में राजीव रंजन, अजातशत्रु, सुरज सिंह, विवेक अग्रवाल, डॉ. राजीव रंजन, अभय अग्रवाल, साई मनीष अग्रवाल, आनंद पांडेय, विजय प्रजापति सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम के प्रेरक आजीवन संरक्षक व जय श्री राम समिति के अध्यक्ष सुनील अग्रवाल हैं। इस अवसर पर लोहरदगा के सैकड़ों श्रद्धालु कांवर यात्रा में भाग लेंगे और बोल बम के जयकारों से शिवभक्ति में डूबे नजर आयेंगे। कांवर यात्रा की तैयारियां अंतिम चरण में हैं और मंदिर परिसर में गंगाजल की व्यवस्था की गयीहै। लोहरदगा एक बार फिर इस सावन माह में बोल बम का नारा है, बाबा तू ही सहारा है, के उद्घोष से गुंजायमान होने वाली है। भक्ति, आराधना और शिव भजन से सराबोर इस आयोजन में श्रद्धालुओं ने बड़ी संख्या में भाग लेंगे। महाआरती और भजन संध्या आयोजन को अद्वितीय धार्मिक स्वरूप प्रदान करेगा।

### कार्यक्रम की सफलता को लेकर बनी कमेटी

कार्यक्रम की सफलता को लेकर कमेटी का गठन किया गया है। जिसमे अध्यक्ष गौरव अग्रवाल (लड्डू), कोषाध्यक्ष शुभम अग्रवाल, सचिव रोहन साहू हैं। वही उपाध्यक्ष विक्रम सिंह, दीपक साहू, नवीन ठाकुर, आशिष साहू, रंजीत महली, भोला साहू, संगठन मंत्री अभिषेक सिन्हा, संयोजक मंडल में लखन प्रसाद साहु, बन्दु जायसवाल, अनिल अग्रवाल, संतोष महतो, राजेश महतो, महेन्द्र महतो डब्लू राय, सूरज अग्रवाल, प्रत्युष साहु, रितेश साहु, दिनेश अग्रवाल, अमर अग्रवाल, निखिल गर्ग धीरज मित्तल, चन्दन गोयल, नीरज जायसवाल, अनिश मित्तल, शैलेश अग्रवाल, दया सिंह आशीष अग्रवाल, विकाश साहु, गौतम देव, गुप्तेश्वर प्रसाद, रविन्द्र साहु, अनुप अग्रवाल नवीन सोनी, प्रमोद अग्रवाल, मनीष राजगढ़िया, महेन्द्र प्रजापति, अजय सोनी, आंनद किशोर, कुलदीप अग्रवाल अजित अग्रवाल, जिवन महतो, विनोद साहु, राजेश अग्रवाल, गोविन्द सोनी, शंकर कुशवाहा (टिंकु) आशीष अग्रवाल, अजय अग्रवाल, हिरा साहु, प्रमोद महतो, नन्दलाल महतो, निरज अग्रवाल, मीडिया प्रभारी : राहुल कौशल, अमर गोस्वामी, सुमित घोष, प्रचार मंत्री आर्यन अग्रवाल, अमन अग्रवाल, पीयूष अग्रवाल, राज अग्रवाल, कौशल मेहता, यात्रा प्रभारी : मनीष अग्रवाल, अमित यादव, नीरज साहु, सौरभ अग्रवाल, अभिषेक मित्तल, रिशभ मित्तल को दायित्व सौंपा गया है।

## लगातार हो रही बारिश से कई घरों में पानी घुसा, कई सड़कें हुई जलमग्न



**बरवाडीह (आजाद सिपाही)।** बरवाडीह प्रखंड मुख्यालय और आसपास के क्षेत्रों में बीते 36घंटा से लगातार हो रही मूसलाधार बारिश लोगों का परेशानी का सबब बना हुआ है। आम जनजीवन पूरी तरह प्रभावित कर दिया है। लगातार हो रही बारिश से बरवाडीह आदर्शनगर होकर छिपादोहर जानेवाली मुख्य सड़क के धरधरी छिलका नदी के पास नदी में पानी काफी बढ़ जाने के कारण छिलका के ऊपर से पानी बह रहा वही अगल बहल बने अप्रोच पानी से पूरी तरह भरा हुआ है जिससे आवागमन प्रभावित हुआ लोगों को दूसरे रास्ते होकर मुख्यालय आना जाना पड़ रहा है। वहीं इससे शमशान घाट पूरी तरह डूब गया है। लगातार हो रहें बारिश से जहां प्रखंड के आदर्श नगर स्थित एयरटेल टावर के समीप आहार पूरी तरह भर गया है। इसके आसपास के एक दर्जन से अधिक लोगों के घरों में पानी घुस गया वही इस क्षेत्र के लोग पानी अधिक बढ़ जाने के कारण आहार के ऊपरी हिस्सा को काट कर पानी निकाल रहे है। एयर टेल टावर के आसपास के लोगों पानी अधिक बढ़ जाने से अपने घरों में कैद होकर रह गये हैं। मूसलाधार बारिश से रेलवे क्षेत्र से आदर्शनगर मुख्य सड़क में एक फिट से अधिक पानी बह रहा है। अत्यधिक पानी से प्रखंड के कोयल, औरंगा, सकताही, धरधारी नदियां उफान पर है। मूसलाधार बारिश से सड़के और मुख्य बाजार में सन्नाटा पसरा हुआ है। अत्यधिक बारिश से सरकारी कार्यालय तो खुले लेकिन ग्रामीण क्षेत्र के लोगों की उपस्थिति नहीं देखने को मिली। लगातार हो रहे बारिश से रेलवे क्षेत्र के पुराने रेलवे क्वार्टर भी चुने लगे है जिससे रेलकर्मी भी परेशान है। इसके साथ ही कई कच्चा मकान भी बारिश से प्रभावित हुआ है। अत्यधिक बारिश किसानों के लिए भी आफत बनी हुई है। अधिकांश किसानों ने मानसून शुरू होने के साथ ही अत्यधिक बारिश से धान का बिहन भी नहीं कर पाये है। कुछ किसानों ने किसी तरह अपना धाम का बिचड़ा तैयार कर लिए हैं लेकिन लगातार हो रहे बारिश से उनके धान के बिहन भी खेतों में नष्ट हो रहे है। किसानों का कहना है कि अत्यधिक बारिश इस वर्ष सूखे का नहीं बारिश का आकाल साबित हो रहा है। कम बारिश में किसान मकई की खेती किसी तरह कर लेते है लेकिन इस वर्ष मकई की खेती पर भी किसानों की आफत बनी हुई है। जिससे किसान पूरी तरह मायूस है।

## आकाशी पंचायत में 2 महीने से पेयजल आपूर्ति बंद

**भंडरा (आजाद सिपाही)।** भंडरा प्रखंड क्षेत्र के आकाशी पंचायत का नंदनी पेयजल आपूर्ति योजना 2 महीने से बंद है। जिसके कारण आकाशी, कुम्हारिया, कुम्हारिया अंबा टोली, खारउमाटू गांव के लगभग 6 हजार आबादी पीने की पानी के लिए परेशान है बरसात के दिनों में लोगों को कुआं का दूषित पानी पीना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि पंचायत के अधिकांश चापाकल खराब पड़ा हुआ है। पेयजल आपूर्ति विभाग के द्वारा ना तो पेयजल आपूर्ति शुरू की जा रही है और ना ही खराब पड़े चापाकलों को मरम्मत की जा रही है। आकाशी पंचायत में पेय जलापूर्ति योजना से आकाशी कुम्हारिया खारुमाटू कुम्हारिया अंबा टोली गांव में नंदनी पेयजल आपूर्ति पाइप लाइन से की जाती है। स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि पेयजल आपूर्ति हेतु बिजली तार का लाइन का छ बिजली खंभा दो महीना से गिरा हुआ है। बिजली विभाग के द्वारा पाइपलाइन हेतु बिजली आपूर्ति सुचारू रूप से नहीं की जा रही है। जिसके कारण पेयजल आपूर्ति बाधित हो रही है। पेयजल आपूर्ति हेतु स्थानीय ग्रामीणों के द्वारा आवेदन प्रखंड के पदाधिकारी बीडीओ एवं सीओ को देकर पेयजल आपूर्ति चालू करने की मांग की जा चुकी है परंतु अभी तक ग्रामीणों की मांग पर कोई कार्रवाई नहीं की गयी है।

## थाना दिवस कार्यक्रम का आयोजन



**सेन्हा/लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** थाना परिसर में अंचलाधिकारी द्वारा थाना दिवस कार्यक्रम आयोजित किया गया। आयोजित थाना दिवस कार्यक्रम में अंचलाधिकारी मोदस्सर नजर मंसूरी के द्वारा सेन्हा अंचल क्षेत्र के जमीन से संबंधीत थाने में पड़े आवेदन का निपटारा किया गया। जमीन से सम्बंधित विवाद मामले में चौकनी, गढ़गांव सेमर टोली,सेन्हा,सेरेंगहातु और भड़गांव के ग्रामीणों द्वारा थाना में आवेदन देकर जमीन से सम्बंधित विवादों को सुलझाने के लिए न्याय का गुहार लगाया गया था। जिस पर अंचलाधिकारी मोदस्सर नजर मंसूरी द्वारा संज्ञान में लेते हुए बुधवार को थाना दिवस कार्यक्रम आयोजित कर दोनों पक्ष के सामने सभी विवादित मामलों का निपटारा किया गया। वही सीओ मोदस्सर नजर मंसूरी ने जानकारी देते हुए कहा कि सप्ताह में प्रत्येक बुधवार को जमीन संबंधित मामलों का निपटारा करने के लिए थाना दिवस आयोजित किया जाता है। थाना दिवस पर जमीन से संबंधित छोटे मोटे मामलों का अंचल के माध्यम से त्वरित निपटारा किया जाता है। जिसे ग्रामीणों को कोर्ट कचहरी का चक्कर लगाना न पड़े साथ ही कहा कि जिन मामलों का निपटारा अंचल के द्वारा नही हो सकता वैसे मामले को न्यायालय द्वारा निपटारा कराने हेतु अग्रसारित किया जाता है। जिसे जमीन के असली मालिक को उचित न्याय मिल सके और बरसात में खेती करने के लिये जो व्यक्ति खेत मे बीज डाला है। वहीं उस जमीन पर खेती करेगा वही तोड़ार के मामले में सीओ ने कहा की दोनों पक्ष से जमीन का कागज देखने के बाद ही उसी आधार पर निर्णय किया जायेगा अभी कृषि कार्य का समय है। खेती करने से नहीं रोका जा सकता है। मौके पर थाना प्रभारी वारिश हुसै, एसआई अविनाश राम, रविकांत प्रसाद, मनीष कुमार महतो के अलावे भीम महतो, नंदकिशोर शुक्ला, रामवृक्ष सिंह, अभय सिंह, माजिर मिया, उजिर मिया, शिवा सिंह, गन्दूर उरांव समेत अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

## कुडू सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आउटसोर्सिंग कर्मियों एक वर्ष से नहीं मिला वेतन



**कुडू/ लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** कुडू प्रखंड स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कार्यरत आउटसोर्सिंग कर्मियों की स्थिति दिनोंदिन बदतर होती जा रही है। पिछले एक वर्ष से अधिक समय से इन कर्मचारियों को मानदेय का भुगतान नहीं किया गया है, जिससे वे गंभीर आर्थिक संकट से गुजर रहे हैं। आर्थिक तंगी के कारण कई कर्मियों को अपना काम छोड़ने पर मजबूर होना पड़ा है। इनमें सफाईकर्मी, लैब असिस्टेंट, वार्ड बॉय और अन्य सहायक स्टाफ शामिल हैं, जो अस्पताल में 24 घंटे सेवाएं देते रहे हैं। अब सभी के हालात बद से बदतर होते जा रहे है। एक महिला कर्मी ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि हम महीनों से बिना वेतन काम कर रहे हैं। बच्चों की स्कूल फीस नहीं दे पा रहे, घर का किराया बकाया है और राशन भी उधार पर लेना पड़ रहा है। कर्मियों का कहना है कि कोरोना काल के दौरान भी उन्होंने अपनी जान जोखिम में डालकर आपातकालीन सेवाएं दीं, लेकिन उनका वेतन लगातार टाला जा रहा है। कई बार स्वास्थ्य विभाग और जिला प्रशासन से गुहार लगाने के बावजूद अब तक सिर्फ आश्वासन मिले हैं, ठोस कार्रवाई नहीं हुई। ऐसे में अगर जल्द ही इन कर्मचारियों के बकाया वेतन का भुगतान नहीं किया गया और भविष्य में नियमित भुगतान की व्यवस्था नहीं बनी, तो स्वास्थ्य सेवाएं बाधित हो सकती हैं। इसका सीधा असर आम जनता पर पड़ेगा, स्थानीय प्रशासन और संबंधित आउटसोर्सिंग एजेंसियों की जवाबदेही तय करना अब जरूरी हो गया है, ताकि स्वास्थ्य सेवाओं को पटरी पर रखा जा सके और कर्मियों को उनका न्यायपूर्ण हक मिल सके।

## एसयूवी से पांच सौ लीटर स्प्रिट बरामद, वाहन जब्त



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** हुसैनाबाद के दंगवार ओपी पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर बुधवार को एक बड़ी कार्रवाई करते हुए दंगवार ओपी चेकपोस्ट के समीप एक वाहन से 5 सौ लीटर अवैध स्पिरिट बरामद किया है। इस संबध में दंगवार ओपी प्रभारी सोनू गुप्ता ने बताया कि वाहन जांच के दौरान दंगवार ओपी के पुलिस कर्मियों ने एक महिंद्रा एसयूवी वाहन को रोका। जांच के दौरान वाहन से लगभग 500 लीटर अवैध स्पिरिट बरामद किया गया, जिसे बिना किसी वैध दस्तावेज के ले जाया जा रहा था। पुलिस बल ने तत्परता दिखाते हुए मौके पर ही वाहन को जब्त कर लिया। उन्होंने बताया कि संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई प्रारंभ कर दी गयी है। वहीं पुलिस अधीक्षक, पलामू ने इस कार्रवाई की सराहना करते हुए अवैध शराब और स्पिरिट के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान को और भी सख्ती से जारी रखने का निर्देश दिया है।

## हुसैनाबाद पुलिस ने 20 पेटी शराब किया जब्त



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** हुसैनाबाद पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के जपला नवीनगर मुख्य रोड में दरूआ मोड़ के समीप से पुलिस ने एक वेगनआर गाड़ी (पंजीयन संख्या बीआर 02ए-18012) से 20 पेटी टनाका देसी शराब बरामद किया है।इस संबंध में थाना प्रभारी सोनू कुमार चौधरी ने बताया कि पलामू एसपी को सूचना मिली थी कि अवैध शराब की खेप बिहार भेजी जा रही है, सूचना के आधार पर अवैध देशी शराब लदे वाहन को जब्त कर लिया गया है एवं मामले में अग्रिम विधिसम्मत कार्रवाई की जा रही है।उन्होंने बताया कि पलामू पुलिस द्वारा अवैध शराब के विरुद्ध लगातार अभियान चलाया जा रहा है और ऐसे कार्यों में संलिप्त व्यक्तियों पर सख्त कार्रवाई की जा रही है।

## एक परिवार के सभी सदस्यों का नाम एक ही बूथ पर हो : एसडीओ




**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** हुसैनाबाद प्रखंड सह अंचल कार्यालय के सभागार में एसडीओ ओमप्रकाश गुप्ता ने बीएलओ के साथ बैठक की। बैठक में आगामी मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम से पहले प्रि-रिविजन गतिविधियों को लेकर चर्चा हुई। उन्होंने कहा कि योग्य नागरिकों का नाम जोड़ने, पता और अन्य विवरणों में सुधार, फोटो अपडेट जैसे कार्य गंभीरता से किए जाएं। त्रुटिरहित, अद्यतन और समावेशी मतदाता सूची के लिए सभी की सक्रिय भागीदारी जरूरी है।यह सुनिश्चित किया जाए कि कोई भी योग्य नागरिक मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने से वंचित न रहे। बीएलओ और सुपरवाइजर को निर्देश दिया गया कि वे जनभागीदारी को प्राथमिकता दें। मतदाता सूची में सुधार के लिए घोषित कार्यक्रमों में सक्रिय सहयोग करें। बीएलओ को गरुड़ ऐप के माध्यम से नागरिकों के आवेदन ऑनलाइन समर्पित करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। उन्होंने आम नागरिकों से अपील की है कि जो 1 जनवरी 2026 को 18 वर्ष या उससे अधिक आयु के हो चुके हैं, वे प्रपत्र-6 के माध्यम से रंगीन फोटो, जन्म तिथि प्रमाण और निवास प्रमाणपत्र के साथ नाम दर्ज कराएं। आवेदन ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों माध्यम से किया जा सकता है। एसडीओ ने बीएलओ और सुपरवाइजर को सभी मतदान केंद्रों का नजरी नक्शा तैयार करने का निर्देश दिया। चुनाव आयोग के नए निदेर्शों के तहत 1200 से अधिक मतदाता वाले केंद्रों का विखंडन कर नया मतदान केंद्र बनाया जायेगा। 2 किलोमीटर की परिधि में पोलिंग बूथ के लिए रिपोर्ट देनी होगी। एक परिवार के सभी मतदाताओं का नाम एक ही बूथ पर होना चाहिए। बीएलओ को निर्देश दिया गया कि वे आम नागरिकों को जागरूक करें और हर योग्य मतदाता का नाम सूची में जुड़वाएं।मौके पर सीओ पंकज कुमार समेत कई बीएलओ व सुपरवाइजर उपस्थित थे।

## जोरदार बारिश में गिरा खपरैल मकान पीड़ित ने लगायी मदद की गुहार



**हरिहरगंज/ पलामू (आजाद सिपाही)।** पीपरा प्रखंड क्षेत्र के तेंदुई पंचायत अंतर्गत कोदवरिया गांव में दो दिनों की जोरदार बारिश ने कहर बरपाया। बुधवार को बारिश के दौरान नरेश उरांव और उनकी पत्नी गुलबिया देवी अपने घर में थे और खपरैल मकान झरझरा कर गिर गया। जिससे वे बाल बाल बच गये, नहीं तो बड़ी घटना घट सकती थी। इस घटना से पीड़ित परिवार को भारी नुकसान हुआ है। पीड़ित नरेश उरांव ने बताया कि उनके पास रहने के लिए अब कोई मकान नहीं बचा है और वे प्रशासन से मदद की आस लगाए हुए हैं। सूचना पर समाजसेवी निरंजन सिंह उर्फ उपाध्या जी ने पीड़ित के घर पहुंचकर जानकारी ली और मदद का भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा कि पीड़ित परिवार की हर संभव मदद की जाएगी। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि पीड़ित परिवार को जल्द से जल्द मदद पहुंचाई जाए और उनके रहने की व्यवस्था की जाए। उधर तेंदुई पंचायत के पूर्व उप मुखिया सुनील उरांव ने बताया कि दो दिनों से जोरदार बारिश हो रही है। गांव में कई लोगों का खपरैल मकान है और बारिश में मकान जर्जर हो गई है। वह कभी भी गिर सकता है।

## नक्सलियों के खिलाफ पुलिस ने चलाया सर्च अभियान



**हरिहरगंज/ पलामू (आजाद सिपाही)।** जिले के हरिहरगंज थाना क्षेत्र में आगामी बिहार विधानसभा चुनाव को देखते हुए बुधवार को नक्सलियों के विरुद्ध सर्च अभियान चलाया गया। हरिहरगंज पुलिस इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी चंदन कुमार के नेतृत्व में झारखंड जगुआर टीम ने कोठिला, कुलहिया और शिकारपुर के जंगलों में सघन तलाशी अभियान चलाया। इस दौरान जेजे इंस्पेक्टर और एसआइ धनंजय गोप सहित सशस्त्र बल के जवान शामिल थे। जगुआर टीम ने इस दौरान क्षेत्र में गश्त की और संदिग्ध स्थलों की तलाशी ली। थाना प्रभारी चंदन कुमार ने बताया कि नक्सलियों के विरुद्ध अभियान आगे भी जारी रहेगा। क्षेत्र में शांति और सुरक्षा बनाए रखने के लिए पुलिस और प्रशासन की टीम लगातार काम कर रही है। पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में सुरक्षा की भावना बढ़ी है।

## लोगों को घर से नहीं निकलने की अपील

**हरिहरगंज/ पलामू (आजाद सिपाही)।** हरिहरगंज नगर पंचायत प्रशासन ने आगामी दो दिनों के लिए भारी वर्षा, गर्जन और वज्रपात की संभावना को देखते हुए नागरिकों से अपील की है कि वे अनावश्यक रूप से घर से बाहर न निकलें। प्रशासन ने लोगों से नदी, तालाब, आहार, कुआं आदि के नजदीक नहीं जाने का अनुरोध किया है। इसके अलावा, पेड़ के नीचे या बिजली के खंभे के आसपास जाने से बचने की सलाह दी गयी है, खासकर बच्चों के लिए।

# श्रावणी मेला में महत्वपूर्ण स्थानों पर आग से बचाव के लिए मॉक ड्रिल

आजाद सिपाही संवाददाता



**देवघर।** राजकीय श्रावणी मेला 2025 के अवसर पर श्रद्धालु की सुरक्षा व सुविधा को देखते हुए उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी नमन प्रियेश लकड़ा के निर्देशानुसार सम्पूर्ण मेला क्षेत्र के महत्वपूर्ण स्थलों यथा-बाबा मंदिर, बाघमारा बस सटैंड, शिवलोक परिसर, बीएड कॉलेज होल्डिंग प्वाइंट, नेहरू पार्क एवं टेंट सिटी पर अग्निशमन विभाग द्वारा मॉक ड्रिल किया गया। इस दौरान आग लगने की स्थिति में त्वरित गति से आग पर काबू पाने के अलावा अग्निशमन यंत्रों के उपयोग व उसके संचालन से जुड़ी जानकारी दंडाधिकारियों, पुलिस पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों को दी गयी, ताकि आपात स्थिति में इन यंत्रों का उपयोग किया जा सके।

इसके अलावे मॉक ड्रिल के माध्यम से अग्निशमन विभाग के पदाधिकारियों द्वारा आपातकालीन स्थिती से निपटने के उपायों से जुड़ी जानकारी के साथ आग बुझाने के विभिन्न तरीकों, अग्निशमन यंत्रों के संचालन से जुड़ी व्यवहारिक जानकारी, आग में फंसे लोगों को बचाने की तकनीक और प्राथमिक उपचार के बारे में जानकारी प्रदान की गयी। साथ ही बाबा मंदिर प्रांगण में मॉकड्रिल के अलावा मंदिर के आसपास के दुकानदारों को जानकारी भी दी गई कि मार्ग में अग्निशमन वाहन को गुजरते देखकर प्राथमिकता के आधार पर उसे रास्ता देना अनिवार्य है, क्योंकि समय पर अग्निशमन वाहन के पहुंचने पर जान-माल को आग में नष्ट होने से बचाया जा सकता है।

## बिजली आपूर्ति बहाल नहीं होने से लाइनमैन के घर गये ग्रामीण, नींद से नहीं उठा कर्मी, लोगों में रोष

आजाद सिपाही संवाददाता



**हैदरनगर/ पलामू।** जिले के हैदरनगर इलाके में मंगलवार की मध्यरात से गुल हुए बिजली के बुधवार की सुबह तक आपूर्ति बहाल नहीं होने से उपभोक्ताओं ने ही भागदौड़ शुरू कर दी। बाजार क्षेत्र हैदरनगर की तकनीकी देखरेख और रखरखाव का जिम्मा विभागीय लाइनमैन रंजीत कुमार के जिम्मे है। इनके किराए के मरघटिया रोड स्थित आवास पर दर्जनों उपभोक्ता बुधवार की सुबह 6 से 7 बजे तक कई बार दरवाजा पीटते रहे। पर कर्मी की कुंभकर्णी निंद्रा नहीं टूटी और न ही दरवाजा खुला। इस कर्मी के आसपास ही ढोढा नामक स्थान पर बीती मध्यरात ही टूटने पूरे इलाके ने बिजली की बाधित आपूर्ति दूसरे दिन शाम चार बजे तक चालू नहीं हो सकी है। इससे उपभोक्ताओं में।जमकर रोष है। दीगर बात तो यह है कि अधिकांश घरों में पानी, रोशनी, मोबाइल, इनवर्टर ऑफ की स्थिति में परेशान उपभोक्ता विभागीय अधिकारी और कर्मियों को मोबाइल लगाते रहे। पर दूसरे दिन दोपहर तक सभी रहनुमाओं के मोबाइल का स्विच ऑफ मिलता रहा। हालांकि हैदरनगर सहित प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न इलाकों में बिजली तार गिरने की भी घटनाएं हुई हैं। नौडीहा, पतरिया, गोल्हना, बरेवा, बरवाडीह, मंगलवार की आधी रात तार गिरने से समूचा इलाका में बिजली आपूर्ति चालू नहीं किए जाने से निजी घरों के मोटर पंप बंद होने से पानी और रोशनी की किल्लत कायम है। उपभोक्ताओं का कहना है कि कहीं भी उपकरण में खराबी आने पर विभाग कोई सामग्री, बिजली का तेल तक दे नहीं सकती। बाधित आपूर्ति को तत्काल शुरू नहीं जरा सकती, तब इनके क्षेत्र रहने और रखने का क्या औचित्य है। उपकरण खराब होने पर तो जनसहयोग से ठीक कराया जाता रहा है, तो तनकीकी गड़बड़ी और आपूर्ति भी क्या जनता, उपभोक्ता को ही बहाल करना होगा।

## किन्नर समाज ने कांवरियों के लिए सेवा शिविर लगाया



**देवघर (आजाद सिपाही)।** श्रावणी मेले में सुरक्षा व्यवस्था के लिए लगभग 8,000 पुलिसकर्मियों और पदाधिकारियों की तैनाती की जायेगी। देवघर के एसडीपीओ ऋतिक श्रीवास्तव ने बताया कि पुलिसकर्मियों के ठहराव के लिए जगह चिह्नित कर ली गयी है और सभी पुलिसकर्मियों की किस जगह पर तैनाती होगी, इसे लेकर पुलिस पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दे दिये गये हैं। पुलिसकर्मियों को मेला क्षेत्र में विभिन्न चौकों पर तैनात किया जायेगा, जहां वे श्रद्धालुओं की सुरक्षा और यातायात व्यवस्था का प्रबंधन करेंगे।

## वरीय भाजपा नेता टिकैत चौबे का निधन, आज होगा दाह संस्कार

आजाद सिपाही संवाददाता



**विश्रामपुर/ पलामू।** वरिष्ठ भाजपा नेता सुशील कुमार चौबे उर्फ टिकैत चौबे का निधन 78 वर्ष की उम्र में बुधवार को हो गया। मिली जानकारी के अनुसार बुधवार के सुबह 7.30 बजे उनकी तबियत अचानक बिगड़ने लगा। रेहला में प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें बेहतर इलाज के लिये मेदिनीनगर के एक निजी क्लिनिक में भर्ती कराया गया,जहां इलाज के दौरान ही उनका निधन हो गया। वे अपने पीछे पांच पुत्री और दो पुत्र सहित पूरा भरा पूरा परिवार छोड़ गये हैं। टिकैत चौबे के छोटे पुत्र पूर्व प्रमुख संतोष चौबे ने बताया कि उनका दाह संस्कार गुरुवार को पैतृक गांव केतात के ही श्मशान घाट पर किया जायेगा। अंतिम दर्शन के लिये उनका पार्थिव शरीर रेहला थाना क्षेत्र अंतर्गत केतात गांव स्थित उनके पैतृक आवास पर रखा गया है। उनके निधन की सूचना मिलते ही अंतिम दर्शन के लिये लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। अंतिम दर्शन करने वालों में वरीय कांग्रेसी अमृत शुक्ला,विजय चौबे, भाजपा जिलाध्यक्ष अमित तिवारी, पूर्व जिलाध्यक्ष नरेंद्र पांडेय,सुनील पांडेय, खैर विकास मंच के अध्यक्ष ललन पाण्डेय,कुश कुमार ओझा, डॉ वीपी शुक्ला, सांसद प्रतिनिधि अनुज पांडेय,राजेश चौबे, अजय शुक्ला, ग्रासिम के जनसंपर्क अधिकारी नीतेश पांडेय, अनिल गिरी,गांधी विचार मंच के अध्यक्ष रवींद्र नाथ उपाध्याय,राजद नेता संजय उपाध्याय सहित काफी लोगों का नाम शामिल है। इधर उनके निधन पर पलामू सांसद विष्णु दयाल राम, पूर्व मंत्री रामचंद्र चंद्रवंशी, खैरा विकास मंच के अध्यक्ष ललन प्रसाद पांडेय,जिला पार्षद विजय रविदास सहित कई लोगों ने शोक व्यक्त किया है।

## डीसी ने की बैठक, आज जिले में बंद रहेंगे सभी विद्यालय



आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकार की अध्यक्ष सह उपायुक्त समीरा एस की अध्यक्षता में बुधवार को उपायुक्त कार्यालय कक्ष में जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकार की बैठक आयोजित की गयी। इस दौरान जिले में हो रही लगातार बारिश से उत्पन्न हालात पर विभिन्न पदाधिकारियों संग चर्चा किया गया।बैठक में चर्चा के उपरांत 17 जुलाई को जिले के सभी विद्यालयों को बंद रखने का निर्णय लिया गया। इसी तरह लगातार बारिश को देखते हुए सभी बीडीओ- सीओ को अपने संबंधित क्षेत्र में लगातार निगरानी एवं नदी किनारे बसने वाले गांवों के पास चिन्हित किए गये सुरक्षित स्थानों पर आवश्यकतानुसार प्रभावित परिवारों को शरणस्थली में रखते हुए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने का निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने सहायक नगर आयुक्त को शहर में जगह-जगह होने वाले जल जमाव को मोटर पंप के जरिये पानी निकासी को लेकर निर्देशित किया।इस कार्य में एक अलग से एक डेडीकेटेड टीम को लगाने की बात कही। उपायुक्त ने कहा कि अगर कहीं पेड़ गिर जाता है तो उसे हटाने की भी मुकम्मल व्यवस्था किया जाना चाहिये। उपायुक्त ने बारिश के मद्देनजर सिविल सर्जन को डेंगू-चिकनगुनिया को फैलने से रोकने को लेकर सारी व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने पर बल दिया।

## श्रावणी माह में कांवरिया अनूठे तरह से कांवर लेकर पहुंच रहे हैं बाबा के दरबार

आजाद सिपाही संवाददाता





**देवघर।** आस्था समर्पण की नगरी है और बाबा बैद्यनाथ मनोकामना लिंग है बाबा बैद्यनाथ से मांगी गई हर मनोकामना पूर्ण होती है। यही वजह है कि बाबा बैद्यनाथ को रिझाने और अनूठे तरीके से कई कांवरिया बाबा मंदिर पहुंचने हैं और बाबा पर जलार्पण करते हैं हम आपको एक ऐसे कावड़िया की कहानी सुना रहे हैं जो बेटी के लिए कमर में रस्सी बांध डोली लिए हाथ और पर से यानी बच्चों की तरह लुढ़कते हुए 108 किलोमीटर की दूरी तय किया है, यह है मुजफ्फरपुर के मिथिलेश कुमार उनके घर में बेटी की किलकारी नहीं गूंजी थी उनके चार भाई हैं और चारों भाई को पुत्र ही प्राप्त थे। उन्होंने बाबा बैजनाथ से कामना की की सभी भाइयों को बेटी हो और बाबा बैद्यनाथ ने उनकी सुनी उनके छोटे भाई को एक बेटी हुई अपने दिए गए वचन के अनुसार इन्होंने डोली में बच्ची की फोटो क्योंकि बच्ची काफी छोटी है और इन्होंने बताया कि अगर बाबा बैद्यनाथ ने उनकी मनोकामना पूर्ण की है तो अपने वचन के अनुसार यह डोली लेकर जाएंगे। इसलिए बच्ची की फोटो को लेकर ही कंधों पर रस्सी बांध उसे डोली को खींचते हुए बाबा बैद्यनाथ की ओर बढ़ जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि बाबा बैद्यनाथ हर मनोकामना पूर्ण करते हैं और आज के समय बेटी के लिए उनसे मनोकामना की थी बाबा बैद्यनाथ ने वह पूरा किया और इनके घर बेटी की किलकारी गूंजी।

## बाबा बैद्यनाथ की शरण में पहुंचे ऑस्ट्रेलिया से श्रद्धालु, किया जलार्पण



आजाद सिपाही संवाददाता

**देवघर।** आस्था की नगरी देवघर में सावन की पावन बेला पर भक्तों की भीड़ दिन-ब-दिन बढ़ती जा रही है। देश ही नहीं, ऑस्ट्रेलिया से भी श्रद्धालु बाबा बैद्यनाथ की नगरी में पहुंचे, जिनके चेहरों पर योग, भक्ति और भारतीय संस्कृति के प्रति गहरी आस्था झलक रही थी। ऋषिकेश निवासी और सत्यम वैदिक योग स्कूल के संचालक योगाचार्य सोमदत्त अमोली के मार्गदर्शन में ऑस्ट्रेलिया के पर्थ शहर से आए स्टेफनी ऑगस्टीन, डेनियल ऑगस्टीन, एलिसा डालजैक और मार्कस ऑगस्टीन ने बाबा बैद्यनाथ मंदिर में जल अर्पित किया।ये सभी ऑस्ट्रेलियाई श्रद्धालु वर्षों से योगाचार्य सोमदत्त से योग और भारतीय आध्यात्मिक परंपरा की शिक्षा ले रहे हैं। अब सावन के पवित्र माह में इन अंतरराष्ट्रीय भक्तों ने भारत आकर द्वादश ज्योतिलिंगों के दर्शन का संकल्प लिया है। इससे पूर्व ये भीमाशंकर महादेव और त्र्यंबकेश्वर महादेव के दर्शन कर चुके हैं, और आज बाबा बैद्यनाथ के दरबार में समर्पण भाव से नतमस्तक हुए। स्टेफनी ऑगस्टीन ने बताया, भारत की आध्यात्मिक संस्कृति ने हमारे जीवन को भीतर तक छुआ है। बाबा बैद्यनाथ धाम में आकर जो ऊर्जा महसूस हो रही है, वह शब्दों में व्यक्त नहीं की जा सकती।योगाचार्य सोमदत्त अमोली ने बताया कि भारतीय योग और सनातन परंपरा का विस्तार सीमाओं में नहीं बंधा है। इन विदेशी शिष्यों में शिव भक्ति और साधना के प्रति जो जिज्ञासा है, वह वास्तव में प्रेरणादायक है। देवघर में विदेशी भक्तों की उपस्थिति ने न केवल श्रद्धा का वैश्विक रूप दिखाया, बल्कि यह भी साबित किया कि बाबा बैद्यनाथ की महिमा सात समंदर पार भी गूंज रही है।

## केंद्रीय विद्यालय के संचालन को लेकर उपायुक्त ने अधिकारियों को दिया आवश्यक निर्देश



**देवघर (आजाद सिपाही)।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी नमन प्रियेश लकड़ा द्वारा बुधवारको एम्स परिसर के सभागार में बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान उपायुक्त ने एम्स प्रबंधन को जिला प्रशासन द्वारा मुहैया करायी जाने वाली विभिन्न व्यस्थाओं की समीक्षा बैठक करते हुए विद्युत आपूर्ति, जलापूर्ति, अग्निशमन व्यवस्था, एम्स परिसर हेतु यातायात की सुविधा, एम्स के हस्तांतिरत जमीन की घेराबंदी, सुरक्षा व्यवस्था के साथ विभिन्न बिंदुओ पर विस्तृत चर्चा करते हुए संबंधित विभाग के अधिकारियों को आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिया। इसके अलावे निरीक्षण कर उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा ने एम्स के नजदीक क्षेत्र में केन्द्रीय विद्यालय के अस्थाई संचालन हेतु हेतु देवीपुर प्रखण्ड अन्तर्गत रामूडीह गांव के कल्याण छात्रावास के जीर्णोद्धार को लेकर संबंधित अधिकारी को आवश्यक व उचित दिशा-निर्देश दिया। साथ ही केन्द्रीय विद्यालय हेतु के नए भवन हेतु स्थल चिन्हित करने का निर्देश संबंधित अंचलाधिकारी को दिया। इस दौरान उपरोक्त के अलावे उप विकास आयुक्त पीयूष सिन्हा, एम्स उप निदेशक, अपर समाहर्ता हीरा कुमार, प्रभारी पदाधिकारी गोपनीय शाखा नरेश रजक, जिला शिक्षा पदाधिकारी बिनोद कुमार, कार्यपालक अभियंता भवन प्रमंडल, अंचलाधिकारी देवीपुर, सहायत जनसंपर्क पदाधिकारी रोहित कुमार विद्यार्थी, डीएमएफटी टीमलीड एवं संबंधित विभाग और एम्स के अधिकारी आदि उपस्थित थे।

## लगातार हो रही बारिश से रेहला के दो मुहल्लों में जल जमाव से परेशानी



**विश्रामपुर/ पलामू (आजाद सिपाही)।** लगातार हो रही भारी बारिश से बिश्रामपुर अंचल व शहरी क्षेत्र में जन जीवन अस्त - व्यस्त हो गया है। लोग घरों में कैद सा हो गये हैं। बिजली आपूर्ति भी पिछ्ले 16 घंटे से बाधित है। क्षेत्र की हर छोटी - बड़ी नदी उफान पर है .आहार,पोखर व तालाब भी लबा लब भर चुका है। ग्रामीण क्षेत्रों से कई कच्चे मकान ध्वस्त होने की सूचना है। इसके अलावा कई पेड़ पौधा भी गिर गया है।बीमोड़ - ऊटारी मुख्य पथ पर लरहंगा गांव के पास एक विशाल वृक्ष गिर जाने से दो घंटे तक यातायात भी प्रभावित रहा। बिश्रामपुर नगर परिषद के मुख्य कस्बा रेहला का विशुनपुर टोला में जलजमाव से लोगों को परेशानी हुयी। यहां बरसात का पानी लोगों के घरों में घुस गया। इसके अलावा पुराने पंचायत भवन के पीछे बसी न्यू कॉलोनी में भी जल जमाव लोगों के परेशानी का सबब बना। यहां तो पहुंच पथ के ऊपर बह रहा तीन फिट ऊपर पानी बह रहा है,जिससे लोग घरों में कैद सा हो गये थे। सूचना मिलते ही बिश्रामपुर सीओ राकेश तिवारी व नप के नगर प्रबंधक प्रभात कुमार प्रभावित मुहल्लों में पहुंचकर स्थलीय स्थित का जायजा लिया। नगर परिषद द्वारा दोनों मुहल्ले में जेसीबी मशीन लगवाकर पानी का निकासी बनाया गया,जिसके बाद जल जमाव खत्म हुआ। सीओ श्री तिवारी ने लोगों को नदी नालों से दूर रहने का अपील किया है।

## पांकी मे खुला हशन आयुर्वेद सेंटर

**पांकी / पलामू (आजाद सिपाही)।** पांकी के चौरहा रोड रानी मुहल्ला मे हशन शौपी का उद्घाटन काम्या हेल्प लाइन सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड के डाइरेक्टर डॉ रजनीश प्रकाश और कम्पनी के प्रमोटर शाहीद प्रवेज ने फीता काटकर उद्घाटन किया। डाइरेक्टर रजनीश प्रकाश को अमलेश ठाकुर, गिरेन्द्र शर्मा, अजय कुमार सिंह, और अब्बुलेश ने फूल माला और बुक्के देकर जोरदार तरीके से स्वागत किया। इस अवसर पर डॉ रजनीश प्रकाश ने कहा की काम्या हेल्पलाइन सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड कम्पनी 15 सालों से मल्टी लेवल मार्केटिंग के दुनिया मे परचम लहरा रही है। कम्पनी के अपना प्रोडक्ट 200 से ज्यादा हैं जिसमे एफमसीजी, पर्स्नल केयर, होम केयर,ब्यूटी केयर, फूड सप्लीमेंट सहित इत्यादि उपलब्ध हैं साथ ही रोजगार का एक अवसर मिलता है। जिसमे सैकड़ो लोग काम्या कम्पनी से जुड़कर अच्छी, खासी आमदनी कर रहे है। शॉपी संचालक अब्बुलेश ने कहा की हमारे कंपनी के तरफ से शौपी मे प्रशिक्षित डॉ के द्वारा महीने मे तीन दिन निशुल्क कैम्प लगाया जायेगा। मौके पर त्रिवेणी सिंह, मो तैयब, सागर सिंह, इस्लाम अंसारी, विजय सिंह, मो अलीम, सहित आदि उपस्थित थे।

## दूषित पानी की सप्लाई से लोगों में नाराजगी



**गुमला (आजाद सिपाही)।** शहरी क्षेत्र के अल्पसंख्यक इलाके में बुधवार को दूषित पानी की सप्लाई पर स्थानीय लोगों ने नाराजगी प्रकट की है। मिन्हाज खान ने कहा कि नप और पीएचइडी को इसपर अविलंब सुधार करना चाहिए। चूंकि दूषित पानी के सेवन से लोग बीमार पड़ जायेंगे। रमेश कुमार ने कहा कि आए दिन इस प्रकार की शिकायत विभिन्न इलाकों से प्राप्त हो रही है। जिसमें दूषित और बदबूदार पानी की आपूर्ति से लोग परेशान है और विभाग को कोस रहे है। साथ ही मांग कर रहे है कि इसमें सुधार किया जाये। बावजूद इस प्रकार की शिकायत लगातार आ रही है। उन्होंने कहा कि विभाग अपने मैन पावर के माध्यम से खामियों को खोजे और इसे मरम्मति करायें ताकि शहरवासियों को शुद्ध जल मिल सके।

## घाघरा और देवाकी से 25 कांवरियां देवघर गये



**घाघरा (आजाद सिपाही)।** कांवरियां संघ देवाकी बाबा धाम के बैनर तले घाघरा और देवाकी से लगभग 25 कांवरियो का जत्था देवघर बैद्यनाथ धाम के लिए बुधवार को रवाना हुआ। जत्था सर्वप्रथम देवाकी बाबा धाम मंदिर में भगवान भोलेनाथ माता पार्वती की पूजा अर्चना कर रवाना हुए। कांवरिया रामसेवक साहू ने बताया कि सभी कांवरिया पहले सुल्तानगंज जाएंगे जहां से गंगा स्नान के बाद जल उठाकर पैदल देवघर बैद्यनाथ बाबा नगरी जाएंगे। जहां से पूजा के बाद बासुकी नाथ दर्शन के उपरांत वापस घर रवाना होंगे। इस मौके पर मुख्य रूप से रामसेवक साहू, मुकेश कुमार नाग, संतोष साहू, अजीत साहू, सुंदर साहू, रंजीत ठाकुर, शंकर साहू व रीका कुमार सहित कई लोग मौजूद थे।

## टीबी मुक्त भारत अभियान के लिए कार्यशाला आयोजित



**घाघरा (आजाद सिपाही)।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घाघरा में टीवी मुक्त भारत अभियान हेतु एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ अरविंद कुशल एक्का ने की। कार्यशाला में सभी के सीएचओ, एएनएम, स्वास्थ्य सहिया, बिटिटी शामिल हुई। जहां जिला के मास्टर ट्रेनर एसटीएलएस राजेश उरांव द्वारा ट्रेनिंग दी गयी। साथ ही बताया को कार्यक्रम में सहिया द्वारा घर घर सर्वे करना है ताकि एक भी टीबी मरीज न छुटे। सीएचओ को प्रत्येक दिन इस कार्यक्रम की रिपोर्टिंग करनी है। चिकित्सा प्रभारी डॉक्टर अरविंद कुशल एकता ने कहा उक्त कार्यक्रम विगत 1 जुलाई से शुरू हुई है जो आगामी 31दिसंबर तक चलेगी। आप सभी स्वास्थ्य सहिया वह अन्य कर्मी ईमानदारी पूर्वक घर-घर सर्वे कर टीवी मरीजों की पहचान करें। और उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घाघरा लाये। ताकि उनका इलाज और दवा मिल सके। सभी के सहयोग से ही टीवी मुक्त भारत का सपना पूरा किया जा सकता है। उक्त कार्यक्रम में चिकित्सा पदाधिकारी डॉ सुनील कुमार, वरीय चिकित्सा पर्यवेक्षक अमित कुमार प्रसाद, बीपीएम ज्ञान रंजनविनय कुमार, बिटीटी सीमा देवी, बबीता देवी, अभय भारती, धर्मेंद्र कुमार सिंह, अनुज कुमार सिंह एवं अन्य स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित थे।

## 80 परिवारों के बीच मूंगफली बीज का वितरण




**घाघरा (आजाद सिपाही)।** बिरसा फसल विस्तार योजना अंतर्गत घागरा ब्लॉक परिसर में 80 पीवीटीजी परिवार के बीच मूंगफली बीज का वितरण प्रखंड प्रमुख सविता देवी ने किया। इस अवसर पर कृषि विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे। योजना का उद्देश्य पीवीटीजी समुदाय के किसानों को उन्नत किस्म के बीच उपलब्ध कराकर उनकी आजीविका में सुधार लाना एवं उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है। मौके पर प्रखंड प्रमुख सविता देवी ने कहा कि बिरसा फसल विस्तार योजना राज्य सरकार के एक महत्वपूर्ण पहल है। जिसका उद्देश्य वंचित समुदाय को किसी के माध्यम से मुख्य धारा से जोड़ना है। मूंगफली की खेती से किसानों के आय में वृद्धि होगी और पोषण स्तर में सुधार आयेगा। वितरण के दौरान किसानों को बीज के साथ उन्नत खेती पद्धतियों की जानकारी भी बीटीएम नीरज कुमार द्वारा दी गयी। ताकि वह अधिक उत्पादन कर सके। कार्यक्रम में किसानों ने योजना के प्रति अपनी खुशी जाहिर की और राज्य सरकार को आभार व्यक्त किया। मौके पर बीटीएम नीरज कुमार, एटीएम पूनम बेदिया सहित कई पीवीटीजी परिवार के लोग उपस्थित थे।

# छोटा अंबवा की चार किलोमीटर सड़क बदहाल, ग्रामीणों में आक्रोश, रोपा धान

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** जिला मुख्यालय से करीब 12 किमी दूर छोटा अंबवा गांव आजादी के बाद से आज तक विकास की बाट जोह रहा है। इस गांव में मुख्य सड़क से महज चार किमी पक्का पहुँच पथ नही है। गांव में निवास करने वाले 700 घरों की आबादी को चार किमी की दूरी उबड़ खाबड़ सड़क से होकर तय कर मुख्य सड़क तंक आना पड़ता है। इतना ही नहीं सबसे ज्यादा परेशानी गर्भवती महिलाओं और बीमार मरीजों को उठानी पड़ती है। गर्भवती महिलाओं व बीमार मरीजों को मुख्य सड़क तंक लाने में लोगों को काफी जद्दोजहद करना पड़ता है। इस दौरान महज दस मिनट की दूरी तय करने में आधा घंटा से भी अधिक लग जाता है। जिसके कारण ग्रामीणों में सरकार, जिला प्रशासन व स्थानीय जनप्रतिनिधियों के प्रति भारी रोष है। यहां के ग्रामीण विशुनपुर विधानसभा क्षेत्र के वर्तमान विधायक चमरा लिंडा को पिछले चार बार वोट देकर विधायक बनाते आ रहे हैं। लेकिन विधायक ने भी सुध लेना मुनासिब नहीं समझा। और न ही सड़क बनाने की दिशा में कोई पहल की।अब वे मंत्री भी है। जिसके कारण ग्रामीण अब रोड नहीं तो वोट नहीं का नारा अभी से बुलंद कर रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि अब जब तक मुख्य मार्ग से छोटा अंबवा तंक करीब चार किमी सड़क का निर्माण नहीं किया जाता है तब तक इस क्षेत्र के मतदाता वोट का बहिष्कार करेंगे। बुधवार की अपराह्न 3 बजे वर्तमान अंबवा अंजुमन के सचिव यासीन अंसारी, अफरोज अंसारी, सलमान अंसारी,समाजसेवी मो मनसूब अंसारी, फारूक अंसारी, कलाम अंसारी, सुलेमान अंसारी, रब्बानी अंसारी आदि ने कहा कि उनके गांव में 700 घरों की आबादी है। इस गांव में विभिन्न समुदाय के लोग रहते हैं। आजादी के बाद से गांव के लोग पक्की अथवा कालीकरण सड़क की मांग को लेकर मुखर रहे हैं। लोगों ने कहा कि सड़क बनाने की मांग वे लोग विधायक, तत्कालीन ग्रामीण विकास मंत्री इरफान अंसारी और सीएम तंक से कर चुके है। मगर किसी के कान में जू तंक नहीं रेंगा। इसके बाद सांसद व जिला प्रशासन से भी सड़क बनाने की मांग की। पूर्व डीसी ने पहल भी किया। सड़क बनाने हेतु मापी की गई। इसके बाद मामला ठंडे बस्ते में पड़ गया। लोगों ने कहा कि उनका क्षेत्र विशुनपुर विधानसभा क्षेत्र में पड़ता है और चुनाव के समय वर्तमान विधायक चमरा लिंडा को वोट देते आ रहे हैं। विधायक सड़क तो दूर आज तंक गांव में झांकने नही पहुंचे हैं।

## लावागाई टोल टैक्स मामले में गुमला चैंबर ने सकारात्मक पहल की मांग की



आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** गुमला रांची फोरलेन स्थित लगावाई सिसई के पास बने टोल टैक्स का उद्घाटन हो चुका है। आने जाने वाले वाहनों से उगाही भी की जा रही है। मामला तब गरमाया जब आनन फानन में टोल टैक्स का उद्घाटन कर लिया गया। वहीं स्थानीय लोगों से भी टोल टैक्स लिया जाने लगा। लोगों ने बताया नगड़ी के पास भी टोल टैक्स लिया जा रहा है लेकिन दोनों स्थान के टोल टैक्स की राशि में काफी अंतर है। जिसको लेकर भी राजनीति गरमा गयी है। मामले को लेकर सिसई में प्रशासन जनप्रतिनिधियों और एनएच के अधिकारियों के साथ लोगों की बैठक हुई थी लेकिन फिर भी टोल टैक्स की मनमानी कायम है। जिसको लेकर बुधवार को चैंबर ऑफ कॉमर्स ने बस स्टैंड स्थित कार्यालय में प्रेस वार्ता कर कहा कि गुमला व सिसई के लोगों को टोल टैक्स निशुल्क किया जाए। साथ ही कर्मियों का व्यवहार सही नहीं है। व्यवहार में सुधार लाने की बात कही गई। चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष राजेश सिंह ने कहा टोल टैक्स मामले को लेकर सकारात्मक पहल नहीं की गयी तो आने वाले समय में आंदोलन किया जायेगा।

## जेसीबी बेचने और लड़की को भगाने के आरोप में दो गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** गुमला थाना की पुलिस ने चोरी की जेसीबी बेचने व लड़की भगाने के दो अलग-अलग आरोपी को बिलासपुर से गिरफ्तार कर मंगलवार की अपराह्न 4 बजे जेल भेज दिया है। छत्तीसगढ़ राज्य के बिलासपुर जिला अंतर्गत सिरी गट्टी थाना क्षेत्र के कीर्ति नगर निवासी 37 वर्षीय सुनील कुमार तिवारी पिता राजेंद्र तिवारी ने वर्ष 2020 में फर्जी तरीके से मुरकुंडा के एक व्यक्ति को जेसीबी वाहन बेच दिया था। पुरानी जेसीबी को पेंट कर नया बनाया गया था साथ ही उसका रजिस्ट्रेशन और पेपर फर्जी था। मामले को लेकर मुरकुंडा निवासी व्यक्ति ने गुमला थाना में शिकायत दर्ज कराई थी। इस कार्य में दो लोग शामिल थे एक व्यक्ति को पहले ही पुलिस ने जेल भेज दिया था जो अभी जमानत पर बाहर है।

वही डीएसपी रोड निवासी एक युवक को लड़की भागने के आरोप में बिलासपुर से गिरफ्तार किया गया। इसी माह 7 जुलाई को लड़की के परिजन अपहरण का आरोप लगाते हुए गुमला थाना में शिकायत दर्ज कराए थे। इसके बाद पुलिस ने बिलासपुर से दोनों कांड के आरोपी को गिरफ्तार किया।

## सिसई में भारी बारिश से मजदूर का घर गिरा



**सिसई (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र में इन दिनों भारी बारिश के कारण एक के बाद एक घर गिरने का शिलशिला निरंतर जारी है। हाल ही में रविवार को सिसई बस्ती निवासी मजदूर सुलेमान अंसारी का घर गिर गया था और अब लगातार हो रही भारी बारिश के कारण सिसई पुराना ब्लॉक के पीछे भदौली में रहने वाले 37 वर्षीय मजदूर (मोटिया) राजू उरांव पिता स्व जितवाहन उरांव का मिट्टी का घर बुधवार को पूर्वाह्न लगभग 11 बजे गिर गया। जिससे घर में रखे अनाज और खाने पीने की सामग्री सहित अलमारी, पलंग, कुर्सी टेबल, बर्तन और घरेलू उपयोग की वस्तुएं क्षतिग्रस्त हो गयी है। राजू उरांव ने बताया कि जब घर गिरा उस वक्त वे लोग घर के अंदर ही थे। घर गिरने की आवाज सुनकर सभी लोग दौड़कर घर से बाहर निकल गये जिससे एक बड़ी दुर्घटना होते होते बच गयी। घर गिरने से किसी जान माल की क्षति नहीं हुई है। केवल घरेलू सामान की क्षति हुई है। राजू उरांव ने बताया कि परिवार के कुल आठ लोग संयुक्त रूप से एक ही घर में रहते हैं और मेहनत मजदूरी कर अपना गुजारा करते हैं। घर के गिर जाने से सभी लोगों पर रहने की आफत आ गयी है। राजू ने कहा कि अभीतक उन्हें आवास योजना का कोई लाभ नहीं मिला है। पीड़ित परिवार ने प्रखंड प्रशासन से आवास के लिए मदद करने की गुहार लगायी है।

## टीबी मरीजों को खोजकर विधिवत इलाज करना ही लक्ष्य : डॉ जाहिद अंसारी



**भरनो (आजाद सिपाही)।** सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भरनो में टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत कार्यक्रम को आगे बढ़ाने हेतु भरनो प्रखंड के चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर जाहिद अंसारी, कार्यक्रम पदाधिकारी रविन्द्र कुमार, वरीय चिकित्सा पर्यवेक्षक युगल किशोर तथा भरनो के सभी स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं सीएचओ/ एएनएम अस्पताल परिसर में टीवी मुक्त भारत अभियान का हर झंडी दिखाकर शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर टीवी मुक्त भारत अभियान को गहनता पूर्वक टीबी मुक्त भारत अभियान को सफल बनाने के लिए स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं के साथ-साथ आम नागरिकों का भी सहयोग बहुत जरूरी है। टीवी दवाई चल रहे मरीजों को उनके जल्दी स्वस्थ होने के लिए निश्चय मित्र बनने की भी आवश्यकता है निश्चय मित्र बनने के लिए एक दो या तीन व्यक्ति मिलकर भी निश्चय मित्र बनकर सहयोग कर सकते हैं। चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर जाहिद अंसारी ने कहा कि कार्यक्रम के तहत जमीन में स्तर पर एक-एक टीवी रोगियों को खोज कर निकालना है और उनको विधिवत उपचार में लाना है। समूह के लोगों को अधिक से अधिक संख्या में चिन्हित कर एक्स-रे एवं ट्रू नेट जांच करने की आवश्यकता है।

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, हजारीबाग**

**शुद्धिपत्र /सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि अल्पकालीन ई–प्रोक्योरमेंट निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–BCD/EE/HAZARIBAG /14/ 2025-26,PR संख्या– 351641 (Building)25-26-D द्वारा प्रकाशित निविदा के ग्रुप सं0–02 एवं 11 ,कार्य का नाम– Renovation of Navsrijit Primary School Mahtoeya , Block-Bishnugrah, District-Hazaribag एवं Construction of Boundary Wall of Upgraded Middle School Barahmoriya , Block-Bishnugrah, District-Hazaribag को अपरिहार्य कारणवश रद्द की जाती है।

कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमण्डल, हजारीबाग

PR 357486 (Building)25-26*D

## एसडीओ ने छारदा पंचायत का किया भ्रमण आंगनबाड़ी केंद्र में किचन की स्वच्छता की जांच की

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित के निर्देश पर अनुमंडल पदाधिकारी (सदर) राजीव नीरज द्वारा सिसई प्रखंड अंतर्गत छारदा पंचायत का क्षेत्रीय भ्रमण एवं निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने आंगनवाड़ी केंद्र, विद्यालय, सार्वजनिक वितरण प्रणाली की दुकान, आयुष्मान आरोग्य मंदिर, अबुआ आवास योजना एवं पंचायत भवन का जायजा लिया।

अनुमंडल पदाधिकारी ने आंगनवाड़ी केंद्र में बच्चों को उपलब्ध करायी जा रही पोषण व्यवस्था, उपस्थिति पंजी एवं किचन की स्वच्छता की जांच की। साथ ही विद्यालय में शिक्षकों की उपस्थिति, शिक्षण व्यवस्था एवं मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता की समीक्षा की गयी। पीडीएस दुकान का निरीक्षण करते हुए एसडीओ ने राशन वितरण पंजी, स्टॉक रजिस्टर एवं लाभुकों से बातचीत कर वितरण प्रणाली की वस्तुस्थिति जानी। आयुष्मान आरोग्य मंदिर में उपस्थित चिकित्सकों एवं स्वास्थ्यकर्मियों से मुलाकात कर दवा भंडारण, मरीजों को दी जा रही सेवाओं एवं पंजी संधारण की स्थिति की भी समीक्षा की गयी। अबुआ आवास योजना के अंतर्गत निर्मित एवं निमार्णाधीन आवासों का स्थलीय निरीक्षण कर उन्होंने लाभुकों से योजना की प्रगति एवं समस्याओं के संबंध में फीडबैक लिया। पंचायत भवन में भी संचालित गतिविधियों की जांच की गई तथा ग्रामीणों से योजनाओं के लाभ के संबंध में फीडबैक प्राप्त किया गया।

## टेंपो पलटने से तीन घायल

**घाघरा।** घाघरा पुराने पेट्रोल पंप के समीप टेंपो पलटने से टेंपो में सवार तीन लोग घायल हो गये। घायलों में तोड़ांग पखरटोली सेन्हा निवासी बलदेव उरांव, दुलो उराइन और चिरोडीह पालकोट निवासी आरती कुमारी के नाम शामिल है।

**कार्यालय :- जिला मत्स्य पदाधिकारी, कोडरमा**

**ईच्छा की अभिव्यक्ति ( अति अल्पकालीन सूचना)**

वित्तीय वर्ष 2025–26 में स्वीकृत्यादेश सं0 10 दि0 04.07.2025 द्वारा जिले में केजों में पंगेशियस/गिफ्ट तिलापिया/अमृत कतला/अन्य उपयुक्त बीज के संचयन का लक्ष्य प्राप्त है। जिसके लिए उत्तम गुणवत्ता के बीज की आवश्यकता है। बीज पंचखेरो जलाशय, मरकच्चो एवं तिलैया जलाशय, चन्दवारा में अधिष्ठापित केजों तक पहुँचाना होगा।

इच्छुक आपूर्तिकर्त्ता बीज के दर के साथ अपना इच्छा की अभिव्यक्ति संबंधी आवेदन जिला मत्स्य पदाधिकारी, कोडरमा के पदनाम से किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत 20,000/– रू0 के DD के साथ दिनांक 26.07.2025 तक अधो0 के कार्यालय में जमा कर सकते हैं। Mortality होने पर पुनः बीज का आपूर्ति Mortality के एवज में करना होगा।

जिला मत्स्य पदाधिकारी,
कोडरमा

PR 357444 Fish(25-26).D

**स्पोर्ट्स**



इंग्लैंड वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) की पॉइंट्स टेबल में तीसरे स्थान पर पहुंच गयी है। वहीं भारत चौथे स्थान पर हैं। इस टेस्ट मैच में इंग्लैंड ने भारत को 22 रन से हराया था।

# स्लो ओवर रेट के कारण इंग्लैंड पर लगा जुर्माना

एजेंसी



**लंदन।** इंग्लैंड क्रिकेट टीम को भारत के खिलाफ लॉर्ड्स टेस्ट में धीमी ओवर गति के कारण दो अंक का नुकसान हुआ है। इसके साथ ही टीम को अपनी मैच फीस का 10% जुर्माना भी भरना होगा। इंग्लैंड वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) की पॉइंट्स टेबल में तीसरे स्थान पर पहुंच गयी है। वहीं भारत चौथे स्थान पर हैं। इस टेस्ट मैच में इंग्लैंड ने भारत को 22 रन से हराया था, लेकिन मैच रेफरी रिची रिचर्डसन ने पाया कि इंग्लैंड ने तय समय में दो ओवर कम डाले।

**स्टोक्स ने गलती स्वीकारी :** इंग्लैंड टीम के सभी खिलाड़ियों की मैच फीस का 10% जुर्माना लगाया गया। वहीं वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप में इंग्लैंड के 2 अंक काटे गये हैं। हालांकि कप्तान बेन स्टोक्स ने इस गलती को स्वीकार कर लिया, इसलिए औपचारिक सुनवाई की जरूरत नहीं पड़ी। आइसीसी के नियमों के अनुसार हर एक ओवर कम होने पर खिलाड़ियों की 5% मैच फीस काटी जाती है। साथ ही हर ओवर के लिए 1 डब्ल्यूटीसी अंक भी काटा जाता है।

**अब क्या स्थिति है डब्ल्यूटीसी अंक तालिका में?**

डब्ल्यूटीसी में इंग्लैंड के अंक 24 से घटकर 22 हो गये। उनका जीत प्रतिशत 66.67% से घटकर 61.11% हो गया। इससे श्रीलंका (66.67%) दूसरे नंबर पर आ गया है। ऑस्ट्रेलिया पहले नंबर पर है, जिसने अब तक सभी 3 मैच जीते हैं और उसका जीत प्रतिशत 100% है। भारत फिलहाल चौथे स्थान पर है, उसका जीत प्रतिशत 33.33% है।

**लॉर्ड्स टेस्ट 22 रन से जीता :** लॉर्ड्स टेस्ट के पांचवें दिन भारतीय टीम दूसरी पारी में सिर्फ 170 रन पर ऑलआउट हो गई। टारगेट 193 रन का था। पहले सेशन में इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स और तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर ने ऋषभ पंत, केएल राहुल और वॉशिंगटन सुंदर को जल्दी आउट कर भारत को मुश्किल में डाल दिया।

## साप्ताहिक बाजार टांड़ में चलाया गया विशेष सफाई अभियान

**गुमला (आजाद सिपाही)।** उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित के निर्देशानुसार नगर परिषद, गुमला द्वारा बुधवार को साप्ताहिक बाजार टांड़ क्षेत्र में विशेष साफ-सफाई अभियान चलाया गया। इस अभियान के अंतर्गत खउइ मशीन की सहायता से बाजार क्षेत्र में जमी गंदगी, कचरा एवं अतिक्रमित मलबों की सफाई की गयी। नगर परिषद की टीम द्वारा पूरे क्षेत्र की सफाई सुनिश्चित करते हुए आमजन से भी स्वच्छता में सहयोग की अपील की गयी। उपायुक्त द्वारा नगर परिषद को नियमित रूप से भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में सफाई व्यवस्था सुदृढ़ करने के निर्देश दिये गये हैं, ताकि आमजन को स्वच्छ और स्वास्थ्यवर्धक वातावरण मिल सके।

**कार्यालय : जिला मत्स्य पदाधिकारी, कोडरमा**

**वेदव्यास आवास निर्माण, 2025–26 हेतु आवदेन-पत्र आमंत्रण सूचना**

कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (मत्स्य प्रभाग) के राज्यादेश सं0 08 दिनांक 24.06.2025 से प्राप्त लक्ष्य के आलोक में जिले में वित्तीय वर्ष 2025–26 में वेदव्यास आवास निर्माण योजनान्तर्गत लघु शीर्ष 101 में 20 एवं लघु शीर्ष 789 में 03 कुल 23 आवास निर्माण का भौतिक लक्ष्य प्राप्त हुआ है। वेदव्यास आवास निर्माण हेतु सुयोग्य आवेदकों से आवेदन पत्र आमंत्रित किया जाता है।

वेदव्यास आवास निर्माण योजनान्तर्गत आवदेकों का चयन हेतु अर्हत्ताएँ निम्न प्रकार है।

1. सक्रिय अथवा परम्परागत मत्स्य पालक/मछुआ, जो मत्स्य उत्पादन/मत्स्य बीज उत्पादन/प्राकृतिक जल संसाधनों में मछली पकड़ने के कार्य तथा मत्स्य बिक्री में सक्रिय हों।
2. गरीबी रेखा से नीचे कच्चे मिट्टी से बने अथवा फूस के मकान में रहने वाले मछुआ/मत्स्य पालक को प्राथमिकता दी जायेगी।
3. घर हेतु जमीन उपलब्ध रहने तथा कच्चा घर वालों को भी कंडिका 1 एवं 2 के अतिरिक्त लाभान्वित किया जा सकता है।
4. प्रति आवास देय राशि मो0 191200/रू0 मात्र है।
5. एक परिवार से एक ही लाभुक को आवास देय होगा।
6. भू स्वामित्व प्रमाण–पत्र की अभिप्रमाणित छायाप्रति उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा।
7. पूर्व से किसी अन्य सरकारी योजना से आवास का लाभ न मिला हो। (प्रखण्ड विकास पदा0 के स्तर से सत्यापन कराना अनिवार्य है।)
8. बैंक खाता तथा आधार कार्ड/वोटर आई डी कार्ड की छायाप्रति।
9. दिव्यांग आवेदकों के लिए दिव्यांगता संबंधित प्रमाण पत्र की छायाप्रति।

नोट :– 1. आवेदक के पूर्व के घर का जिस पर वेदव्यास आवास निर्माण होना है का GPS फोटो (लाभुक स्वयं खड़े होकर) संलग्न करें।
2. आवेदन पत्र के सभी बिन्दुओं को पूर्ण एवं स्पष्ट रूप से भरना अनिवार्य है तथा निर्धारित स्थानों पर संबंधित पदाधिकारी का अनुशंसा आवश्यक है।
3. आवेदन प्रपत्र जिला मत्स्य कार्यालय, कोडरमा अथवा सिंगल विंडो सिस्टम में आधार कार्ड अथवा कोई अन्य पहचान पत्र दिखाकर प्राप्त किया जा सकता है।
4. आवेदन प्रपत्र के साथ वांछित सभी कागजात संलग्न करना अनिवार्य है तथा आवेदन जमा करने के उपरांत किसी भी तरह का कागजात एवं अधूरा आवेदन भी स्वीकार नहीं होगा।

कार्यालय से आवेदन प्राप्ति की तिथि :– 17.07.2025 (जिला मत्स्य कार्यालय, राजा तालाब, कोडरमा।)
कार्यालय से आवेदन जमा की अंतिम तिथि :– 01.08.2025

जिला मत्स्य पदाधिकारी
कोडरमा

PR 357434 Fish (25-26)_D

## 'सशक्त पंचायत - नेत्री अभियान' के डीपीआरसी कार्यक्रम में शामिल हुईं पेशम मुखिया रागिनी



**बिरनी/ गिरिडीह (आजाद सिपाही)।** सशक्त पंचायत-नेत्री अभियान के तहत डीपीआरसी कार्यक्रम में बिरनी प्रखंड के पेशम मुखिया रागिनी सिन्हा शामिल होकर अपने प्रखण्ड के महिला मुखिया में अहम भूमिका निभाने से पूरे प्रखंड तथा पेशम पंचायत में मुखिया का चर्चा हो रही है। इस बाबत गिरिडीह में जिला स्तरीय एक दिवसीय कार्यशाला के आयोजन में पंचायत को बेहतर तथा महिलाओं को सशक्त बनाने को लेकर पेशम मुखिया रागिनी सिन्हा ने कई संदेश दिये हैं। स्वास्थ्य, शिक्षा, पोषण, जल और स्वच्छता जैसे प्राथमिक विषयों को प्राथमिकता देकर स्थानीय शासन की गुणवत्ता और समावेशिता को बेहतर बनाने की भी बात रखा। साथ ही स्थानीय निर्णय प्रक्रिया में महिलाओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करना, जिससे समावेशी एवं सामुदायिक विकास को बल मिले। इस संदर्भ में रंथू महतों ने कहा कि जब तक महिलाएं सक्रिय भागीदारी और नेतृत्व नहीं निभाती, तब तक सच्चे मायनों में सशक्तिकरण संभव नहीं है।

## राशन वितरण को लेकर आपूर्ति विभाग से मिली भाकपा माले की टीम, मांगी रिपोर्ट



**बिरनी/ गिरिडीह (आजाद सिपाही)।** भाकपा माले बिरनी का एक टीम गुरुवार को राशन वितरण को लेकर आपूर्ती विभाग से रिपोर्ट मांगा गया। जिसमें अब तक के राशन वितरण में कई अनिमितताओं को देखा गया। इस बाबत माले प्रखंड सचिव शेखर शरण दास ने बताया कि बिरनी आपूर्ती विभाग द्वारा राशन वितरण में गड़बड़ी करना आम हो चुका है। जिसके लिए 17 जुलाई को भाकपा माले का एक टीम उपायुक्त से मिलकर बात करने का निर्णय लिया है। इस मौके पर भाकपा माले प्रखंड सचिव सह उप प्रमुख शेखर सुमन, वरिष्ठ साथी मुस्तकीम अंसारी, प्रमुख रामू बैठा, जिप प्रतिनिधि सीताराम पासवान, इजराइल अंसारी, पुर्व मुखिया रामबिलास पासवान, रामसहाय यादव, पिंटू यादव, सुरदेव तुरी, संतोष कुमार, संजय उपस्थित थे।

## मूसलाधार बारिश से ढहे मिट्टी के घर



**पीरटांड़ (आजाद सिपाही)।** प्रखंड में हो रहे हैं लगातार मूसलाधार बारिश के कारण जनजीवन अस्त व्यस्त हो चुका है, बारिश के कारण प्रखंड क्षेत्र में मिट्टी के घर ढह गये हैं। इससे ग्रामीणों को भारी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। तुयो पंचायत स्थित मंझीयायीनडीह गांव में रमजीत मांझी का घर बारिश के कारण ढह गया। रंजीत मांझी का कहना है कि घर गिर जाने के कारण भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है, अब उनके पास रहने का कोई ठिकाना नहीं है। रंजीत ने प्रशासन से रहने तथा पुनर्वास की सहायता मांगी है। वही तुयो पंचायत के मुखिया भी वहां पर मौजूद थे। उन्होंने भी कहा इनके लिए सहायता की मांग की जायेगी और उनको जल्दी सहायता दी जायेगी।

## श्रावणी मेला के लिए मेडिकल मोबाइल यूनिट रवाना



**बोकारो (आजाद सिपाही)।** श्रावणी मास में कांवरियों की सुविधा के लिए पिछले ढाई दशकों से बोकारो स्टील प्लांट की ओर से बैद्यनाथ धाम (देवघर) के समीप प्राथमिक चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जाता रहा है। इस वर्ष भी शिविर के लिए बीएसएल के निगमित सामाजिक दायित्व के तहत कार्य करने वाली मेडिकल मोबाइल यूनिट 'इस्पात संजीवनी' (चिकित्साकर्मियों और स्वयंसेवियों के दल) को बीएसएल के निदेशक प्रभारी बीरेंद्र कुमार तिवारी ने 16 जुलाई को इस्पात भवन परिसर से फ्लैग-ऑफ कर रवाना किया। इस अवसर पर अधिशासी निदेशक (मानव संसाधन) राजश्री बनर्जी, अधिशासी निदेशक (सामग्री प्रबंधन) सीआर मिश्रा, अधिशासी निदेशक (माइंस) विकास मनवती, बीजीएच के प्रभारी डॉ बीबी करुणामय, मुख्य महाप्रबंधक, अन्य वरीय अधिकारी, सीएसआर विभाग तथा अन्य विभागों के कर्मी सहित बैद्यनाथ सेवा ट्रस्ट के सदस्य उपस्थित थे। निदेशक प्रभारी बीरेंद्र कुमार तिवारी ने उपस्थित अधिकारियों से शिविर के लिए की गयी व्यवस्था, दवाओं की उपलब्धता आदि की जानकारी ली। शिविर के लिए बीजीएच की ओर से प्राथमिक चिकित्सा के लिए दवाओं, मरहम-पट्टी और अन्य व्यवस्थाओं को लेकर चिकित्साकर्मियों और स्वयंसेवियों का दल बोल-बम के जयघोष के साथ रवाना हुआ।

## शैक्षणिक यात्राएं ज्ञान की दुनिया का द्वार खोलती हैं : डॉ करुणा प्रसाद



**बोकारो (आजाद सिपाही)।** दि पेन्टिकॉस्टल असेंबली स्कूल के विज्ञान के पचास छात्र-छात्राओं ने गत मंगलवार को प्रसिद्ध इंडियन स्कूल ऑफ माइन्स (आइएसएम) धनबाद की शैक्षणिक यात्रा की। इस यात्रा का उद्देश्य छात्रों को उच्च शिक्षा, आधुनिक प्रयोगशालाओं और वैज्ञानिक शोध की व्यावहारिक जानकारी से परिचित कराना था। वहां पहुंचने पर संस्थान के अधिकारियों ने छात्रों का हार्दिक स्वागत किया। आइएसएम परिसर में छात्रों ने खनन अभियांत्रिकी, भूविज्ञान, पर्यावरण विज्ञान तथा कंप्यूटर विज्ञान विभागों का भ्रमण किया। आधुनिक प्रयोगशालाओं, शोध केंद्रों और पुस्तकालय को देखकर छात्रों में वैज्ञानिक जिज्ञासा और भी प्रबल हुई। विशेषज्ञों ने उन्हें शोध एवं उच्च शिक्षा के अवसरों के बारे में मार्गदर्शन दिया। इस दौरान प्रोफेसर सुकुमार मिश्रा डायरेक्टर आइआइटी (आइएसएम)धनबाद, प्रोफेसर आलोक कुमार दास डीन इनोवेशन, प्रोफेसर एआर दीक्षित डीन (इन्फ्रा), इनक्यूबेशन और उद्यमिता (आइआइइ) एवं रमेश प्रसाद तकनीकी अधिकारी ने संकाय सदस्यों और प्रयोगशाला समन्वयकों के साथ प्रयोगशाला और नवाचार केंद्र आदि पहलुओं में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी। प्राचार्या डॉ करुणा प्रसाद ने इस यात्रा से संबंधित अपनी भावनाएं व्यक्त की और कहा कि आइआइटी की यह शैक्षणिक यात्रा केवल एक भ्रमण नहीं, बल्कि आपके सपनों और ज्ञान की दुनिया का द्वार खोलने वाली अनुभूति है।

# पुलिस पर बिना सत्यापन के युवक को गिरफ्तार करने का आरोप, जांच की मांग

आजाद सिपाही संवाददाता




**महुदा।** महुदा थाना क्षेत्र में फर्जी आवेदन के आधार पर एक निर्दोष युवक को जेल भेजे जाने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। सीमाटांड निवासी लतीफ अंसारी को मवेशी चोरी के आरोप में गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया, लेकिन बाद में यह स्पष्ट हुआ कि शिकायत पत्र फर्जी था और कथित आवेदनकर्ता ने कोई शिकायत की ही नहीं थी। बताया जाता हैं कि मवेशी चोरी की सूचना पर महुदा पुलिस मंगलवार की सुबह कुंजी दूबे टोला पहुंचा और भीड़ से रतिफ अंसारी को छुड़वाकर थाने ले आयी। जानकारी के अनुसार, महुदा थाना को कुंजी निवासी बाबूलाल राम के नाम से एक लिखित शिकायत मिली थी, जिसमें लतीफ अंसारी पर मवेशी चोरी का आरोप लगाया गया था। पुलिस ने बिना सत्यापन के आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। बाद में जब आवेदनकर्ता के नाम पर हस्ताक्षर करने वाले व्यक्ति से परिजनों ने बात की, तो सच्चाई सामने आई कि उसने कोई शिकायत दी ही नहीं थी। पुलिस ने कुंजी निवासी बाबूलाल राम के नाम से आए आवेदन के आधार पर सीमाटांड निवासी लतीफ अंसारी को गिरफ्तार कर कांड संख्या 103/25 के तहत बुधवार को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया। लेकिन बाबूलाल राम ने साफ इंकार किया कि उन्होंने कोई शिकायत दी है या हस्ताक्षर किया है। घटना की जानकारी फैलते ही पूर्व जिप सदस्य जब्बार अंसारी, महुदा मुखिया बदरुद्दीन अंसारी, मुखिया प्रतिनिधि सह भाजपा जिला महामंत्री धनेश्वर महतो सहित दर्जनों ग्रामीण महुदा थाना पहुंचे। सभी ने थाना प्रभारी देवानंद प्रसाद से मुलाकात कर निर्दोष युवक की रिहाई और फर्जी आवेदन देने वाले युवक कालीचरण दूबे सहित इस साजिश में शामिल अन्य लोगों पर सख्त कार्रवाई की मांग की। ग्रामीणों ने पुलिस की कार्यशैली पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि बिना जांच-पड़ताल किसी को जेल भेजना गंभीर लापरवाही है। वहीं, फर्जी आवेदन देने वाले व्यक्ति से केवल पूछताछ कर उसे छोड़ दिया गया। ग्रामीणों ने कहा कि कालीचरण दूबे और उसके साथियों ने न सिर्फ फर्जी शिकायत की, बल्कि मारपीट की घटना को भी अंजाम दिया जो एक मोब्लिचिंग का मामला बनता हैं।

महुदा थाना प्रभारी देवानंद प्रसाद ने अपनी सफाई देते बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। जो भी व्यक्ति दोषी या झूठे पाये जायेंगे, उनके विरुद्ध विधिसम्मत कठोर कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने स्वीकार किया कि प्रारंभिक स्तर पर पुलिस से कुछ त्रुटियां हुई हैं, जिसके लिए उन्होंने खेद प्रकट किया है। वहीं, इस संबंध में वरीय पुलिस अधीक्षक, एसपी ग्रामीण तथा डीएसपी बाघमारा से दूरभाष के माध्यम से संपर्क करने का प्रयास किया गया, किंतु संपर्क नहीं हो सका।

## सभी जिलों में चंद्रवंशियों की भागीदारी को मजबूत किया जायेगा : आकाश रवानी

आजाद सिपाही संवाददाता



**धनबाद।** बुधवार को युवा अखिल भारतीय वर्षीय चंद्रवंशी क्षत्रिय महासभा प्रदेश स्तरीय ऑनलाइन बैठक संपन्न हुआ। प्रदेश अध्यक्ष आकाश रवानी ने कार्यक्रम की अध्यक्षता एवं संचालन महामंत्री धनंजय चंद्रवंशी ने किया। बैठक का मुख्य उद्देश्य संगठन को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाते हुए सशक्त संगठन निर्माण करना था, जिसमें आधे दर्जन से अधिक जिले के लोगों ने भाग लिया। वहीं प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि बाबा भीमराव अंबेडकर साहब ने कहा था शिक्षित बनो, संगठित रहो, संघर्ष करो, निश्चित रूप से हम लोग शिक्षा की ओर बढ़कर और इस प्रकार से संघटनात्मक दृष्टि से संगठित होकर अपने राजनीतिक आर्थिक शैक्षणिक लक्ष्य को जल्द से जल्द प्राप्त कर लेंगे। स्वर्गीय नथुनी बाबू का सपना को हम सभी भाइयों को मिलकर साकार करना है, झारखंड के सभी जिलों में अब चंद्रवंशियों की भागीदारी को मजबूत किया जायेगा। वहीं संचालनकर्ता महामंत्री ने कहा कि पूरे प्रदेश में पहली बार समाज का ऑनलाइन मीटिंग रखा गया है, इससे कम उर्जा में अधिक कार्य किया जा सकता है। इस तरह का पहल करने के लिए अध्यक्ष आकाश रवानी को बधाई, हम सभी युवा साथी सर्वसम्मति से सर्वमान्य सशक्त कमेटी बनाकर प्रदेश में समाज के लिए कार्य करेंगे।

वहीं धनबाद से उपस्थित युवा नेता विकास बजरंगी ने अपने वक्तव्य में कहा कि यह सामाजिक संगठन है, इसमें राजनीति को हावी नहीं होने देना है, हम सभी को आकाश रवानी के ऊपर भरोसा है कि वे एक साथ राज्य के सभी युवाओं को लेकर चलेंगे। इनके नेतृत्व में समाज में नया अध्याय लिखा जायेगा। मौके पर मुख्य रूप से हजारीबाग जिला से अजीत सिंह, गढ़वा जिला से मनीष चंद्रवंशी, नितिन चंद्रवंशी, धनबाद जिला से सुनील रवानी, नंदू रवानी, पिंटू रवानी, पलामू जिला से धनंजय चंद्रवंशी एवं लातेहार जिला से विनय कुमार चंदेल के साथ अन्य दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## वज्रपात से खुद को रखें सुरक्षित : डीसी

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** बारिश या मानसून में बिजली कड़कना या गिरना आम बात है। इससे बचने के लिए स्वयं की सावधानी बहुत जरुरी है। आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा लोगों को जागरूक करने के लिए प्रत्येक वर्ष प्रचार-प्रसार कराया जाता है। सामान्यता बारिश के दौरान लोगों द्वारा पेड़ के नीचे छीपने, बिजली और मोबाइल के टॉवर के नजदीक होने एवं पानी के करीब होने के कारण वे आकाशीय बिजली के चपेट में आ जाते हैं। उपायुक्त अदित्य रंजन ने अपील करते हुए कहा कि जिलावासी बारिश के समय और आसमान में आकाशीय बिजली के कड़कने के समय घरों के अंदर ही रहें। ज्यादा जरूरी हो तभी घर से बाहर निकलें। बाहर निकलते समय पूरी सावधानी बरतनी जरूरी है।

## सेल कहानी लेखन प्रतियोगिता का नतीजा घोषित

आजाद सिपाही संवाददाता




**बोकारो/ नयी दिल्ली।** स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल), भारत की सबसे बड़ी सार्वजनिक क्षेत्र की इस्पात उत्पादक और महारत्न कंपनी ने माइ जीओवी के साथ मिलकर, बुधवार को राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित सेल कहानी लेखन प्रतियोगिता 2025 के परिणाम की घोषणा की। 'सेलः खुशियों की संस्कृति का निर्माण, जहां हर मुस्कान मायने रखती है' विषय पर आयोजित इस प्रतियोगिता को पूरे देश से जबरदस्त भागीदारी मिली, जिसमें लगभग 1,000 प्रविष्टियां प्राप्त हुईं। यह प्रतियोगिता उम्मीद से कहीं ज्यादा सफल रही। इसने दिखाया कि लोग सेल की विरासत और देश की तरक्की के साथ-साथ, लोगों की ज़िंदगी में खुशियां लाने में उसके योगदान से कितना जुड़ाव महसूस करते हैं। सेल कहानी लेखन डायमंड अवार्ड हिंदी श्रेणी की विजेता का खिताब लखनऊ, उत्तर प्रदेश की कीर्ति सिंह के नाम रहा। वहीं रांची झारखंड की प्रविंता कुमारी लामा ने हिंदी श्रेणी में गोल्ड अवार्ड प्राप्त किया। सेल कहानी लेखन डायमंड अवार्ड अंग्रेजी श्रेणी का खिताब बेंगलुरु, कर्नाटक से चंचला बोरा ने अपने नाम किया। सेन कहानी लेखन प्रतियोगिता-2025 के विजेताओं को हिंदी और अंग्रेजी श्रेणियों में अलग-अलग नकद पुरस्कार और प्रमाणपत्र प्रदान किए जायेंगे।

सेल अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक अमरेंदु प्रकाश ने विजेताओं बधाई देते हुए कहा कि सेल कहानी लेखन प्रतियोगिता के सभी विजेताओं को हार्दिक बधाई। इस साल का विषय, 'सेलः खुशियों की संस्कृति का निर्माण, जहां हर मुस्कान मायने रखती है,' वास्तव में बहुत प्रभावशाली रहा। यह देखकर बेहद प्रेरणा मिलती है कि 80% विजेता, यानी 10 में से 8 विजेता महिलाएं हैं। देश भर से मिली विविध कहानियां खूबसूरती से दशार्ती हैं कि कैसे सेल स्टील देश की प्रगति का आधार है और देश के लोगों जीवन को खुशहाल बनाने में लगा हुआ है।

## डिग्री कॉलेज टुंडी में राष्ट्रीय तपेदिक उन्मूलन कार्यक्रम



आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** 16 जुलाई को डिग्री कॉलेज टुंडी में टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत राष्ट्रीय तपेदिक उन्मूलन कार्यक्रम का आयोजन एनएसएस, डिग्री कॉलेज टुंडी, जिला यक्ष्मा केंद्र एवं भारतीय रेड क्रॉस समिति धनबाद के संयुक्त तत्वावधान में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ इंद्रजीत कुमार के निर्देशन में आयोजित किया गया। इस अवसर पर कौशलेंद्र कुमार सिंह अध्यक्ष भारतीय रेड क्रॉस समिति धनबाद, मो जावेद अंसारी जिला कार्यक्रम समन्वयक यक्ष्मा विभाग धनबाद, कुमार मधुरेंद्र सिंह कार्यकारिणी सदस्य अध्यक्ष सलाहकार भारतीय रेड क्रॉस समिति धनबाद, प्रकाश कुमार लायक ओ आर डब्लू, वीर चंद्र ठाकुर यक्ष्मा विभाग ब्लॉक प्रभारी और शंकर कुमार प्रमाणिक नोडल कोऑर्डिनेटर अतिथि के रूप में उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरूआत विनोद बिहारी महतो के तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर हुई।

## जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने किया इवीएम वेयर हाउस का निरीक्षण



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त आदित्य रंजन ने बुधवार को कोहिनूर मैदान स्थित इवीएम वेयर हाउस का मासिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने ईवीएम कक्ष का सील, सुरक्षा, सीसीटीवी कैमरे, अग्निशमन यंत्र सहित पूरे परिसर का निरीक्षण किया। साथ ही रख-रखाव एवं सुरक्षा व्यवस्था को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिये। निरीक्षण के बाद जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि यह एक मासिक रूटीन निरीक्षण है। निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार प्रत्येक माह इवीएम वेयर हाउस की स्थिति का निरीक्षण करना होता है। मौके पर उप निर्वाचन पदाधिकारी कालिदास मुंडा, निर्वाचन शाखा के सागर कुमार (भजोहरि), राकेश कुमार, रजक अंसारी, सजल मंडल व अन्य कर्मी मौजूद थे।

## विशेष जांच अभियान में नौ वाहन जब्त और 50 हजार जुर्माने की वसूली

**बोकारो (आजाद सिपाही)।** बुधवार को डीसी अजय नाथ झा एवं एसपी हरविंदर सिंह के निर्देश पर चिन्मया विद्यालय, अयप्पा स्कूल एवं जीजीपीएस स्कूल, सेक्टर-5 के निकट सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों के उल्लंघन के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया गया। अभियान का नेतृत्व अनुमंडल पदाधिकारी, चास (सदर) प्रांजल ढांडा एवं पुलिस उपाधीक्षक, यातायात विद्याशंकर ने किया। इस दौरान यातायात प्रभारी पुनि नितिश कुमार तथा यातायात थाना के अन्य पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे। अभियान के क्रम में कुल 09 दोपहिया वाहनों को नाबालिग चालकों द्वारा परिचालित करते हुए पकड़ा गया। सभी वाहनों को जब्त कर यातायात थाना परिसर में सुरक्षार्थ रखा गयाऔर आगे की विभागीय कारवाई की गयी। वाहन जांच के दौरान स्कूल वैन/ टेंपो में क्षमता से अधिक बच्चों को असुरक्षित तरीके से बैठाने, बिना हेलमेट, बिना ड्राइविंग लाइसेंस, बिना बीमा तथा काले शीशे लगे वाहनों के विरुद्ध भी कार्रवाई की गयी। इस क्रम में कुल 20 वाहनों से 50,600 का जुर्माना वसूला गया। जिला प्रशासन ने आम जनता से अपील की है कि वे यातायात नियमों का पालन करें एवं बच्चों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दें।

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल,कोडरमा

रद्द पत्र

इस कार्यालय द्वारा प्रकाशित निविदा आमंत्रण सूचना सं0– 04/2025-26 जिसका पी0आर0संख्या–357161 है। अपरिहार्य कारणो से रद्द किया जाता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,कोडरमा

PR 357424 Rural Work Department(25-26).D

ई0 प्रोक्यूरमेंट सेल, कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल, सिमडेगा
Email Id :- eengbcdsimdega@gmail.com

अल्पकालिन ई-प्रोक्योरमेन्ट नोटिस (द्वितीय कॉल)

ई–टेन्डर रेफरेंस नं0– 05/2025-26/EE/BCD/BD, SIMDEGA. दिनांक– 16-07-2025

| 1. | कार्य का नाम | 2. प्राक्कलित राशि (रू0) | 3. कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|
| (i) | External Electrification Work with Cable Trench at Mandal Kara, Simdega in simdega. | 65,18,100.00 | 06 (Six) Months |
| (ii) | Proposed Construction of Vocational Training Centere Building G+1 at Mandal Kara Simdega in District Jail, Simdega. | 92,00,800.00 | 09 (Nine) Months |
| 4. | वेबसाईड पर निविदा प्रकाशन की तिथि | 01.08.2025 को 11:00 बजे | |
| 5. | बिड प्राप्ति के लिए अन्तिम तिथि/समय | 08.08.2025 को दोपहर 11:00 बजे तक | |
| 6. | निविदा प्रकाशित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल, सिमडेगा–835223 | |
| 7. | निविदा खोलने की तिथि/समय एवं स्थान | 11.08.2025 के अपराह्न 11:30 बजे तक, अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, अंचल संख्या – 2, राँची। | |
| 8. | प्रोक्योरमेन्ट पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या | 86748–35234 | |
| 9. | ई–प्रोक्योरमेन्ट सेल का हेल्पलाईन संख्या | 86748–35234 | |

10. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
11. सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई–गवर्नेंस विभाग, झारखण्ड सरकार के आदेश ज्ञापांक 120 दिनांक 03.10.2023 के द्वारा निर्गत SOP (मानक संचालन प्रक्रिया) एवं भवन निर्माण विभाग, झारखण्ड सरकार के पत्रांक 2229 दिनांक 06.10.2023 के आलोक में निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
12. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा SOP के तहत अग्रधन की राशि उसी खाते में वापस होगी। अगर खातों को बंद कर दिया जाता है तो उसकी संपूर्ण जवाबदेही निविदादाता की होगी।
13. अन्य किसी भी प्रकार के बदलाव की सूचना http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

Note :- UCAN Registration is mandatory for the Bidders.

कार्यपालक अभियंता,
भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल, सिमडेगा

PR 357431 Simdega (25-26)_D

झारखण्ड सरकार
कार्यालय : जिला मत्स्य पदाधिकारी,रामगढ़।
सूचना

एतद् द्वारा रामगढ़ जिला के जलाशयों मत्स्य कृषकों (मछुआरों) को सूचित किया जाता है कि विभागीय राज्यादेश सं0 – 10, दिनांक 04.07.2025 के द्वारा तालाब तथा जलाशय मत्स्य का विकास योजना "केज कल्चर विस्तार और सुदृढ़ीकरण" अंतर्गत रामगढ़ जिला के खदानों में लघु शीर्ष –101– अन्तर्गत 02 बैटरी एवं लघु शीर्ष –789– अन्तर्गत 04 बैटरी के अधिष्ठापन एवं इनपुट का लक्ष्य प्राप्त है। ऐसे मत्स्य कृषक जो खदानों में मत्स्य पालन के इच्छुक हो, इस योजना का लाभ लेने के लिए जिला मत्स्य कार्यालय, रामगढ़ में विहित प्रपत्र में दिनांक 31.07.2025 तक आवेदन कर सकते है। लाभुकों के चयन में विस्थापितों, जलाशय के मत्स्यजीवी सहयोग समिति के सदस्यों, तथा मत्स्यजीवी सहयोग समिति को प्राथमिकता दी जाएगी। इस योजना अंतर्गत लाभुकों को अनुदान पर सामान्य नाव एवं लाईफ जैकेट उपलब्ध कराने का भी प्रावधान है। योजना का विवरण निम्न प्रकार है :–

| केज बैटरी अधिष्ठापन 12 मी0 x 8मी0 x 5 मी0 आकार का | | | | केज में इनपूट (प्रति केज बैटरी) | | सामान्य नाव की आपूर्ति | | | लाईफ जैकैट (MMD Approved, 6.5 kg floatability तथा 80 x 37 x 10 cm साईज के 100 Neopolene foam and Airex filling ) | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| लक्ष्य | प्रति इकाई बैटरी का अनुमान्य लागत | | | | | लक्ष्य | अनुमान्य लागत | | लक्ष्य | अनुमान्य लागत | |
| | विभागीय अनुदान की राशि (रू0 में) 90% | लाभुक अंशदान की राशि (रू0 में) 10% | कुल (रू0 में) | विभागीय अनुदान की राशि (रू0 में) | लाभुक अंशदान की राशि (रू0 में) | | विभागीय अनुदान की राशि (रू0 में) | लाभुक अंशदान की राशि (रू0 में) | | विभागीय अनुदान (रू0 में)75% | लाभुक अंशदान की राशि (रू0 में)25% |
| 06 बैटरी केज | 3,22,200/– (अधिकतम) | 35,800/– | 3,58,000/– | 50% अधिकतम 2,00,000/– रू0 | शेष इनपूट सामग्री कय का व्यय भार लाभुक के द्वारा वहन किया जाएगा। | 02 | 30,000/– प्रति नाव | 3,000/– प्रति नाव | 06 | अधिकतम 1815/– रू0 प्रति लाईफ जैकैट | अधिकतम 605/– रू0 प्रति लाईफ जैकैट |

1. खदानों का चयन :– (क) जिनका क्षेत्रफल ज्यादा हों। (ख) पहुँच पथ हो तथा आबादी के नजदीक हों। (ग) मत्स्यजीवी सहयोग समिति गठित हो अथवा स्थानीय विस्थापित हों।
2. लाभुकों का चयन :– (क) लाभुकों के चयन में खदानों के विस्थापितों को प्राथमिकता दी जाएगी। (ख) यदि खदान के उपयोग हेतु मत्स्यजीवी सहयोग समिति गठित हो तो उसके सदस्य हों। (ग) खदान के आस–पास के निवासी हों। (घ) लाभुक अपना अंशदान लगाने का इच्छुक हो/सक्षम हो। (ङ) मत्स्यजीवी सहयोग समिति भी लाभुक हो सकती है।

– लाभुक के द्वारा केज का निर्माण एवं अधिष्ठापन का कार्य इस हेतु मत्स्य निदेशालय, झारखण्ड, राँची के द्वारा Empanelled फर्म/संवेदक से कराया जाएगा।
– आवेदन प्रपत्र जिला मत्स्य कार्यालय, रामगढ़ में निःशुल्क उपलब्ध है।

ह0/–
जिला मत्स्य पदाधिकारी, रामगढ़।

PR 357402 Fish(25-26)D

# आजाद सिपाही आइकॉन अवार्ड अखिलेश पांडेय को



झारखंड के अग्रणी मीडिया संस्थान आजाद सिपाही की ओर से झारखंड के प्रतिष्ठित संस्थानों और हस्तियों को सम्मानित करने के लिए शुरू किये गये 'आजाद सिपाही आइकॉन अवार्ड' प्रदान करने का सिलसिला जारी है। राजधानी के प्रतिष्ठित उद्योगपति एवं समाजसेवी अखिलेश पांडेय को यह सम्मान प्रदान किया गया। आजाद सिपाही की प्रकाशक कंपनी लैंडस्केप मीडिया (प्रा) लिमिटेड के निदेशक राकेश सिंह, महाप्रबंधक पशुपति सिंह और सहायक महाप्रबंधक नामधारी प्रसाद के अलावा मार्केटिंग हेड मुकेश सिंह और सीनियर एग्जिक्यूटिव अभिषेक कुमार ने प्रतिष्ठित उद्योगपति एवं समाजसेवी अखिलेश पांडेय को प्रमाणपत्र सौंपा।

# अकबर 'क्रूर लेकिन सहिष्णु', औरंगजेब 'कट्टर धार्मिक'

**एनसीईआरटी की किताब में मुगल काल की नयी समीक्षा**

**कक्षा 8 के सिलेबस में शामिल हुआ**




**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** अकबर का शासन 'क्रूरता और सहिष्णुता का मिश्रण था, जबकि औरंगजेब एक सैन्य शासक था जिसने गैर-इस्लामी प्रथाओं पर प्रतिबंध लगाया और गैर-मुसलमानों पर टैक्स लगाया।' मुगल काल की ये नयी समीक्षा एनसीईआरटी की कक्षा 8 की किताब में शामिल की गयी है।

एनसीईआरटी कक्षा 8 की सामाजिक विज्ञान की कतिाब में मुगल शासकों के धार्मिक फैसले, सांस्कृतिक योगदान और क्रूरता की नयी व्याख्या की गयी है। ये किताब 2025-26 एकेडमिक सेशन से ही स्कूलों में लागू होगी।

**बाबर को बताया सैन्य रणनीतिकार:** किताब में मुगल सल्तनत के पहले शासक बाबर को 'तुर्क-मंगोल शासक और सैन्य रणनीतिकार' लिखा गया है। इसके साथ बताया गया कि बाबर ने 1526 में पानीपत की लड़ाई में बारूद और तोपखाने की मदद से इब्राहिम लोदी को हराया और दिल्ली सल्तनत का अंत कर दिया। बाबर का बेटा हुमायूं साम्राज्य को बचाये रखने के लिए संघर्ष करता रहा और एक समय के लिए उसने शेर शाह सूरी से हारकर साम्राज्य खो भी दिया था।

**अकबर का शासन क्रूरता-सहिष्णुता का मिश्रण:** अकबर के शासन को किताब में क्रूरता और सहिष्णुता का मिश्रण बताया गया है। वहीं, अकबर के उत्तराधिकारी जहांगीर और शाहजहां को किताब में कला और वास्तुकला का संरक्षक कहा गया है। शाहजहां को ताजमहल के निर्माण के लिए विशेष रूप से याद किया गया, लेकिन ये भी बताया गया कि शाहजहां की बीमारी के बाद उत्तराधिकार की लड़ाई में औरंगजेब ने अपने भाई दारा शिकोह को मार दिया और अपने पिता को बंदी बना लिया।

**एनसीईआरटी ने कहा, इतिहास की जड़ों को जानना जरूरी:** किताब में बनारस, मथुरा और सोमनाथ में मंदिरों को तोड़ने और जैन, सिख, सूफी और पारसी समुदायों पर अत्याचार की घटनाओं का भी जिक्र है। इस बारे में एनसीईआरटी के एक अधिकारी ने कहा कि इतिहास की घटनाओं को मिटाया या नकारा नहीं जा सकता। सत्ता की लालसा, अत्याचार या गलत महत्वाकांक्षाओं की शुरुआत को समझना ही ऐसा भविष्य बनाने का सही तरीका है जहां ये घटनाएं दोबारा न हों।

**7वीं की किताब से मुगल इतिहास हटाया था:** बताते चलें कि इसी साल एनसीईआरटी ने कक्षा 7वीं की किताबों के सिलेबस में भी बदलाव किया है। हिस्ट्री, जियोग्राफी की टेक्स्ट बुक्स से मुगल सल्तनत और दिल्ली सल्तनत के टॉपिक्स हटा दिये गये हैं, जबकि महाकुंभ समेत गवर्नमेंट इनिशिएटिव जैसे मेक इन इंडिया और बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ को किताबों में जोड़ा गया है।









# भाजपा बांग्ला बोलने वालों को परेशान कर रही: ममता

**बंगालियों से भेदभाव का लगाया आरोप, निकाला पैदल मार्च**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बुधवार को भाजपा शासित राज्यों में बंगाली बोलने वाले लोगों के साथ हो रहे कथित उत्पीड़न के खिलाफ विरोध मार्च निकाला।



यह रैली कोलकाता के कॉलेज स्क्वायर से शुरू होकर धर्मतला के दोरीना क्रॉसिंग तक गयीं। इसमें अभिषेक बनर्जी समेत पार्टी के कई बड़े नेता शामिल हुए। करीब तीन किलोमीटर लंबे इस मार्च के लिए करीब 1,500 पुलिसकर्मी तैनात किये गये और कई सड़कों पर ट्रैफिक डायवर्ट किया गया। इस मौके पर ममता ने कहा कि बंगालियों के प्रति भाजपा के रवैये से मैं शर्मिंदा और निराश हूं। अब से मैंने तय किया है कि मैं बांग्ला में ज्यादा बोलूंगी। अगर आप मुझे डिटेंशन कैंप में रखना चाहते हैं तो रखें। मैं आपको चैलेंज करती हूं कि साबित कीजिये कि बांग्ला बोलने वाले प्रवासी लोग रोहिंग्या मुसलमान हैं। बंगाल के 22 लाख प्रवासी श्रमिक देश के अन्य हिस्सों में काम कर रहे हैं, उनके पास वैध पहचान दस्तावेज हैं। कोलकाता के अलावा पार्टी ने राज्य के सभी जिला मुख्यालयों में भी इसी मुद्दे पर विरोध प्रदर्शन किया।

# कल के हथियारों से आज की जंग नहीं जीत सकते: सीडीएस

**नयी दिल्ली। चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने बुधवार को कहा कि हम कल के हथियारों से आज की लड़ाई नहीं जीत सकते। विदेश से इम्पोर्ट की गयी टेक्नोलॉजी पर निर्भरता हमारी युद्ध तैयारियां कमजोर करती है। यह हमें कमजोर बना रही है। ऑपरेशन सिंदूर ने हमें दिखाया कि हमारे लिए स्वदेशी सी-यूएएस (काउंटर-अनमैंड एरियल सिस्टम) यानी एंटी ड्रोन सिस्टम क्यों जरूरी है। हमें अपनी सुरक्षा के लिए निवेश करना होगा। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान ने अनआर्म्ड ड्रोन का इस्तेमाल किया।**





























VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि०
राँची

Verma's® Today®
शृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 150 | Hindi | ₹ 150 |
| English | ₹ 150 | English | ₹ 150 |
| Mathematics | ₹ 150 | Mathematics | ₹ 150 |
| Science | ₹ 150 | Science | ₹ 150 |
| Social Science | ₹ 150 | Social Science | ₹ 150 |
| Sanskrit | ₹ 150 | Sanskrit | ₹ 150 |
| Hindi – B | ₹ 150 | Hindi – B | ₹ 150 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 130 | English Grammar– II | ₹ 130 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 60 | Hindi Practical | ₹ 60 |
| English Practical | ₹ 60 | English Practical | ₹ 60 |
| Maths. Practical | ₹ 70 | Maths. Practical | ₹ 70 |
| Science Practical | ₹ 70 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 75 | S. Science Practical | ₹ 75 |
| Sanskrit Practical | ₹ 60 | Sanskrit Practical | ₹ 60 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 90 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 230 |
| Science | ₹ 220 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 230 | Social Science | ₹ 230 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 100 | S. Science Practical | ₹ 90 |

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !






आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**